kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-76 ❑ गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) केवल एक तकनीकी क्रांति नहीं बल्कि एक मानव क्रांति है, जिसे अच्छे शासन और समावेशी समाज निर्माण के लिए जिम्मेदारी और दूरदृष्टि के साथ अपनाया जाना चाहिए : **उपराष्ट्रपति**


धर्मांतरण पर प्रभावी रोक के लिए राष्ट्रव्यापी कानून जरूरी : विहिप 11

युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकतः मुख्यमंत्री 12


## संक्षेप

### पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हमले के मामले में विधायक अभय सिंह समेत सभी छह आरोपी बरी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विशेष न्यायालय (एमपी/एमएलए) के न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने बुधवार को लगभग 24 वर्ष पुराने मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के सभी छह आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। धनंजय सिंह ने आरोप लगाया था कि चार अक्टूबर 2002 को वाराणसी से जौनपुर लौटते समय उन पर नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के पास अत्याधुनिक हथियारों से प्राणघातक हमला किया गया था। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे। हमलावर मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह, विनीत सिंह (एमएलसी), विनोद सिंह और सतेन्द्र सिंह को आरोपी बनाया गया था।

### किसानों को प्रमाणित और संकर बीजों पर मिलेगी सब्सिडी

**लखनऊ।** खाद्यान्न व दलहनी तिलहनी बीजों के लिए सरकार ने राज्य सरकार ने 4 अरब 50 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इसके साथ ही, राज्य सेक्टर की योजना के तहत प्रमाणित बीजों के वितरण पर किसानों को सब्सिडी प्रदान करने के लिए पूरे 200 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार से उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से संकर बीजों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने 15 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि स्वीकृत की है। इसमें बीजों के सुरक्षित भंडारण के लिए बोरियों की लागत और संबंधित व्यय के लिए 4 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, कपास एवं बिनाले के बीजों की लागत और प्रासंगिक व्यय के लिए 1 करोड़ 35 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### ईडी ने अवैध कोयला खनन एवं चोरी मामले में लगभग 160 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के पट्टा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हुए अवैध कोयला खनन और चोरी के मामले में 159.51 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने बुधवार को यह जानकारी दी है। जांच में सामने आया है कि अवैध खनन का यह पूरा खेल अनूप माजी उर्फ 'लाला' के नेतृत्व वाले एक गुट द्वारा चलाया जा रहा था। पश्चिम बंगाल की कुछ कंपनियों ने जानबूझकर अवैध रूप से निकाला गया कोयला नकद में खरीदा और इस तरह अपराध से हुई कमाई को जायज दिखाने में मदद की। जब्त की गई संपत्तियों में श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड और श्याम फ़ेरो अलॉयज लिमिटेड जैसी कंपनियों के नाम पर निवेश किए गए कॉर्पोरेट बॉन्ड और अन्य वित्तीय निवेश शामिल हैं। ये कंपनियां श्याम ग्रुप का हिस्सा हैं, जिसका संचालन संजय अग्रवाल और बृज भूषण अग्रवाल करते हैं।

## मुख्यमंत्री ने टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को किया फ्लैग ऑफ

# बाहरी हस्तक्षेप से बच प्रगति की ओर बढ़ें : सीएम योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री ने इसे एक औद्योगिक उपलब्धि से अधिक राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि 34 वर्षों की यह यात्रा ॒टाटा के ट्रस्टङ्क और उत्तर प्रदेश की बदलती कार्य संस्कृति, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर व निवेश अनुकूल माहौल का प्रमाण है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने केवल औद्योगिक उपलब्धियों की ही बात नहीं की, बल्कि कार्य संस्कृति के मूल मंत्र को भी प्रमुखता से सामने रखा। उन्होंने कहा कि किसी भी समूह या संस्थान की सफलता का आधार टीमवर्क, कृतज्ञता और ईमानदारी है। हर कार्मिक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए, क्योंकि यही भाव लंबे समय में व्यक्तिगत और संस्थागत प्रगति सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए बाहरी हस्तक्षेप से बचना बेहद आवश्यक है। उन्होंने चेताया कि ॒बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैंङ्क, इसलिए हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह संगठन को परिवार की तरह समझे, उसकी एकता और विश्वास को बनाए रखे तथा सकारात्मक कार्यसंस्कृति को आगे बढ़ाए।

**योगी बोले**

- ❑ किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को समूह या प्लांट के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं
- ❑ टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता ही सफलता की कुंजी
- ❑ मुख्यमंत्री ने कार्य संस्कृति पर दिया जोर, कहा-बिगाड़ने वाले बहुत मिलेंगे, बनाने वाले बहुत कम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए कृतज्ञता का भाव आवश्यक है। यह समझना जरूरी है कि किस समूह के कारण हम आगे बढ़ रहे हैं और जो देश के विकास में निरंतर योगदान दे रहा है। हर कार्मिक को टीमवर्क, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए, क्योंकि यही भाव दीर्घकालिक सफलता का आधार बनता है। किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को समूह या प्लांट के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने टाटा ग्रुप की कार्यसंस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समूह अपने कार्मिकों के साथ परिवार जैसा संबंध रखता है, और इसी पारिवारिक भावना को बनाए रखते हुए संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह क्षण हम सभी के लिए गर्व और प्रसन्नता का प्रतीक है, जब 34 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तय करते हुए टाटा मोटर्स ने लखनऊ प्लांट से 10 लाखवीं बस को लॉन्च किया। यह उपलब्धि केवल एक इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन मात्र नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड है जो भारत को और भारत की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर रही है। यह 'माइलस्टोन मोमेंट' नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की उस उड़ान का प्रतीक है, जो रुकने के लिए नहीं, बल्कि निरंतर ऊंचाइयों को छूते हुए विकास, विश्वास और खुशहाली को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मोमेंटम की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह केवल एक 'एम' नहीं, बल्कि 'मास' और 'वेलोसिटी' का समन्वय है। जहां द्रव्यमान होता है, वहां गति स्वतः उत्पन्न होती है और यही गति नई ऊर्जा व ताकत प्रदान करती है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में यह 'मासेस' 25 करोड़ की विशाल आबादी और 56 प्रतिशत युवा वर्कफोर्स के रूप में सामने आता है। ● शेष पेज 11 पर

# श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन के बाद नोएडा की औद्योगिक इकाइयां खुलीं

## कई जगह फ्लैग मार्च व पुलिस तैनात



**एजेंसी**

नोएडा। नोएडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में बीते एक हफ्ते से जारी श्रमिकों के उग्र धरना प्रदर्शन के बाद आज ज्यादातर औद्योगिक इकाइयां और शैक्षणिक संस्थान खुल गए हैं और श्रमिक भी काम करने के पहुंचे है। गिरफ्तारी के भय से कंपनियों में उपस्थिति कम रही।विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में चौकियां बनाकर पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी खुद जाकर जायजा ले रहे हैं। कई इलाकों में पुलिस और अर्द्धसैनिकों ने फ्लैग मार्च कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की गठित की गई उच्चस्तरीय समिति की संस्तुति पर मंगलवार को यहां के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों का 21 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी का एलान किया था। जिससे काफी श्रमिक संतुष्ट हैं, जबकि कुछ श्रमिक इस पर तैयार नहीं है। नोएडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में हिंसक प्रदर्शन से बेपटरी हुई व्यवस्थाओं को दोबारा से पटरी पर लाने के लिए शासन-प्रशासन ने सख्ती दिखाकर कमर कस ली है। बुधवार की सुबह करीब नोएडा की 11,098 औद्योगिक इकाइयां और शैक्षणिक संस्थान खुल गए। कुछ शैक्षणिक संस्थानों पर भी आज सुबह को मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिन्हें पुलिस और जिला प्रशासन के अफसरों ने समझा-बुझाकर वापस काम पर भेज दिया।पुलिस ने चेतावनी दी कि अगर कही पर किसी ने उग्र होने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसे हिरासत में ले लेगी। सुबह से ही पूरे क्षेत्र में पुलिस के अधिकारी भ्रमणशील हैं। पुलिस ने जगह-जगह फ्लैग मार्च किया और संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर अर्द्धसैनिक बलों के साथ चौकियां बनाकर पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी ● शेष पेज 11 पर

### केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के उग्र विरोध-प्रदर्शनों के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। श्रम मंत्रालय के तहत मुख्य श्रम आयुक्त ने हालात की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। अधिकारियों के अनुसार अचानक भड़की हड़तालों और हिंसक घटनाओं ने प्रशासन को भी चौंका दिया है।

## पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# असम मामले में अंतरिम जमानत पर लगा दी रोक

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा की एक शिकायत से संबंधित है।

न्यायालय का यह आदेश असम पुलिस की एक अपील पर आया है। इसमें असम पुलिस ने कहा था कि तेलंगाना उच्च न्यायालय के पास इस मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस. चांदुरकर की पीठ ने यह अंतरिम आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया कि श्री खेड़ा असम की उचित अदालत से राहत मांगने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने कहा कि अगर श्री खेड़ा असम की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो उच्चतम न्यायालय के इस आदेश का उस आवेदन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। गौरतलब है कि यह पूरा मामला गत पांच अप्रैल को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री खेड़ा के लगाए उन आरोपों से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि श्रीमती सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं और उन्होंने विदेशी संपत्तियों का खुलासा नहीं किया है। इससे पहले 10 अप्रैल को तेलंगाना उच्च न्यायालय ने खेड़ा को एक सप्ताह की अग्रिम जमानत देते हुए गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया था। अब उच्चतम न्यायालय के इस पर रोक लगाए जाने के बाद श्री खेड़ा को असम की संबंधित अदालत से ही राहत लेनी होगी। फिलहाल उच्चतम न्यायालय ने इस याचिका पर नोटिस जारी कर दिया है।

## सीबीएसई ने घोषित किए कक्षा 10वीं के परिणाम

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) ने बुधवार को कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। इसके साथ ही परीक्षा देने वाले 25 लाख से अधिक छात्रों का इंतजार खत्म हो गया। बुधवार शाम 4 बजे उमंग और डिजिलॉकर सहित सभी सरकारी पोर्टल सक्रिय हो गए और एक फ्लैश संदेश के जरिए परिणामों की घोषणा की गई। सीबीएसई की नयी द्वि-बोर्ड प्रणाली के तहत, इस बार कक्षा 10वीं के नतीजे अप्रैल के बजाय मई की शुरुआत में आने की उम्मीद थी, लेकिन बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र को सुव्यवस्थित करते हुए परिणाम जारी कर दिए हैं। इस नई प्रणाली के तहत शैक्षणिक वर्ष को दो अलग-अलग परीक्षा सत्रों में विभाजित किया गया है। पहला सत्र, जो सभी छात्रों के लिए अनिवार्य था, 17 फरवरी से 11 मार्च, 2026 के बीच आयोजित किया गया था। यह परीक्षाएं देश भर के 8,075 परीक्षा केंद्रों पर 83 विषयों के लिए आयोजित की गईं। इस वर्ष कुल 25,08,319 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 14,08,546 छात्र और 10,99,773 छात्राएं शामिल थीं। बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा चरण 15 ● शेष पेज 11 पर

# ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने के करीब : ट्रंप

**एजेंसी**



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि ईरान के साथ संघर्ष 'समाप्त होने के करीब' है। उन्होंने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का संकेत भी दिया है।

श्री ट्रंप ने संकेत दिया कि रुकी हुई बातचीत पाकिस्तान में कुछ ही दिनों में फिर से शुरू हो सकती है, जिससे युद्धविराम समाप्त होने से पहले किसी समझौते की उम्मीद जगी है। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर अपनी पकड़ काफी सख्त कर दी है। सेना ने पुष्टि की है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से घेराबंदी लागू करते हुए ईरानी समुद्री व्यापार को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रमुख ब्रैड कूपर ने कहा कि इस अभियान ने 36 घंटों से भी कम समय में ईरान की व्यापारिक जीवन रेखा को पंगु बना दिया है। ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी पूरी तरह से लागू कर दी गई है। ईरान की लगभग 90 प्रतिशत अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार पर निर्भर है, जो अब प्रभावी रूप से ठप हो गई है। शक्ति प्रदर्शन के बावजूद मुख्य गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन को तत्काल रोकने और प्रमुख परमाणु केंद्रों को नष्ट करने की मांग कर रहा है। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की भी मांग कर रहा है। हालांकि, दोनों पक्षों द्वारा समझौते पर सहमति नहीं बन पाने के कारण 10 अप्रैल को हुई पहले दौर की बातचीत के बाद मुख्य मुद्दे अनसुलझे रह गए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों पक्षों के बीच गहरी अविश्वास की भावना को स्वीकार किया लेकिन एक सतर्क आशावादी रुख भी अपनाया। उन्होंने कहा, ''आप इस समस्या को रातों-रात हल ● शेष पेज 11 पर

### इज़रायल-लेबनान वार्ता शुरू, रुबियो ने बताया 'ऐतिहासिक अवसर'

**वॉशिंगटन।** इज़रायल और लेबनान के बीच तीन दशक से अधिक समय बाद प्रत्यक्ष कूटनीतिक वार्ता शुरू हुई, जिसे अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ''ऐतिहासिक अवसर'' बताया है। अमेरिकी विदेश विभाग में हुई इस बैठक में इज़रायल के राजदूत येचियल लेइटर और लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने हिस्सा लिया। श्री रुबियो ने कहा कि तत्काल किसी बड़े समझौते की उम्मीद नहीं है, लेकिन यह बैठक स्थायी शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे दोनों देशों के लोग सुरक्षा और समृद्धि के साथ रह सकें। श्री रुबियो ने बातचीत की मेजबानी के बाद कहा, ''आज उम्मीद यह है कि हम एक ऐसा ढांचा तैयार कर सकें, जिस पर एक स्थायी और स्थायी शांति कायम की जा सके ताकि इज़रायल के लोग शांति से रह सकें और लेबनान के लोग न सिर्फ़ शांति से, बल्कि उस समृद्धि और सुरक्षा के साथ जी सकें जिसके ● शेष पेज 11 पर

# सम्राट चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को बिहार में मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ ली।

श्री चौधरी बिहार के ऐसे 24वें व्यक्ति हैं, जिन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने का अवसर मिला है।बिहार की राजधानी पटना के लोकभवन में राज्यपाल सैयद आता हसनैन ने सुबह 10.56 बजे श्री चौधरी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ उनकी कैबिनेट के सदस्य के रूप में गठबंधन की सहयोगी जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मंत्री पद की शपथ ली। इन दोनों को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। श्री चौधरी और उनके कैबिनेट के सहयोगियों के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जगत प्रकाश (जेपी) नड्डा, नित्यानंद राय, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, गिरिराज सिंह, जीतनराम मांझी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद,राजीव प्रताप रूडी, बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी, मंगल पांडेय,रेनू देवी,संजय जायसवाल, डॉ. प्रेम कुमार,राम कृपाल यादव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेन्द्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में सांसद और विधायक मौजूद थे। शपथ ग्रहण के बाद ● शेष पेज 11 पर

## पीएम मोदी ने विकसित भारत 2047 के लिए पेश किये नौ संकल्प, कहा- जनता को संभालनी होगी कमान

# परिवर्तन की शुरुआत रोजमर्रा के व्यवहार से करें : पीएम

**एजेंसी**

बेंगलुरु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'विकसित भारत के लिए नौ संकल्प' लेने का अनुरोध किया और कहा कि यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित भारत 2047 बनाने की यात्रा में तेजी ला सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने मांड्या जिले के आदिचुंचनगिरी मठ में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्रीय सीमाओं से परे है और सामूहिक भागीदारी एवं जीवनशैली में बदलाव के लिए राष्ट्रव्यापी आह्वान का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की व्यक्तिगत आदतें और दैनिक विकल्प देश के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा, यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित कर्नाटक और विकसित भारत की ओर प्रगति को तेज कर सकते हैं। विकास को केवल सरकार संचालित प्रयास के बजाय जन-आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि परिवर्तन की शुरुआत रोजमर्रा के व्यवहार के स्तर से होनी चाहिए। उन्होंने नदी प्रणालियों पर निर्भर क्षेत्रों में जल संरक्षण को प्रमुख प्राथमिकता बताया, और नागरिकों से सामूहिक प्रतिज्ञा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''आइए हम सब जल संरक्षण और इसके बेहतर प्रबंधन का संकल्प लें। पर्यावरण स्थिरता पर प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''आइए हम अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाएं और धरती मां की रक्षा करें। स्वच्छता को नागरिक कर्तव्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों, गांवों और शहरों में साफ-सफाई बनाये रखना साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ''चाहे वह धार्मिक स्थल हो, सार्वजनिक स्थान हो, गांव हो या शहर, स्वच्छता बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आर्थिक



आत्मनिर्भरता के संबंध में, प्रधानमंत्री ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और भारतीय उद्योगों को समर्थन देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण को आर्थिक सशक्तीकरण के आधार बताते हुए कहा, ''आइए हम भारतीय उत्पादों को अपनाएं और अपने उद्योगों को मजबूत करें। उन्होंने राष्ट्रीय जागरूकता और सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देते हुए नागरिकों से देश भर में यात्रा करने और इसकी विविधता को जानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''आइए हम पूरे भारत की यात्रा करें और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दें।'' उन्होंने आगे कहा कि लोगों के बीच बेहतर जुड़ाव राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगा और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को गति देगा। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य और पोषण पर मोटे अनाज को अपने आहार में शामिल करने पर जोर देते इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बढ़ता मोटापा बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बन गयी है। इसके साथ ही नागरिकों से तेल की खपत में 10 फीसदी की कमी का आग्रह किया। कृषि को लेकर उन्होंने किसानों से कहा, ''आइए हम रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें। उन्होंने शारीरिक फिटनेस पर और जोर देते हुए कहा, ''योग, खेल और फिटनेस हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए।'' उन्होने स्वास्थ्य देखभाल को राष्ट्रीय प्राथमिकता में स्थापित किये जाने की बात कही। इस मौके पर उन्होंने जनसेवा की मजबूत भावना का आह्वान करते हुए कहा, ''जरूरतमंदों की सेवा समाज को मजबूत करती है और जीवन को बड़ा उद्देश्य देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नौ संकल्प एक व्यापक जन-भागीदारी वाले शासन मॉडल का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां नागरिक स्तर पर व्यवहारिक परिवर्तन सामूहिक रूप से राष्ट्रीय परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह ● शेष पेज 11 पर

# बेसिक के शिक्षक प्राइवेट स्कूलों से बहुत बेहतर : महापौर

❐ बेहतर शिक्षण, माहौल पर है जोर : बीएसए 3.29 करोड़ से बना है सीपीआई अभ्युदय समग्र आदर्श विद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । प्रयागराज नगर निगम की ओर से प्राइमरी स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से ऑपरेशन कायाकल्प योजना के तहत अभ्युदय समग्र आदर्श विद्यालय बनाए जा रहे हैं।

कायाकल्प कर बनाए गए हायर प्राइमरी स्कूल प्राइवेट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं।इन स्कूलों में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास, साइंस लैब और कम्प्यूटर लैब के साथ ही लाइब्रेरी तैयार की गई है। पहली कक्षा से आठवीं तक के बच्चों के लिए इन स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। प्रयागराज में कम्पोजिट स्कूल का भी स्मार्ट सिटी के तहत 3 करोड़ 29 लाख रूपये की लागत से व्यापक स्तर पर कायाकल्प किया गया है। महापौर गणेश केसरवानी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अनिल कुमार ने बुधवार को नवनिर्मित स्कूल भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि 2017 में प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद बेसिक स्कूलों की स्थिति में सुधार आया है। जहां जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण किया गया है, वहीं स्कूलों में सुविधाएं भी बढ़ी हैं।महापौर का कहना है कि प्राइमरी स्कूलों में जो शिक्षक हैं वह आयोग से चयनित होते हैं और उनकी योग्यता भी प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों से बेहतर है। उन्होंने कहा है कि अभिभावकों को भी सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढाने के लिए आगे आना चाहिए। महापौर ने कहा है कि जिस तरह से सरकारी स्कूलों की लोकप्रियता बढ़ रही है। आने वाले दिनों में इन स्कूलों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा भी करानी पड़ सकती है।बीएसए अनिल कुमार ने कहा कि बेहतर शिक्षण और व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है जिससे कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और वह आगे बढ़ें। वहीं, खंड शिक्षाधिकारी नगर प्रतिभा सिंह ने बताया कि अभ्युदय योजना के तहत तैयार हो रहे कम्पोजिट अपर प्राइमरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब और साइंस लैब बनाई गई है। उन्होंने बताया कि अभी तक इस विद्यालय में 187 बच्चों का नामांकन हुआ है और सात शिक्षकों द्वारा उन्हें उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जा रही है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित सभी योजनाओं का लाभ यहां पढ़ने वाले बच्चों को दिया जा रहा है।बीईओ ने बताया कि अब कक्षा एक से लेकर आठ तक के सभी बच्चे कम्प्यूटर की भी पढ़ाई कर सकेंगे।गौरतलब है कि, प्रयागराज में नगर क्षेत्र के 60 प्राथमिक विद्यालयों में से अब तक 36 स्कूलों का स्मार्ट सिटी के अभ्युदय योजना के तहत कायाकल्प किया जा चुका है।

# प्रयागराज के कोरांव में दो दर्जन छात्र बीमार, मिड-डे मील खाने के बाद उल्टी-चक्कर की शिकायत

❐ मौके पर पहुंचे विधायक ने जाना पीड़ितो का हाल, हर संभव मदद मुहैया कराने का दिया अश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव स्थित बेलहट उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील खाने के बाद दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार पड़ गए। छात्रों को उल्टी और चक्कर आने की शिकायत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोरांव में भर्ती कराया गया। यह घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई।

विद्यालय में कक्षा 8वीं पास छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। प्रधानाध्यापक के अनुसार, 145 नामांकित छात्रों में से 112 उपस्थित थे। मिड-डे मील में खिचड़ी और दूध परोसा गया था। इसके अतिरिक्त, बाहर से कोल्ड ड्रिंक और समोसे भी मंगाए गए थे। कुछ छात्रों ने मिड-डे मील खाया, जबकि कुछ ने बाहर की चीजें खाईं।छात्रों के बीमार पड़ने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने उन्हें निजी वाहनों से सीएचसी पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल, अनिल कुमार बीएसए प्रयागराज, एसडीएम कोरांव संदीप तिवारी, खंड शिक्षाधिकारी रिजवान अहमद, पूर्व विधायक राम कृपाल कोल सहित अन्य अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे।सीएचसी अधीक्षक केबी सिंह, फार्मासिस्ट राजेश कुमार और अन्य डॉक्टरों ने बच्चों के इलाज में तत्परता दिखाई, जिससे उनकी हालत में सुधार आया। अधीक्षक केबी सिंह ने बताया कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। कुछ छात्रों को छुट्टी दे दी गई है, जबकि कुछ अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने निर्देश दिए कि जब तक बच्चे पूरी तरह स्वस्थ न हो जाएं, उन्हें अस्पताल से घर न भेजा जाए। उन्होंने परोसे गए भोजन की जांच कराने की भी बात कही, ताकि सच्चाई के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सके। विद्यालय की इंचार्ज राजश्री गुप्ता ने घटना पर दुख व्यक्त किया।शुरुआत में 14 बच्चों को सीएचसी लाया गया था, जबकि 12 बच्चे अपने घरों पर बीमार पड़े थे। बाद में गांव में पहुंची टीम ने अन्य बीमार बच्चों को भी सीएचसी पहुंचाया। फिलहाल, बीमारी का पुख्ता कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है और जांच के बाद ही इसका पता चलेगा। बीएसए ने भी बेलहट विद्यालय और गांव का दौरा कर जानकारी जुटाई है।

## विधि संकाय में ''डेटा संरक्षण और गोपनीयता कानून'' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय में बुधवार को एलएलबी (ऑनर्स) के छात्रों के लिए ''डेटा संरक्षण और गोपनीयता कानून'' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाष्कर प्रथम, अतिया द्वितीय तथा सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पीआरओ प्रो. जया कपूर ने बताया कि अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. कंचन यादव और विधि विभाग के प्रो. नवीन प्रकाश वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में भाष्कर द्विवेदी ने प्रथम स्थान, अतिया परवेज ने द्वितीय स्थान और सचिन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि विधि संकाय के अध्यक्ष प्रो. आदेश कुमार और विभागाध्यक्ष प्रो. अंशुमन मिश्र ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। प्रतियोगिता के दौरान प्रो. रोशन लाल, डॉ. रश्मि ठाकुर और विधि विभाग के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुक्ता वर्मा ने किया।

## सफलता सिर्फ बड़े पद पाने में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लानें से होती है: रिंकी सिंह



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रिंकी सिंह बचपन से ही बहुत होनहार और मेहनती लड़की थी। पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहने वाली रिंकी सिंह का सपना था कि वह एक दिन आईएएस अधिकारी बने और समाज में बदलाव लाए। रिंकी सिंह शिक्षक और माता-पिता भी रिंकी सिंह की लगन देखकर उस पर गर्व करते थे।लेकिन जिंदगी हमेशा हमारी योजनाओं के अनुसार नहीं चलती। एक दिन अचानक उसके पिताजी को पैरालिसिस का अटैक आ गया। घर की आर्थिक और पारिवारिक जिम्मेदारियाँ अचानक रिंकी सिंह के कंधों पर आ गईं। अब उसके सामने एक कठिन निर्णय था अपने सपनों को आगे बढ़ाए या परिवार की जिम्मेदारी निभाए।रिंकी सिंह ने बिना हिचकिचाए अपने परिवार को चुना रिंकी सिंह आईएएस बनने के सपने को पीछे रख दिया और विश्वविद्यालय में शिक्षिका बनकर एक नई जिंदगी की कहानी को शुरू कर दी। शुरुआत में रिंकी सिंह के लिए आसान नहीं था, लेकिन रिंकी सिंह ने हार नहीं मानी। रिंकी सिंह न पूरी लगन और ईमानदारी से बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे रिंकी सिंह सिर्फ एक शिक्षिका नहीं, बल्कि बच्चों के लिए प्रेरणा बन गई। वह गरीब और जरूरतमंद बच्चों की मदद भी करने लगी—किसी की फीस भरना, किसी को किताबें देना, तो किसी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना।समय के साथ रिंकी सिंह एक सम्मानित शिक्षिका और समाज सेविका बन गई। भले ही वह आईएएस अधिकारी नहीं बन पाई, लेकिन उसने अपने काम से समाज में एक अलग पहचान बना ली। रिंकी सिंह ने साबित कर दिया कि सफलता सिर्फ बड़े पद पाने में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में होती है।

## एलपीएस छात्रों का शानदार प्रदर्शन, दाक्षी अग्रवाल ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया टॉप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, कठोर परिश्रम एवं अनुशासन का प्रभावशाली परिचय दिया है। सत्र में कुल 1241 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित होकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। गोमती नगर शाखा की दाक्षी अग्रवाल ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कृतिका मौर्या ने 97.2 प्रतिशत, अदिति पांडेय ने 97 प्रतिशत, दिव्यांश सिंह ने 96.4 प्रतिशत, विशद पालीवाल ने 96 प्रतिशत तथा पीयूष राज ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वृंदावन योजना शाखा की मान्या मिश्रा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आदित्य शर्मा, सृष्टि वर्मा एवं अदम्य शर्मा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि शुभि ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं आम्रपाली योजना शाखा की आराध्या अवस्थी ने 96.8 प्रतिशत, ज्योतिका श्रीवास्तव ने 96.6 प्रतिशत तथा अविरल शुक्ला ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्थान के चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026 का आधिकारिक कर्टेन रेजर जारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 व 18 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मार्स हॉल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम कैबिनेट मंत्री दुग्ध विकास, पशुधन एवं राजनैतिक पेंशन, धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास, मुकेश कुमार मेश्राम, दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. एवं शासन के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में बुधवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का आधिकारिक कर्टेन रेजर जारी किया गया।अपर मुख्य सचिव, पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न माध्यमों से प्रदेश के 10 हजार पशुपालकों/दुग्ध उत्पादकों एवं निवेशकों को प्रतिभाग कराते हुए विभाग के क्रिया-कलापों व विभागीय योजनाओं से अवगत कराया जायेगा। साथ ही वेब कास्टिंग/लाइव यूट्यूब के माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों के साथ-साथ देश-विदेश के लाखों गौ पालक/निवेशकों को जोड़ा जायेगा। विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले पशुपालकों एवं निवेशकों को सम्मानित/पुरस्कृत किया जाएगा। निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित निवेशकों द्वारा अपने स्टॉल कियोस्क के माध्यम से दुग्ध उत्पाद/नवाचार इत्यादि का प्रदर्शन किया जायेगा एवं डेयरी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी, स्वदेशी नस्ल के गौ पालन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृवीकरण पर विचार विमर्श एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ विषय विशेषज्ञों द्वारा साझा की जायेगी एवं स्वदेशी व्यंजनों का फूड कोर्ट भी लगाया जायेगा। दुग्ध क्षेत्र के उद्यम को बढ़ावा देने हेतु सिंगल विंडो के माध्यम से इच्छुक निवेशकों के साथ एमओयू भी सम्पादित किया जाएगा।कार्यक्रम के प्रथम सत्र में 'गौ पूजन, प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन, प्रगतिशील गौ पालकों एवं निवेशकों की सफलता की कहानी की पुस्तिका का विमोचन, विभागीय सोशल मीडिया चैनल का शुभारम्भ, नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत विकासखण्ड स्तरीय विजेताओं को डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार धनराशि का वितरण, प्रगतिशील गौपालकों ,अग्रणी निवेशकों एवं प्रतिभाशाली नवाचारों का सम्मान, गौशाला एवं गोबर गैस के महत्व का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बाबा गोरखनाथ कृष्ण तथा बलिनी एमपीसी का प्रस्तुतीकरण दुग्ध विज्ञान क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविदों का प्रस्तुतीकरण, 'नंद बाबा दुग्ध मिशन एवं दुग्ध नीति-2022 के लाभार्थियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

# शान्ति कान्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज में सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । यातायात जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शान्ति कान्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज में बुधवार को सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यातायात उपायुक्त के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीआई अलीगंज श्री शैलेश पाण्डेय उपस्थित रहे। वहीं, मुख्य प्रशिक्षक के रूप में हीरो मोटोकॉर्प ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क से सुमित मिश्रा तथा ट्रैफिक वार्डन अंशु दीक्षित ने छात्रों को प्रशिक्षण दिया।कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सड़क पर बनाए गए संकेतों (रोड मार्किंग), ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों तथा हेलमेट के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रोजेक्टर के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो दिखाकर छात्रों को जागरूक किया गया।यह कार्यशाला जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए अलग-अलग सत्रों में आयोजित की गई, जिसमें क्रमशः 30 और 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती शिल्पी श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और इसी के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में एलपीएस छात्रों का उत्कृष्ट परिणाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, कठोर परिश्रम एवं अनुशासन का प्रभावशाली परिचय दिया है।

इस सत्र में कुल 1241 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित होकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। गोमती नगर शाखा की दाक्षी अग्रवाल ने 97.8% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कृतिका मौर्या ने 97.2%, अदिति पांडेय ने 97.0%, दिव्यांश सिंह ने 96.4%, विशद पालीवाल ने 96.0% तथा पीयूष राज ने 94.2% अंक प्राप्त किए।वृंदावन योजना शाखा की मान्या मिश्रा ने 97% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आदित्य शर्मा, सृष्टि वर्मा एवं अदम्य शर्मा ने 96.2% अंक प्राप्त किए, जबकि शुभि ने 94.0% अंक अर्जित किए। वहीं आम्रपाली योजना शाखा की आराध्या अवस्थी ने 96.8%, ज्योतिका श्रीवास्तव ने 96.6% तथा अविरल शुक्ला ने 96.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा—ल्ल्यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों की समर्पित प्रतिबद्धता तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। वर्तमान समय अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक है, अतः विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अभी से सुनियोजित तैयारी प्रारंभ करनी चाहिए। वे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना को भी आत्मसात करना चाहिए।

# थमने का नाम नहीं ले रहा बिजली उपभोक्ताओं का आक्रोश, प्रदर्शन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट, लखनऊ । चिनहट क्षेत्र स्थित काशीराम कॉलोनी के सैकड़ों निवासियों का बिजली समस्याओं को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी लोग सुबह करीब 10:30 बजे लौलई विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए और जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि क्षेत्र में बार-बार बिजली कटौती, गलत बिलिंग और मीटर में गड़बड़ी की समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। मंगलवार को अधिकारियों द्वारा कटे हुए कनेक्शनों में बिजली आपूर्ति बहाल की गई थी, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली थी। लेकिन बुधवार सुबह करीब 7 बजे फिर से बिजली काट दी गई, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई।प्रदर्शन में शामिल पिंटू श्रीवास्तव और अजीज ने बताया कि विभाग की ओर से समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ता लगातार परेशान हैं। उनका कहना है कि मीटर में अनियमितताएं और गलत बिलिंग के कारण आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।मौके पर पहुंचे मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा था कि अगले चार दिनों तक लगातार बैठकर सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। हालांकि, प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हालात में कोई खास सुधार नहीं हुआ है और समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।मंगलवार को क्षेत्रीय पार्षद ममता रावत भी मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों के साथ बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं। आक्रोशित भीड़ को देखते हुए पार्षद ने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए नए मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाएं।मौके पर मौजूद अधिकारियों ने काशीराम कॉलोनी में लगे नए मीटरों की सूची मांगी और पार्षद के अनुसार मीटर बदलने पर सहमति जताई है।

वहीं पार्षद ममता रावत ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह भी कॉलोनीवासियों के साथ इस आंदोलन में पूरी मजबूती से खड़ी रहेंगी।लगातार हो रहे प्रदर्शन से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# आप का संगठन विस्तार, नूर सिद्दीकी बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । आम आदमी पार्टी (आआपा)के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से संगठन विस्तार अभियान के तहत उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक ने बुधवार को नूर सिद्दीकी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व ने इस नियुक्ति को संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक ने कहा कि पार्टी लगातार उत्तर प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी की नीति रही है कि समर्पित, ईमानदार और जुझारू कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित जिम्मेदारी दी जाए, ताकि वे जनता के बीच पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूती से पहुंचा सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि नूर सिद्दीकी अपने अनुभव और सक्रियता से संगठन को नई दिशा देंगे।शकील मलिक ने आगे कहा कि नूर सिद्दीकी लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित रहे हैं और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। उनकी नियुक्ति से प्रदेश में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी और पार्टी की पहुंच समाज के हर वर्ग तक और अधिक प्रभावी तरीके से बनेगी।नवनियुक्त प्रदेश महासचिव नूर सिद्दीकी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश के कोने-कोने में जाकर अल्पसंख्यक समाज की समस्याओं को उठाएंगे और पार्टी की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि संगठन विस्तार का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आने वाले समय में प्रदेश के विभिन्न प्रकोष्ठों और इकाइयों में नई नियुक्तियां कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और प्रदेश में वैकल्पिक राजनीति को स्थापित करने के लिए पूरी ताकत से कार्य करें।

# महीनों बाद भी 'तांत्रिक गैंग' बेनकाब नहीं, बीकेटी पुलिस के हाथ खाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ लगातार वारदातों के बावजूद न गिरफ्तारी, न खुलासा, बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बना रहा संगठित गिरोह

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब (बीकेटी) थाना क्षेत्र में बुजुर्ग व असहाय महिलाओं को निशाना बनाकर ठगी, झपटमारी और लूट की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि इन वारदातों को हुए कई महीने बीत जाने के बावजूद बीकेटी पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और आमजन में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है।9 फरवरी 2026 को रामपुर देवरई निवासी विजय कुमारी के साथ तांत्रिक बनकर ठगी की गई थी। आरोपियों ने उनके निजी जीवन की जानकारी देकर विश्वास में लिया और करीब 80 हजार रुपये के सोने के बाले उतरवा लिए। घटना को दो महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपियों की पहचान तक नहीं कर सकी है। इसी तरह 6 फरवरी 2026 को जगदीशपुर गांव में एक बुजुर्ग महिला से झपटमारी की वारदात हुई थी, जिसमें बाइक सवार बदमाश कानों से सोने के टप नोचकर फरार हो गया। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक न तो आरोपी पकड़ा गया और न ही पुलिस कोई ठोस सुराग जुटा सकी है।वहीं 2 अगस्त 2024 को हरदौरपुर गांव में नशीला स्प्रे कर बुजुर्ग महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस घटना को डेढ़ साल से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन यह मामला भी आज तक ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है।तीनों घटनाओं में एक समानता साफ नजर आती है—अपराधियों द्वारा अकेली और कमजोर महिलाओं को निशाना बनाना। इसके बावजूद पुलिस इन घटनाओं को जोड़कर किसी संगठित गिरोह तक पहुंचने में नाकाम रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन मामलों का खुलासा कर लिया जाता, तो शायद आगे की घटनाओं को रोका जा सकता था।क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा कमजोर पड़ता जा रहा है। खासकर बुजुर्ग महिलाओं में डर का माहौल है और वे घर से बाहर निकलने में भी असहज महसूस कर रही हैं।पुलिस अधिकारियों का दावा है कि मामलों की जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अब तक न तो कोई गिरफ्तारी हुई है और न ही किसी गिरोह का पर्दाफाश हो सका है।अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक बीकेटी पुलिस इन मामलों में ठोस कार्रवाई कर पाएगी और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सकेगी। फिलहाल, महीनों बाद भी पुलिस के खाली हाथ होने से अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ । गोमतीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया है।गोमतीनगर थाना के उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि एक महिला ने 14 अप्रैल को थाना में तहरीर देकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी को एक युवक ने बहला फुसलाकर अपनी हवस का शिकार बना लिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर शिकायत दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। आरोपित के बारे में मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रेलवे क्रॉसिंग जुगौली के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।उप निरीक्षक ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित मोहित निषाद, बड़ी जुगौली का रहने वाला है। आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया

❒ संघ ने उपमुख्य मंत्री को षष्ठम महाधिवेशन का स्मृति चिन्ह,स्मारिका, सम्मान -पत्र तथा अंग वस्त्र भेंट किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ। सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को ब्रजेश पाठक उप मुख्य मंत्री से उनके आवास पर भेंट कर उनको षष्ठम महाधिवेशन का स्मृति चिन्ह,स्मारिका, सम्मान -पत्र तथा अंग वस्त्र भेंट किया तथा महाधिवेशन में पारित सदस्यों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी प्रस्तुत किया ।

संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष इ आर के भाटिया ने अवगत कराया कि दीनदयाल कैशलेस चिकित्सा सुविधा में कमियों की ओर से उप मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए राशिकरण कटौती अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 11 वर्ष करने , प्रत्येक 5 वर्ष पर पांच प्रतिशत पेन्शन वृध्दि, रु 8700 / ग्रेड वेतन माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय अनुरूप स्वीकृत कराने, विधवा पुत्र वधू को पारिवारिक पेंशन देने, सहित अन्य समस्याओ के साथ-साथ संघ द्वारा शासकीय सहयोग से ओल्ड एज होम की स्थापना के मुद्दे पर वार्ता हुई। इं दिवाकर राय कार्यकारी अध्यक्ष ने श्री पाठक को संघ के षष्ठम महाधिवेशन में, भारी संख्या में 75 तथा 80 वर्ष के आयु के सदस्यो की उपस्थिति से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने उन सबको तथा सफल महाधिवेशन सम्पन्न होने पर बधाई दी। इं शिव शंकर दुबे ,मुख्य संरक्षक तथा इं एस पी मिश्रा, संरक्षक ने राज्य कर्मचारियों तथा पेन्शनर को ओ पी डी चिकित्सा सुविधा तथा राज्य के बाहर के चिकित्सालयों को भी, दीनदयाल कैशलेस योजना के अंतर्गत लाने का अनुरोध किया गया।माननीय उप मुख्य मंत्री जी द्वारा समस्त बिन्दुओ पर शीघ्र सकारात्मक कारवाई का आश्वासन दिया गया।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य संरक्षक इं शिव शंकर दुबे, संरक्षक इं एस पी मिश्रा , प्रान्तीय अध्यक्ष इं आर के भाटिया एंव कार्यकारी अध्यक्ष इं दिवाकर राय सम्मलित थे।

## चिनहट मे युवक से साइबर ठगी, बैंक खातों से उड़ाए हजारों रुपये

लखनऊ। राजधानी के चिनहट क्षेत्र में एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया, जिसमें उसके बैंक खातों से हजारों रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल और स्थानीय थाने में दर्ज कराते हुए एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिम सिटी मटियारी, चिनहट निवासी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि 4 मार्च 2026 को उनके मोबाइल फोन पर एक अपडेट से संबंधित पॉप-अप आया, जिसे उन्होंने ओपन कर दिया। इसके बाद उनका फोन री-स्टार्ट मोड पर चला गया और कुछ समय बाद कॉल व मैसेज आना बंद हो गया। अगले दिन जब उन्होंने अपना बैंक खाता चेक किया, तो पता चला कि उनके भारतीय स्टेट बैंक के खाते से गूगल पे के माध्यम से आईसीआईसीआई बैंक खाते में 47,172 रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं। यह ट्रांजेक्शन उन्होंने नहीं किया था। इसके बाद जब उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक खाते की जांच की, तो पाया कि कुल 55,218 रुपये की राशि किसी खुशबू कुमारी नामक व्यक्ति के फोन पे बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई। पीड़ित के अनुसार, सभी ट्रांजेक्शन उनकी जानकारी और अनुमति के बिना किए गए हैं। उन्होंने तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसका एक्नॉलेजमेंट नंबर भी प्राप्त हुआ है। साथ ही, उन्होंने बैंक में भी शिकायत करायी गई है।

## विकासनगर में झोपड़ियों में भीषण आग, धमाकों से दहला इलाका



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । राजधानी के विकासनगर सेक्टर-14 में बुधवार दोपहर भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने करीब दो सौ झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद झोपड़ियों में रखे गैस सिलिंडर और रेफ्रिजरेटर के कंप्रेसर ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटने लगे। लगातार हो रहे धमाकों से आसपास के लोग सहम गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और 12 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। दमकल कर्मी लगातार आग बुझाने में जुटे रहे, ताकि आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सके।पुलिस के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

# मोहनलालगंज पुलिस ने गैंगस्टर पर की बड़ी कार्रवाई

❒ पांच करोड़ अठत्तर लाख की संपत्ति कुर्क कान्हा उपवन' प्लॉटिंग घोटाले का खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को मोहनलालगंज और नगराम पुलिस ने राजस्व टीम के साथ मिलकर बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में नामजद आरोपियों की करीब पांच करोड़ अठत्तर लाख साठ हजार बीस रूपये की संपत्ति कुर्क कर ली। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस की सख्ती का साफ संदेश गया।मोहनलालगंज पुलिस, नगराम पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गैंगस्टर एक्ट की के तहत गैंग लीडर प्रमोद कुमार उपाध्याय और उसके गिरोह की चल व अचल संपत्तियों को कुर्क किया।'कान्हा उपवन' के नाम पर चल रहा था बड़ा खेलजांच में सामने आया है कि गैंग लीडर प्रमोद कुमार उपाध्याय मोहनलालगंज क्षेत्र में 'कान्हा उपवन' नाम से प्लॉटिंग साइट संचालित करता था। इस साइट के जरिए भोले-भाले ग्राहकों को सस्ते और आकर्षक प्लॉट का लालच देकर फंसाया जाता था। गिरोह फर्जी कागजात तैयार कर जमीन की रजिस्ट्री कर देता और इसके बाद ग्राहकों से लिया गया पैसा हड़प लिया जाता था।इतना ही नहीं, जब कोई पीड़ित अपना पैसा वापस मांगने पहुंचता तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाती थी। आरोप है कि असलहों के बल पर लोगों को डराकर भगा दिया जाता था। इस गिरोह ने इसी तरीके से सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है।गैंग बनाकर करते थे संगठित अपराध एसीपी विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर धोखाधड़ी, कूटरचना और फर्जी दस्तावेजों के जरिए अपराध करते थे। यह गिरोह खुद को रियल एस्टेट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर विवादित या फर्जी जमीन दिखाता था। खास बात यह है कि सेना और अर्द्धसैनिक बलों के कर्मचारियों को भी निशाना बनाया जाता था।वर्ष 2020 से अब तक इनके खिलाफ मोहनलालगंज, पीजीआई, सरोजनीनगर, कैंट और आशियाना थानों में कुल 66 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले भी शामिल हैं।मोहनलालगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में गैंग लीडर प्रमोद कुमार उपाध्याय, उसके भाई विनोद कुमार उपाध्याय, मदन राम, ओंकारनाथ पाण्डेय और सीमा उपाध्याय को नामजद किया है। सभी का मूल निवास बलिया जनपद बताया जा रहा है, जबकि वर्तमान में यह लोग लखनऊ के ओमेक्स सिटी, बिजनौर क्षेत्र में रहकर गिरोह संचालित कर रहे थे।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ओमेक्स सिटी स्थित प्लॉट संख्या इ-21/क्र21 और अर्धनिर्मित मकान को कुर्क किया। इसके अलावा टोयोटा इनोवा, मारुति स्विफ्ट और महिंद्रा बोलेरो समेत तीन वाहन भी जब्त किए गए।इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्ति को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे गिरोहों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस बड़ी कार्रवाई से जहां अपराधियों में खौफ व्याप्त है, वहीं पीड़ितों में न्याय की उम्मीद भी जगी है।

## सच्ची सेवा और इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं

काकोरी , लखनऊ। ओम प्रकाश यादव एक ऐसे समाज सेवक हैं। जिन्होंने अपने जीवन को पूरी तरह से जनता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। साधारण परिवार से आने वाले ओम प्रकाश ने बचपन में ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया लेकिन इन संघर्षों ने उन्हें और मजबूत बना दिया। उन्होंने हमेशा यह ठाना कि वे समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए कुछ खास करेंगे।समय के साथ उन्होंने लोगों की मदद करना शुरू किया। चाहे किसी गरीब परिवार को आर्थिक सहायता देनी हो, किसी बीमार व्यक्ति के इलाज का खर्च उठाना हो या किसी संकट में फंसे परिवार को सहारा देना हो—ओम प्रकाश यादव हमेशा 24 घंटे तैयार रहते हैं। उनकी पहचान एक ऐसे व्यक्ति के रूप में बन गई है। जो बिना किसी स्वार्थ के हर किसी के सुख-दुख में साथ खड़े रहते है। लोग उन्हें विश्वास और सहारे की मिसाल मानते हैं। उनकी मदद से कई परिवारों की जिंदगी में खुशियाँ लौटी हैं। आज ओम प्रकाश यादव एक प्रेरणादायक समाज सेवक के रूप में जाने जाते हैं। उनकी कहानी हमें यह सिखाती है कि सच्ची सेवा और इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

## लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल के पहले दिन हुई 12 फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कला और सिनेमा के दो दिवसीय महाकुंभ 'लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल का शुभारंभ बुधवार धूमधाम से हुआ। समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी और फ़ेस्टिवल के संस्थापक व आयोजक आयूब खान ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। वहीं इस मौके पर सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फ़ेस्टिवल के पहले दिन ज्यूरी द्वारा चयनित कुल 12 फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग की गई, जो देर रात तक चली।

## गैस डिलीवरी के दौरान दबंगों का हमला, लूट का प्रयास, डिलीवरी मैन घायल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कोडरा इलाके में गैस वितरण के दौरान डिलीवरी मैन से मारपीट व लूट के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना से इलाके में दहशत फैल गई।अमर शहीद सुनील जंग भारत गैस सर्विस का डिलीवरी मैन क्षेत्र में गैस सिलेंडर की आपूर्ति कर रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया और मारपीट करते हुए लूट का प्रयास कियाडिलीवरी मैन के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिससे घबराकर आरोपी फरार हो गए। घटना में डिलीवरी मैन को चोटें आई हैं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## महर्षि विद्या मंदिर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महर्षि विद्या मंदिर लखनऊ के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा सत्र 2025- 26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत-प्रतिशत रहा।मेधावी विद्यार्थियों में प्रखर सिंह ने सर्वाधिक 97.40% अंक प्राप्त किए। स्वस्ति दयालु ने 96.40% अंकों के साथ दूसरा एवं प्रज्ञा तिवारी ने 96.20% अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 95.60% अंकों के साथ अभय यादव ने चौथा और 94.80% अंकों के साथ पार्थ अवस्थी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। निष्ठा पाण्डेय ने 91.2% के साथ उत्तीर्ण किया। विद्यालय के अन्य सभी छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह ने सभी मेधावियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# निजामपुर में धूमधाम से मनाया गया भीम जन्मोत्सव, विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ग्राम पंचायत निजामपुर में आज बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित 'भीम जन्मोत्सव एवं विशाल भंडारा' कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने शिरकत की।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत निजामपुर के प्रधान पद प्रत्याशी नीरज यादव द्वारा निजामपुर चौराहा स्थित बाबा साहब के कार्यालय पर किया गया। सुबह 11:00 बजे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर महाप्रसाद ग्रहण किया।इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विजय बहादुर यादव जी, सम्मानित ग्राम प्रधानगण, सम्मानित क्षेत्र पंचायत सदस्यगण,सम्मानित जिला पंचायत सदस्यगण,सम्मानित विधानसभा प्रत्याशी सहित भारी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर आयोजक नीरज यादव ने कहा, ''बाबा साहब के विचार आज भी हमें समानता और न्याय की राह दिखाते हैं। उनके जन्मोत्सव को समाज के साथ मिलकर मनाना और सेवा कार्य करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।'' उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारों से माहौल ऊर्जावान बना रहा।

# अंबेडकर जयंती पर लखनऊ विधानसभा में भव्य कार्यक्रम, संविधान पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित विधानसभा परिसर के कक्ष संख्या 80 में अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संविधान के महत्व और उसके मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री दर्ज़ा प्राप्त मनीष कुमार गुप्ता, एडीजी उत्तर प्रदेश पीएसी आर. के. स्वर्णकार तथा महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या शामिल रहीं। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में संविधान की प्रासंगिकता और समाज में उसकी भूमिका पर विचार रखे।कार्यक्रम का सफल संचालन और संयोजन अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष राहुल गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें प्रदेश अध्यक्ष बाबा चंद्रशेखर आनंद, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल, अनिभा सैनी, प्रदेश कार्यालय सचिव संगीत कुमार, प्रदेश सचिव विनय केसरवानी, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश शर्मा, दीपक वाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कल्पना सिंह, संगठन महामंत्री सुनीता राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।इसके अलावा लखनऊ और अन्य जिलों से आए पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. शर्मा ने की।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रनिर्माण में डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेकर किया गया।

## काकोरी ब्लाक के सभी विद्यालय बहुत जल्द बनेंगे निपुण विद्यालय: नीतू यादव



काकोरी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड काकोरी के बेसिक विद्यालय हरदोईया लालनगर में वार्षिक उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख काकोरी नीतू यादव,विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राम शंकर,विशेष अतिथि ग्राम प्रधान दीपाली सिंह यादव,अतिथि ग्राम पंचायत अधिकारी दीपिका पाण्डेय, ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन एवं सहकारी संघ लिमिटेड सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव व एसएमसी अध्यक्ष गीता देवी,प्रधान प्रतिनिधि सचिन यादव,पंचायत सहायक श्रीपाल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय को निपुण बनाने वाले सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख का काकोरी नीतू यादव ने बच्चों के द्वारा किए गए कार्यक्रमों और उनके निपुण बनने पर बधाई एवं आशीर्वाद दिया।खंड शिक्षा अधिकारी राम शंकर ने विद्यालय की इंचार्ज डॉ चैताली यादव सहित सभी अध्यापिकाओं व बच्चों को निपुण विद्यालय बनने पर बधाई देते हुए कहा कि बहुत जल्द काकोरी ब्लाक के सभी विद्यालय निपुण विद्यालय बनने जा रहे हैं।ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव ने बच्चों को और अधिक मेहनत करके अपने भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु प्रेरित किया एवं विद्यालय में उपस्थित सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेज कर शिक्षण कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया।खण्ड शिक्षा अधिकारी राम शंकर ने बताया कि काकोरी ब्लाक के 106 में से 16 निपुण विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों के कठिन प्रयासों से हरदोइया लाल नगर ने अपना नाम दर्ज कराया है।प्रधानाध्यपिका डॉ चैताली यादव द्वारा विद्यालय से एनएमएमएस में चयनित तीन छात्रों विपिन,अर्पित व विवेक को शील्ड,इंस्पायर अवार्ड जीतने वाली रितु को शील्ड,खेल उत्सव,सर्वाधिक उपस्थिति व सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को 48 गोल्ड,सिल्वर व ब्रांज मेडल दिए गए।निपुण छात्रों का रिपोर्ट कार्ड,आत्मरक्षा प्रशिक्षण,विप्रो प्रोजेक्ट,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व रिपोर्ट कार्ड वितरण,जलपान आदि कराया गया।खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण किया व विद्यालय निपुण होने की बधाई देते हुए सभी छात्रों को नियमित विद्यालय आने व मनोयोग से पढ़ाई करने की सीख दी।इस अवसर पर वैशाली,गीतांजलि,महिमा,कौशल्या,ज्योति,मीना,गीता,संतोष आदि ने योगदान दिया।अभिभावक सुनीमता,सविता,सुषमा,रेशमा,गीता आदि ने विद्यालय में अच्छी पढ़ाई,अनुशासन,व्यवस्था व शिक्षकों की मेहनत आदि की प्रशंसा की।विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ चैताली यादव ने बताया कि जब वह 2025 में इस विद्यालय में अध्यापक के रूप में अपनी सेवा देने आईं थी,तब यह विद्यालय परिसर गड्ढों व गंदगी से भरा हुआ था।धीरे-धीरे ग्राम प्रधान व ब्लॉक प्रमुख,खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी एवं विद्यालय के अध्यापकों के सहयोग से आज यह विद्यालय का परिसर बहुत सुंदर एवं मजबूत बन गया है।उन्होंने कहा कि विद्यालय को निपुण बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापकों एवं शिक्षामित्रों का विशेष योगदान रहा है।

# फांसी या साजिश?: बरामदे में फंदे पर लटकी मिली विवाहिता, टूटी चूड़ियों ने गहराया राज, मायके पक्ष का बवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां क्षेत्र के नन्दौली गांव में मंगलवार देर रात एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके को दहला दिया। विवाहिता का शव घर के बरामदे में पंखे से साड़ी के फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद जहां ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान रूबी (25), पत्नी सूरज रावत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रात करीब एक बजे सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।

### देर रात घर लौटा पति, सामने मिला खौफनाक मंजर

जांच में सामने आया कि मृतका का पति सूरज मंगलवार शाम करीब पांच बजे पड़ोसी गांव जमुरिया में एक शादी समारोह में लकड़ी काटने गया था। रात करीब साढ़े नौ बजे उसकी पत्नी से फोन पर बातचीत हुई थी। उसने दो घंटे में घर लौटने की बात कही थी। बताया जा रहा है कि रात करीब एक बजे जब वह घर पहुंचा तो उसने पत्नी को फंदे से लटका पाया। इसके बाद उसने शव को नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी।

### छह साल से संतान न होने का था दबाव

परिजनों के मुताबिक, रूबी का विवाह करीब छह वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन संतान न होने के कारण वह मानसिक तनाव में रहती थी। दंपत्ति इलाज भी करा रहे थे। ससुराल पक्ष का कहना है कि अवसाद के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया।

### टूटी चूड़ियों ने बढ़ाया शक, हत्या की आशंका

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया। उनका कहना है कि घटनास्थल पर टूटी चूड़ियां मिली हैं, जो किसी संघर्ष की ओर इशारा करती हैं। आरोप है कि फांसी से पहले रूबी के साथ मारपीट की गई और बाद में इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।

### थाने में हंगामा, कार्रवाई की मांग

पोस्टमार्टम के लिए शव भेजे जाने के बाद बड़ी संख्या में मायके पक्ष के लोग निगोहां थाने पहुंच गए और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस को हालात संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### पति हिरासत में, हर एंगल से जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पति सूरज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन मायके पक्ष के आरोपों को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# डीपीएस एल्डिको का शानदार प्रदर्शन, स्वस्ति जैन ने 99.2 प्रतिशत के साथ किया टॉप

❒ एल्डिको शाखा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डिको शाखा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए एआईएससीई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के परिणामों ने न सिर्फ एक नया कीर्तिमान स्थापित किया, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उसकी मजबूत प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। इस वर्ष स्वस्ति जैन ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

उनकी इस उपलब्धि को कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम बताया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे प्रमुख विषयों में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।विद्यालय के कुल 118 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो संस्थान की लगातार उत्कृष्ट परिणाम देने की परंपरा को आगे बढ़ाता है। इस शानदार प्रदर्शन से विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्राचार्या गुंजन साहनी ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी इसी तरह उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

# राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर द्वारा अंबेडकर जयंती पर कवि गोष्ठी आयोजित

❒ सहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में अंबेडकर जयंती पर कवि गोष्ठी का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बिसवां, सीतापुर। राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर के तत्वावधान में सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल मे मासिक काव्य गोष्ठी डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में आर्यसमाज बिसवां के मंत्री अजीत आर्य व विशिष्ट अतिथि रुप में वृन्दारक नाथ मिश्र रहे। संचालन राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर के जिलाध्यक्ष आनंद खत्री ने किया। कार्यक्रम आयोजक सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज व सेठ देवेश्वर दयाल माटेसरी स्कूल के प्रबंधक व वरिष्ठ राजनीतिज्ञ महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी ने डॉ भीम राव अंबेडकर के जन्मदिन की विद्यालय परिवार कीं तरफ से सभी को हार्दिक बधाई दी. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन माता सरस्वती के पूजन व भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।वाणी वन्दना कवयित्री कु.दिव्या वर्मा विद्यार्थी के द्वारा प्रस्तुत की गयी।राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर इकाई द्वारा प्रति गोष्ठी में एक कवि को ''काव्य मुक्ता'' सम्मान देने की परंपरा का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रथम काव्य मुक्ता के रुप में सरैया से पधारे कवि अरुण गंवार को काव्य मुक्ता सम्मान से सम्मानित किया गया।काव्य गोष्ठी में पधारे कवियों में कमलेश मौर्य मृदु ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि स्वरूप निम्न पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा कि-हमारी आन थे बाबा।वतन की शान थे बाबा।देखने में तो इक सामान्य से,इन्सान थे बाबा,अगर सच पूछिए तोपूरा हिंदुस्तान थे बाबा।।कवि आनंद खत्री ने डॉ भीम राव अंबेडकर बाबा साहेब को काव्यांजलि अर्पित करते हुए कहा कि निर्बल का बल बन गये बाबा ,सुख की आस जगायी थी।शिक्षित हो हर वर्ग ,यही समता की अलख जलायी थी।कवि अरुण गंवार ने कहा कि-- कहां मिली बाबा की पुरानी बखरीकवि रजनीकांत दीक्षित ने कहा कि घर बट जाता है तिनका तिनकामगर सम्मान शिक्षा संस्कार का बटवारा नहीं होता।कवि शिवानंद दीक्षित प्रेमी ने कहा कि--जरा दिल से मुस्कराया जीवन बदल गया।नजरों में जब समाया चिलमन बदल गया।नवोदित कवयित्री दिव्या वर्मा विद्यार्थी ने कहा कि -'जो सोये कर्तव्य मार्ग पर ,उनको आज जगाना है।हम युवा शक्ति हैं राष्ट्र की, अंबेडकर बन के दिखाना है।

अन्य कवियों में मुंशी रामलखन मौर्य,राघवेन्द्र प्रताप वर्मा ,अरविंद त्रिपाठी, विकास मौर्य विक्कू ने अपनी प्रभावी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर किया।श्रोताओं में रविन्द्र नाथ मिश्र, रामसागर शुक्ल,अरुण कुमार मिश्र,आफताब अख्तर बिस्वानी ,रामकुमार ,डॉ लतीफ अहमद,,जगदीश दीपू चौहान आदि सम्मानित नागरिकगण उपस्थित रहे।

# मछरेहटा में 'कागजी' विकास का खेलः फर्जी फर्मों के जाल में फंसा सरकारी बजट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा, सीतापुर । विकासखंड मछरेहटा इन दिनों विकास कार्यों के लिए नहीं, बल्कि 'फर्जीवाड़े के मकड़जाल' को लेकर चर्चा में है। यहाँ विकास के नाम पर सरकारी तिजोरी में ऐसी सेंध लगाई जा रही है, जिसकी हकीकत जानकर आप हैरान रह जाएंगे। आरोप है कि क्षेत्र में ऐसी गुमनाम फर्मों की बाढ़ आ गई है, जिनका अस्तित्व सिर्फ फाइलों तक सीमित है, लेकिन उनके खातों में सरकारी धन पानी की तरह बहाया जा रहा है।

बड़ा सवालः आखिर किन रसूखदारों के संरक्षण में ये फर्जी फर्में फल-फूल रही हैं? बिना भौतिक सत्यापन के भुगतान की फाइलें किन मेजों से होकर गुजर रही हैं??फर्मों का 'पोस्टमार्टम' होः सभी सक्रिय फर्मों की जीएसटी, पंजीकरण और पते की गहनता से जांच की जाए।?सत्यापन या नाटक? केवल फाइलों पर दस्तखत न हों, बल्कि अधिकारी मौके पर जाकर ईंट और पत्थर गिनें।




### प्रशासन की साख दांव पर

यह मामला सिर्फ भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि सीतापुर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर एक गहरा बदनुमा दाग है। अगर समय रहते इन 'कागजी फर्मों' का गला नहीं घोंटा गया, तो मछरेहटा का यह घोटाला जनपद के सबसे बड़े भ्रष्टाचार कांड के रूप में सामने आएगा।?अब गेंद प्रशासन के पाले में हैः क्या साहब लोग कुर्सी छोड़कर जमीनी हकीकत देखेंगे, या फिर फर्जी फर्मों का यह खेल यूं ही ''ऊपर से नीचे तक'' चलता रहेगा।

# मैलानी नगर पंचायत में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण

❒ एसडीएम रेनू मिश्रा ने दिलाई शपथ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी की मैलानी नगर पंचायत में नव-नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। न्यायिक उप जिलाधिकारी (एसडीएम) रेनू मिश्रा ने राजेश सिंह राठौर, श्रीमती मंजुलता श्रीवास्तव और गोविंद कुशवाहा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पंचायत परिसर में जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों की अच्छी-खासी मौजूदगी रही।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत तरीके से की गई, जिसमें एसडीएम रेनू मिश्रा ने क्रमवार तीनों नामित सभासदों को शपथ दिलाते हुए उनके दायित्वों की जानकारी दी। शपथ के दौरान सभी सभासदों ने संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के साथ ही तीनों सदस्यों ने नगर पंचायत के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की जिम्मेदारी संभाल ली।इस अवसर पर एसडीएम रेनू मिश्रा ने नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के विकास में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करें और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने पारदर्शिता और जनसहभागिता को विकास की कुंजी बताते हुए ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।शपथ ग्रहण के बाद सभासदों ने भी अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, सड़कों की मरम्मत, जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करना और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि वे आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभी सभासद, कर्मचारीगण, अध्यक्षा पति भवानी शंकर महेश्वरी, गुरमीत कौर, सुरेंद्र मिश्रा, रॉबर्ट विलियम सैमसन, सुभाष गोयल, सरस्वती धुरिया, अनिता कौर, भगवत स्वरूप सहित अन्य गणमान्य लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नव-नामित सभासदों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।समारोह शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के साथ ही मैलानी नगर पंचायत को नए जनप्रतिनिधियों के रूप में तीन सक्रिय सदस्य मिल गए हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## मामूली विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। बीती रात थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव बरीखास में मामूली विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस विवाद में मृतक का भाई भी घायल हुआ है। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया है। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।पुलिस के अनुसार, बीती रात थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव बरीखास निवासी 25 वर्षीय श्याम सुंदर का गांव के ही रिश्तेदार अजयभान और धनवीर आदि से मामूली बात पर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में गाली-गलौज और मारपीट हुई। जिसके बाद रिश्तेदार ने ही श्याम सुंदर को गोली मार दी और मारपीट में श्याम सुंदर का भाई घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। परिजनों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने श्याम सुंदर को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके भाई का उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार और सीओ सदर प्रयांक जैन ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली।

# किसान दिवस में उठीं 15 समस्याएं, जिलाधिकारी ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में माह अप्रैल 2026 के किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से संबंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान बन्धु व किसान संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किसान दिवस में सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक, सीतापुर के द्वारा किसान दिवस में प्रतिभाग करने वाले सभी कृषकों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुये अवगत कराया गया कि विभाग से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का लाभ उठाने हेतु फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है अतएव समस्त किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक रूप करा लें। तदोपरान्त जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा कृषक भाइयों को चूहा एवं छछूंदर से होने वाले रोग जैसे लेप्टोस्पायरोसिस एवं स्क्रब टाइफस से बचाव के विषय में जानकारी दी गयी साथ ही गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया।किसान दिवस में कृषक बन्धुओं/किसान संगठनों के स्तर से कुल 15 समस्याएं प्राप्त हुयीं। प्राप्त समस्याओं को अध्यक्ष महोदय द्वारा सुना गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभाग समस्याओं का निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं निस्तारण आख्या सम्बन्धित कृषक को प्रेषित की जाये व प्रतिलिपि उप कृषि निदेशक, सीतापुर को अवश्य उपलब्ध करायी जाये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कृषक बन्धुओं से अपील की गयी कि गेहूं फसल की कटाई लगभग समाप्ति पर है, इस समय यदि किसी किसान भाई को जमीन की पैमाइश, पराली, खाद अथवा नहर में पानी से सम्बन्धित कोई समस्या होती है तो वह तत्काल रूप से अवगत कराएं जिससे समय से समस्या का निदान किया जा सकें।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान भाई उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय स्वर दिवस पर 'सुरों की धार 40 पार' कार्यक्रम आयोजित

शाहजहांपुर। अंतर्राष्ट्रीय स्वर दिवस के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को अटल सभागार में भोर फाउडेशन लखनऊ के सहयोग से प्रयास संस्था द्वारा वरिष्ठ गायक कलाकारों के लिए सुरों की धार 40 पार कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मां सरस्वती और संगीत शिरोमणि आशा भोसले और पंडित रामकुमार शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने गायिका आशा भोसले के संगीत सफर को नमन करते हुए कहा कि उनके गीतों को आज भी गुनगुनाया जाता है और गुनगुनाया जाता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के पूर्व जिला गवर्नर संजय चोपड़ा ने इलेक्ट्रिक गिटार पर मनमोहक धुन प्रस्तुत की। गायक मनोज खुराना और विकास मेहरा ने अपने गीतों से श्रोताओं को बांधे रखा। शाहबाद से आई सुमन प्रकाश के गायन को भरपूर तालियां मिलीं। कार्यक्रम से पूर्व भोर फाउंडेशन की अध्यक्षा स्वाति सिंह व युवक बिरादरी की महिला प्रमुख चित्रा सक्सेना ने पुष्पगुच्छ देकर वित्त मंत्री का स्वागत किया।

# कर्नल्स एकेडमी ग्लोबल ने फिर रचा सफलता का इतिहास, 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत




**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

शाहजहांपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कर्नल्स एकेडमी ग्लोबल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 26 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। जिसमें विद्यालय के टॉपर वेदांश विश्वकर्मा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि द्वितीय स्थान पर वर्णिका दीक्षित और पार्थ मिश्रा ने 97 प्रतिशत अंक और तृतीय स्थान पर जगृति वर्मा 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होनें ने बताया कि हमे पूरा विश्वास है कि छात्र भविष्य में भी इसी सफलता के साथ सफलता की सीड़ियां चढते रहेगे।

# नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में स्कूटी रैली व हस्ताक्षर अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फतेहपुर । उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में बुधवार को भाजपा की महिला पदाधिकारियों व सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं द्वारा नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बाद में स्कूटी रैली निकाली गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो आईटीआई मैदान से आगे बढ़ते हुए पटेल नगर चौराहा, बुलेट चौराहे से पथरकटा चौराहे से आईटीआई मैदान में पूर्ण हुई।जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज में सभी को बराबरी का हक देने के उद्देश्य से सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। हमारी मातृशक्तियों को सशक्त बनाने को लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम आने वाले समय में बड़े मजबूत आधार के रूप में देखा जायेगा।जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि बुधवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा हस्ताक्षर बैनर लगाया गया। वहीं बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक दूसरे का हाथ पकड़ नारी दीवार बना सशक्तिकरण का सन्देश दिया गया। जिसमें जिला महामंत्री सुशीला मौर्या, रेखा सरोज, सुनिधि तिवारी, आशुतोष त्रिवेदी, पंकज त्रिपाठी, पुष्पराज पटेल, विमलेश पान्डेय सहित पार्टी पदाधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर अभियान में सकारात्मक योगदान दिया गया, जहां महाविद्यालय की छात्राएं व बड़ी संख्या में सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं द्वारा उत्साह से अपना हस्ताक्षर करके बिल को समर्थन दिया गया। इस मौके पर गायत्री सिंह, मंजू शुक्ला, बबुनी निषाद, ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, विजय लक्ष्मी साहू, सेल त्रिपाठी, मधु शर्मा, संजना द्विवेदी, रेखा सरोज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।




## राज्य मंत्री सुरेश राही ने खोला मोर्चा, बिजली विभाग के एसडीओ पर अवैध वसूली का आरोप

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।उन्होंने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर हरगाँव क्षेत्र में 33/11 केवी काजीकमालपुर पावर हाउस डिवीजन हरगांव के एसडीओ अब्दुल अजीज के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। अवैध वसूली का मामले में मंत्री ने पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम स्न्नूपुर निवासी भोगलाल ने शिकायत की है कि एसडीओ ने उन्हें डरा-धमकाकर रात के समय 11,000 रुपये नकद वसूल लिए।आरोप है कि अधिकारी ने अपना मोबाइल नंबर देकर 4 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग भी की है।राज्य मंत्री ने खराब कार्यशैली को लेकर सुरेश राही ने पत्र में स्पष्ट कहा है कि क्षेत्र से लगातार उक्त अधिकारी के खिलाफ अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही हैं।उनकी इस कार्यशैली से जनता के बीच सरकार की छवि खराब हो रही है।मंत्री ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में तुरंत आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो वह इसे उच्च स्तर पर ले जाने के लिए विवश होंगे।मंत्री ने प्रबंध निदेशक से इस मामले को गंभीरता से लेने और अवैध वसूली पर अंकुश लगाने के लिए अविलम्ब कार्रवाई करने को कहा है। पत्र की एक प्रति मुख्य अभियंता, विद्युत वितरण, सीतापुर को भी भेजी गई है।

## अंबेडकर जयंती पर मूर्ति विवाद के बाद पुलिस का एक्शन, 19 गिरफ्तार, 74 नामजद-200 अज्ञात पर केस दर्ज



**लखीमपुर खीरी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद लखीमपुर खीरी में 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर एक ही समाज के दो गुटों के बीच विवाद और झड़प का मामला सामने आया, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि जिला प्रशासन और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से हालात पर जल्द ही काबू पा लिया गया और अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और पुलिस-प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है।जानकारी के अनुसार, भीम आर्मी के कार्यकर्ता एक स्थान पर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कर रहे थे, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। इसी दौरान कहासुनी बढ़कर झड़प में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच छीना-झपटी शुरू हो गई। इस दौरान प्रतिमा को नुकसान पहुंचा, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और एएसपी पवन गौतम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) अमित कुमार राय ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते ऐसे प्रयासों को विफल कर दिया गया। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है, ताकि कोई भ्रामक सूचना न फैले।इस मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 74 लोगों को नामजद और करीब 200 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। 15 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है और अधिकारी लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# सांसद उत्कर्ष वर्मा की मांग पर कार्रवाई, रेल मंत्री ने सर्वे को दी स्वीकृति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**




लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी की बहुप्रतीक्षित लखीमपुर-मैलानी-नानपारा रेल परियोजना को लेकर अब सकारात्मक संकेत मिले हैं। खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा द्वारा लोकसभा के बीते सत्र के शून्यकाल में उठाए गए इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर रेल मंत्रालय ने प्रतिक्रिया देते हुए नानपारा-मैलानी रेल खंड के सर्वे को मंजूरी दे दी है।

हालांकि, लखीमपुर और गोला गोकरननाथ से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा की मांग पर स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका है।सांसद उत्कर्ष वर्मा ने लोकसभा में अपने क्षेत्र की प्रमुख रेल समस्याओं को उठाते हुए लखीमपुर को बेहतर रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने की मांग की थी। उन्होंने विशेष रूप से लखीमपुर-मैलानी-नानपारा रेल लाइन के निर्माण और लखीमपुर तथा गोला गोकरननाथ से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन चलाने की जरूरत पर जोर दिया था। इस मुद्दे को क्षेत्रीय विकास और आम जनता की सुविधा से जुड़ा बताते हुए उन्होंने इसे प्राथमिकता देने की मांग की थी।सांसद के सवालों के जवाब में रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने जानकारी दी कि नानपारा-मैलानी रेल खंड के सर्वे को मंजूरी दे दी गई है। यह सर्वे परियोजना के भविष्य को तय करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। सर्वे के बाद ही आगे निर्माण और बजट आवंटन की प्रक्रिया तय होगी।रेल राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि वर्तमान में लखीमपुर खीरी और गोला गोकरननाथ, सीतापुर से रेल मार्ग के जरिए जुड़े हुए हैं। दोनों स्थानों से सीतापुर के लिए 5-5 जोड़ी ट्रेन सेवाएं संचालित हो रही हैं। वहीं, सीतापुर से दिल्ली के बीच भी 5 जोड़ी ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को परोक्ष रूप से दिल्ली तक पहुंचने की सुविधा मिल रही है।हालांकि, लखीमपुर और गोला गोकरननाथ से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग पर मंत्री ने कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की। उन्होंने इस विषय को प्रक्रिया में बताते हुए कहा कि नई ट्रेन सेवाओं को लेकर विचार-विमर्श और तकनीकी प्रक्रिया जारी है। उनके जवाब को लेकर क्षेत्र में मिश्रित प्रतिक्रिया देखी जा रही है, जहां लोग एक ओर सर्वे मंजूरी को सकारात्मक कदम मान रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सीधी दिल्ली ट्रेन को लेकर स्पष्टता न होने से निराशा भी जताई जा रही है।स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का मानना है कि यदि लखीमपुर और गोला गोकरननाथ से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू होती है, तो इससे क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में काफी सुधार होगा। साथ ही, इससे यात्रियों को बार-बार ट्रेन बदलने की परेशानी से भी राहत मिलेगी।फिलहाल, नानपारा-मैलानी रेल खंड के सर्वे को मंजूरी मिलने के बाद इस परियोजना को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। अब सभी की नजरें सर्वे रिपोर्ट और उसके बाद होने वाले फैसलों पर टिकी हैं, जो इस क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को नई दिशा दे सकते हैं।

# डॉ. जीएल कनौजिया स्कूल ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



शाहजहांपुर। डॉ. जीएल कनौजिया पब्लिक स्कूल द्वारा शीला हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ डॉ. संजीव कनौजिया ने किया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतुराज शास्त्री ने स्कूल के छात्र- छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकता अनुसार परामर्श दिया और निःशुल्क दवाईयां वितरित की। दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया मिश्रा ने बच्चों के साथ ही अभिभावकों के दांतों की जांच की और दांतों को स्वच्छ और मजबूत रखने के टिप्स बताए। वहीं, डॉ. आकाश डीएनबी ने बच्चों की रीढ़ की हड्डी आदि की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस दौरान डॉ. रश्मि कनौजिया ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति डा. जीएल कनौजिया पब्लिक स्कूल सजग है, इसलिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर महीने में दो बार आयोजित किया जाएगा। ताकि छात्र- छात्राओं की लंबाई, वजन, दांतों से जुड़ी समस्याओं के अलावा शरीर के अंदर किसी भी प्रकार की बीमारी का समय रहते उपचार किया जा सके। डॉ. रश्मि ने बताया कि शीला ट्रामा सेंटर में अब कैंसर का इलाज भी संभव है और आयुष्मान धारकों के लिए निःशुल्क इलाज की पूर्ण रूप से व्यवस्था भी की गई है। शिविर में डॉ. सचिता पाण्डेय एमडी पैथोलॉजी सहित शीला हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का स्टाफ, छात्र- छात्राएं और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रतियोगिताओं व व्याख्यानों के माध्यम से बच्चों को किया जागरूक

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्निशमन एवं आपात सेवा ने विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताओं एवं व्याख्यानों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। यह जन-जागरूकता कार्यक्रम एसपी के निर्देश और एसपी सिटी के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता एवं जागरूकता व्याख्यान आयोजित किए गए और छात्र-छात्राओं को अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों, सतर्कता एवं प्राथमिक सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सही कार्रवाई, अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले आवश्यक कदमों के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। एसपी सिटी ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं आमजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी प्रयास किया गया।

# आगरा की घटना से ब्राह्मणों में आक्रोश, उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

❒ भारी संख्या में ब्राहमण तहसील पहुंचे और मुख्य मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपे ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंदौसी ,संभल। जनपद के चन्दौसी नगर में आगरा के परशुराम चौक पर हुई अभद्रता के विरोध में ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा ।

ब्राह्मण शक्ति संघ के सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्रित होकर तहसील पहुंचे वहां पर आगरा प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए उसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सोपा ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से आगरा में परशुराम चौक पर भीम आर्मी व एक वर्ग विशेष के द्वारा परशुराम चौक पर की गई अभद्रता और उत्पात का कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया भगवान परशुराम चौक पर उपद्रव करने वाले इन सभी उपद्रवियों को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार किया जाए व उन पर कठोर से कठोर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाए सभी उपद्रवियों पर बुलडोजर कार्रवाई की जाए ब्राह्मण शक्ति संघ के संरक्षक बनवारी लाल पाठक ने कहा की ब्राह्मण समाज का आए दिन किसी न किसी रूप में अपमान होता रहता इस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए ,विकास मिश्रा ने कहा कि सवर्ण आयोग का गठन होना चाहिए ,मुकेश गौड ने कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी । संगठन के अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा की कठोर से कठोर कार्यवाही नहीं होती है तो उत्तर प्रदेश के प्रत्येक शहर व कस्बे में ब्राह्मण शक्ति संघ के सदस्य व पदाधिकारी आंदोलन करेंगे आंदोलन बहुत उग्र होगा अब ब्राह्मण समाज का अपमान किसी भी हालत में नहीं सहा जाएगा ज्ञापन देते समय बनवारी लाल पाठक, मुकेश गौड़,विवेक मिश्रा, विवेक शर्मा गुमथल, सचिन मिश्रा ,सचिन शर्मा, राजेश शर्मा, अमोल शर्मा,ब्रजेश शर्मा,विनीत शर्मा ,अविरल शर्मा ,निशांत शर्मा,पराग शर्मा, विकास मिश्रा,योगेश भारद्वाज, अवनीश शर्मा, ओम शर्मा, राहुल मिश्रा एड, राहुल शर्मा,वैश्व मिश्रा,हर्ष उपाध्याय,विभोर भारद्वाज, एड पिंटेश शर्मा आदि बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की राजनीति में लाएगा ऐतिहासिक बदलाव : बीएल वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित बिसौली विधानसभा के सम्मेलन को केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा दीक्षा माहेश्वरी ने सम्मेलन को संबोधित किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा आज जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाकर नारी सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करने का कार्य किया जा रहा है, तब यह पूरे देश की महिलाओं के लिए आशा, विश्वास और सम्मान का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी और परिवर्तनकारी पहल है। भारत सरकार द्वारा लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर उन्हें नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। यह अधिनियम केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को सशक्त नेतृत्व के रूप में स्थापित करने का माध्यम भी बनेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, समावेशी और भविष्य उन्मुख बनाएगी।जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के आत्मविश्वास को नई मजबूती देगा और उन्हें राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने वाली भूमिका में आगे आएंगी, तो नीतियों में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनकल्याण की भावना और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में महिलाओं के उत्थान के लिए जो ठोस कदम उठाए हैं, उनका ही परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भागीदारी सुनिश्चित करेगा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने कहा यह अधिनियम केवल एक कानूनी व्यवस्था नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों, संघर्षों और अधिकारों को साकार करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा दीक्षा माहेश्वरी ने कहा पिछले एक दशक में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व प्रेरणादायक रहा है, जिससे महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हुई हैं। मंच का संचालन नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सविता शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुड़िया धुरेकी चैयरमैन अनुपम पाठक, जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय, अहिता दुबे, निर्मल कठेरिया, डॉ सुविधा माहेश्वरी, ऋतु अग्रवाल, मिथिलेश आदि मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# सिर्फ 9 महीने में संवरा संभल का ऐतिहासिक इतिहास: कारवां सराय गेट का शानदार कायाकल्प, शाहजहां काल की भव्यता वापस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल । जिले के सोंधन मुहम्मदपुर स्थित ऐतिहासिक कारवां सराय के प्रवेश द्वार ने एक बार फिर अपना खोया हुआ गौरव हासिल कर लिया है। शाहजहां के काल की मानी जाने वाली इस धरोहर का जीर्णोद्धार कार्य लगभग नौ महीने (13 जून 2025 से 27 फरवरी 2026) के अथक प्रयास के बाद सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मेरठ मंडल द्वारा 10-06-1933 की अधिसूचना संख्या ठ्घ 385 के तहत संरक्षित इस स्थल पर किए गए उत्कृष्ट कार्य में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया का विशेष और सकारात्मक योगदान रहा।

## एएसआई की पारंपरिक तकनीक से संवरी शाहजहां कालीन भव्यता

कारवां सराय का यह प्रवेश द्वार अपने आप में मुगलकालीन वास्तुकला का एक बेजोड़ नमूना है, जिसे शाहजहां के काल का माना जाता है। लंबे समय के प्रभाव के चलते यह जर्जर स्थिति में पहुंच गया था। इसके ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मेरठ मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद् विनोद सिंह रावत ने अपनी संरक्षण नियमावली के तहत पारंपरिक तकनीकों का बेहतर इस्तेमाल कर इसे नया जीवन दिया है। प्रवेश द्वार में एक केंद्रीय मार्ग और दोनों ओर दो मंजिला पहरेदारों के कमरे हैं, जिन तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां और मेहराबदार प्रवेशिकाएं बनी हैं। जीर्णोद्धार के बाद इन मेहराबों और दीवारों की भव्यता अब सामने आई तस्वीरों में साफ देखी जा सकती है, जहां उगी हुई झाड़ियों और टूटी दीवारों की जगह अब एक सुरक्षित और संरक्षित ढांचा खड़ा है, जो इसे संभल के एक प्रमुख आकर्षण के रूप में स्थापित करता है।

## जिलाधिकारी के प्रयासों से आसान हुई राह

इस बड़े और ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की सफलता में संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की भूमिका बेहद अहम रही। किसी भी प्राचीन स्मारक के आसपास समय के साथ कुछ निर्माण हो जाते हैं, जिन्हें व्यवस्थित करना एक बड़ी चुनौती होती है। डीएम ने इस धरोहर के महत्व को समझते हुए व्यक्तिगत रुचि ली और प्रशासन की कुशल कार्यप्रणाली से आसपास के ऐसे निर्माणों को शांतिपूर्ण ढंग से हटवाया। उनके इस सहयोगात्मक कदम और कुशल नेतृत्व की वजह से ही एएसआई की टीम बिना किसी रुकावट के तय समय सीमा (27 फरवरी 2026) के भीतर इस जटिल संरक्षण कार्य को सुगमता से अंजाम दे सकी।

## पर्यटन को मिलेगा पंख, स्थानीय लोगों के लिए खुलेंगे विकास के द्वार

ऐतिहासिक स्मारकों का जीर्णोद्धार सिर्फ ईंट और पत्थरों को सहेजना नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने का एक शानदार अवसर है। कारवां सराय के इस नए और आकर्षक स्वरूप से भविष्य में संभल में पर्यटन को बड़ा बढ़ावा मिलने की पूरी उम्मीद है। इससे स्थानीय निवासी अपनी अनमोल विरासत से तो परिचित होंगे ही, साथ ही रोजगार और विकास के नए साधन भी उत्पन्न होंगे। स्मारक की नियमित देखभाल के लिए विभाग द्वारा भविष्य में एक कर्मचारी (बहु-कार्य कर्मचारी/ अनौपचारिक श्रमिक) की नियुक्ति की सुदृढ़ योजना भी है, ताकि इसकी सुंदरता और सुरक्षा हमेशा बनी रहे।

## पांच अन्य ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण की भी तैयारी

कारवां सराय प्रवेश द्वार के शानदार कायाकल्प के बाद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने जिले की अन्य ऐतिहासिक संपदाओं को भी इसी तर्ज पर सहेजने का बेहतरीन खाका तैयार कर लिया है। आगामी कार्ययोजना के मुताबिक, सोंधन मुहम्मदपुर में ही कारवां सराय की मस्जिद और प्रवेश द्वार के शेष कार्य को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा फिरोजपुर का पुराना किला और उसके अवशेष, चंदायन स्थित चंद्रेश्वर खेड़ा की चारदीवारी और गुमथल खेड़ा के प्राचीन टीले की चारदीवारी का भी योजनाबद्ध तरीके से संरक्षण किया जाएगा। प्रशासन और एएसआई का यह साझा और सकारात्मक प्रयास संभल को उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख ऐतिहासिक और पर्यटन केंद्र के रूप में उभारने में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

## ज्यूडिशियल ऑफिसर्स स्पोर्ट्स मीट पर 24 व 25 अप्रैल को कोर्ट बंद

बदायूँ। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों के क्रम में जनपद न्यायाधीश ने जानकारी देते हुए बताया है कि 24 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) एवं 25 अप्रैल 2026 (चतुर्थ शनिवार) को ज्यूडिशियल ऑफिसर्स स्पार्ट्स मीट के अवसर पर उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के जिला न्यायालयों में अवकाश घोषित किये जाने एवं इन अवकाशों के एवज में कोई भी दो चतुर्थ शनिवार को कार्य दिवस घोषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं। उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त पत्र के परिप्रक्ष्य में जनपद न्यायालय, बदायूँ एवं समस्त बाहय स्थित न्यायालयों में 24 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) एवं 25 अप्रैल 2026 (चतुर्थ शनिवार) को ज्यूडिशियल ऑफिसर्स स्पार्ट्स मीट के अवसर पर अवकाश घोषित किया है एवं इन घोषित अवकाशों के एवज में 26 सितम्बर 2026 (चतुर्थ शनिवार) व 24 अक्टूबर 2026 (चतुर्थ शनिवार) को समस्त न्यायालय न्यायिक कार्य सम्पादित किये जाने हेतु खुले रहेंगे।

## कोर्ट में अभियुक्तों की फर्जी जमानत लेने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले की थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने बुधवार को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी जमानत लेने वाले अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया।थाना प्रभारी रसूलपुर प्रदीप कुमार ने बताया कि गांव जाटऊ निवासी होरीलाल ने 22 दिसम्बर 2025 को अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीके सहित छह अभियुक्तों के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर न्यायालय मे अभियुक्तगण की फर्जी जमानत लेने के सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी।थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ बुधवार को क्षेत्र में गश्त पर थे, तभी उन्होंने सूचना पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अभियुक्तों की फर्जी जमानत लेने वाले अभियुक्त नगला कूप निवासी वीरेन्द्र उर्फ वीके, वीरपाल और गढी सिधारी निवासी यादराम को मोढा चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तगण वीरेन्द्र उर्फ वीके, वीरपाल व यादराम अन्य व्यक्ति को नाम पता प्रयोग कर मुकदमों से सम्बन्धित अभियुक्तों की न्यायालय मे फर्जी जमानत दिलाने का कार्य करते थे।अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

## पंचायत चुनाव : पुनरीक्षण के बाद लगभग 37 हजार वोटर बढ़ गए



मुरादाबाद,**कैनविज टाइम्स संवाददाता** । पंचायत चुनाव में पुनरीक्षण के बाद मुरादाबाद जनपद में लगभग 37 हजार वोटर बढ़ गए हैं। फाइनल मतदाता सूची तो बाइस अप्रैल को जारी होगी लेकिन पंचायतों में लोग अपनी वोटर लिस्ट देखने की राह देख रहे हैं। वोटर लिस्ट में दावे आपत्तियों की सुनवाई होने के बाद जिले में 15.10 लाख मतदाता हो गए हैं।पंचायतों में अभी चुनाव नहीं होगा लेकिन तैयारियों में कसर नहीं है। खासकर पंचायत में चुनाव के लिए तैयारी में जुटे नेता मतदाता सूची को लेकर काफी इंतजार में हैं। पुनरीक्षण ड्रॉफ्ट सूची और इसके बाद दावे आपत्तियों का दौर चला। दावे आपत्तियों की सुनवाई के बाद फाइनल सूची अब 22 अप्रैल को जारी होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम ने बताया कि फाइनल सूची की तैयारी हो चुकी है,जो अब 22 अप्रैल को जारी होगी।डुप्लीकेट वोटरों के 52 हजार नाम कटे : लखनऊ से जिलों को भेजी डुप्लीकेट वोटरों की सूची में मुरादाबाद में 4.66 लाख वोटर थे जिनका सत्यापन बीएलओ के माध्यम से करवाया गया। सत्यापन में लगभग 52 हजार वोटरों के नाम हटाए गए। पंचायत चुनाव की अब फाइनल लिस्ट जारी की जा रही है।

## तेंदुए के हमले से घायल मासूम की हालत में अभी सुधार नहीं

**मुरादाबाद,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कांठ क्षेत्र के गांव दरियापुर के जंगल में तेंदुए के हमले से घायल हुए तीन साल के मासूम हर्ष की हालत में अभी सुधार नहीं है। परिजन मेरठ के मेडिकल हॉस्पिटल में उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों में भी तेंदुए की दहशत बरकरार है। उन्होंने तेंदुए को पकड़े जाने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है।कांठ तहसील क्षेत्र के गांव दरियापुर के रहने वाले सुनील कुमार तीन दिन पूर्व शनिवार की शाम अपनी पत्नी विमलेश के साथ खेत पर गन्ने की खोदाई कर रहे थे। यहीं पास में ही खेत में उनका तीन साल का मासूम बेटा भी खेल रहा था। इस दौरान खेत में गन्ने के बीच छिपकर बैठे तेंदुए ने अचानक हर्ष पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सुनील और विमलेश ने जैसे-तैसे हर्ष को तेंदुए के चंगुल से छुड़ाया था। वह उसे लहूलुहान हालत में इलाज के लिए कांठ सीएचसी लाए थे, यहां से हर्ष को जिला अस्पताल ले गए, वहां से भी उसे मेरठ रेफर कर दिया गया था। बुधवार शाम को घायल बच्चे के ताऊ कृष्णवीर सिंह ने बताया कि अभी उनके भतीजे की हालत में सुधार नहीं है।

## 21 अप्रैल का जिला सैनिक बंधु बैठक, सैनिकों की समस्याओं के लिये 20 अप्रैल तक दें आवेदन

**बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ले0कर्नल संदीप सिंह (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों व दिवगंत सैनिकों की विधवाओं को सूचित किया है कि उनकी कल्याणकारी समस्त समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में 21 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे से 04:00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार बदायूँ में होगी। उन्होंने कहा है कि यदि किसी भूतपूर्व सैनिक/ दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की कोई समस्या है तो वह अपना प्रार्थना-पत्र दो प्रतियों में 20 अप्रैल 2026 अपरान्ह 5 बजे तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र को कर रही और मजबूत: बीएल वर्मा

**बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत महिलाओं द्वारा सिग्नेचर वॉल पर हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया तथा भव्य स्कूटी रैली को केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सादर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया। तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत जनपद के उझानी, दातागंज, विभिन्न स्थानों पर महिलाओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। यह स्कूटी रैली का नेतृत्व अभियान संयोजक सीमा राठौर, रचना शंखधार, राजवती वर्मा ने किया। जो कि बदायू क्लब से प्रारंभ होकर भामाशाह चौक, इंद्रा चौक, बाबूराम मार्केट, दिनेश चौक, परशुराम चौक, महाराणा प्रताप चौक, पुलिस लाइन होते हुए पुनः बदायू क्लब पर समापन हुई। रैली के दौरान पूरे मार्ग में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और आमजन ने भी इसका स्वागत किया। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। यह केवल कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उज्ज्वल भविष्य का आधार है। आज महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह साबित करती है कि वे हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। साथ उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व देकर लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा आज की यह स्कूटी रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन का स्वरूप ले चुकी है। गांव-गांव, शहर-शहर महिलाएं आगे आकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। आज महिलाओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है, कि वे देश के विकास में बराबरी से अपनी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल ने कहा यह स्कूटी रैली समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही है। महिलाओं का इस तरह संगठित होकर आगे आना यह सिद्ध करता है कि अब वे हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए आगे बढ़ रही हैं। यह अभियान आने वाले समय में नारी सशक्तिकरण की नई मिसाल बनेगा। इस अवसर पर अमित उपाध्याय, रजनी मिश्रा मोनिका गंगवार, जय साहू, योगिता रस्तोगी, समीक्षा शर्मा, ममता वर्मा, अंजली महाजन, सोनी गुप्ता, कविता शर्मा, नीलू मिश्रा, राना समीम, अंजू राठौर, कुष्म सक्सेना, गुड्डी राघव, उर्मिला, रेखा, महिमा, मीनाक्षी आदि मातृशक्ति उपस्थित रही।

# विभिन्न पेंशन योजनाओं के माध्यम से जनपद में सामाजिक सुरक्षा को मिला सशक्त आधार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जनपद में पेंशन योजनाओं के जरिए लाखों लाभार्थियों को मिला आर्थिक संबल

बदायूँ। जनपद बदायूँ में शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन तथा दिव्यांगजन पेंशन जैसी योजनाओं के जरिए लाखों लाभार्थियों को आर्थिक संबल प्रदान कर उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाया गया है। वर्ष 2012 से वर्ष 2025 तक के आंकड़ों का अवलोकन करने पर यह स्पष्ट होता है कि इन योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है तथा सरकार द्वारा वितरित की गई धनराशि में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2012 से मार्च 2017 तक कुल 31,960 महिलाओं को लाभान्वित किया गया, जिनके लिए लगभग 5451.11 लाख रुपए की धनराशि व्यय की गई। वहीं अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक इस योजना का विस्तार करते हुए 64,152 महिलाओं को लाभ प्रदान किया गया, जिनके लिए लगभग 38,268.28 लाख रुपए की धनराशि वितरित की गई। यह वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा को लेकर गंभीर है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2012 से मार्च 2017 तक 56,891 बुजुर्गों को 2759.95 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की गई। इसके बाद अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 81,529 हो गई, जिनके लिए 9665.36 लाख रुपए की धनराशि वितरित की गई। इस योजना के माध्यम से बुजुर्गों को उनके जीवनयापन हेतु नियमित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत भी उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। वर्ष 2012 से मार्च 2017 तक 16,909 दिव्यांगजनों को लगभग 9.76 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई। वहीं अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक 18,280 लाभार्थियों को लगभग 12.05 करोड़ रुपए की धनराशि वितरित की गई। यह योजना दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य कर रही है।महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत भी निराश्रित महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है। निराश्रित महिला पेंशन योजना के विस्तार के साथ-साथ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी अन्य योजनाओं के माध्यम से भी बालिकाओं एवं महिलाओं के कल्याण हेतु कार्य किया जा रहा है। हालांकि पेंशन योजनाओं का सीधा संबंध सामाजिक सुरक्षा से है, लेकिन अन्य योजनाओं के साथ इनके समन्वय से समग्र विकास को बढ़ावा मिला है। पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे धनराशि हस्तांतरित की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त हो जाती है। इसके साथ ही समय-समय पर लाभार्थियों का सत्यापन भी किया जाता है, जिससे पात्र व्यक्तियों को ही योजना का लाभ मिल सके। विभिन्न पेंशन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के कमजोर वर्गों में आर्थिक स्थिरता आई है। निराश्रित महिलाओं को जहां आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है, वहीं बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने में सहायता प्राप्त हो रही है। दिव्यांगजनों के लिए भी यह योजनाएं संबल का कार्य कर रही हैं, जिससे वे अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा कर पा रहे हैं। सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित न रहे। इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और योजनाओं के दायरे को और अधिक व्यापक बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। भविष्य में भी पेंशन योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।जनपद बदायूँ में पेंशन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से शासन एवं प्रशासन की समन्वित कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप सामाजिक सुरक्षा का दायरा निरंतर विस्तारित हो रहा है। इससे न केवल जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता मिल रही है, बल्कि समाज में समानता एवं समावेशन को भी बढ़ावा मिल रहा है। विभिन्न पेंशन योजनाएं समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी हैं। इन योजनाओं के माध्यम से सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से जनपद में सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

# टायर फटने से डीसीएम पलटी, 23 सवार घायल, 3 की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में बुधवार को हाईवे पर एक तेज रफ्तार डीसीएम का टायर फटने से बड़ा हादसा हो गया। अनियंत्रित होकर वाहन सड़क पर पलट गया, जिससे उसमें सवार 23 लोग घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। सभी यात्री सिकरीगंज क्षेत्र के महादेव गांव से तरकुलहा देवी के दर्शन के लिए जा रहे थे। यात्रा के दौरान जैसे ही डीसीएम रामगढ़ताल इलाके के पास पहुंची, अचानक उसका टायर फट गया। तेज गति में होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और डीसीएम पलट गई।जानकारी के अनुसार, सभी यात्री सिकरीगंज क्षेत्र के महादेव गांव से तरकुलहा देवी के दर्शन के लिए जा रहे थे। यात्रा के दौरान जैसे ही डीसीएम रामगढ़ताल इलाके के पास पहुंची, अचानक उसका टायर फट गया। तेज गति में होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और डीसीएम पलट गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।घायलों में महिलाओं और बच्चों की भी संख्या बताई जा रही है।

चिकित्सकों के अनुसार, तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी में रखा गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना तेज था कि वाहन पलटते ही उसमें सवार लोग इधर-उधर गिर गए। कई लोग वाहन के नीचे दब गए थे, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं।प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह टायर फटना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। प्रशासन की ओर से घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था कराई गई है। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

# किसान दिवस में कृषकों की समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा

❒ फार्मर रजिस्ट्री कराने पर दिया गया विशेष जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**बदायूँ।** उप कृषिनिदेशक की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 30 अप्रैल 2026 तक जनपद के सभी कृषक अपनी-अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, अन्यथा 01 मई 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं कृषि तथा संबद्ध विभागों की योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री नजदीकी जन सेवा केंद्र, कृषि विभाग के कर्मचारी, लेखपाल अथवा पंचायत सहायक के माध्यम से आसानी से करा सकते हैं। नेडा अधिकारी द्वारा पीएम सूर्य घर: बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि यह योजना मार्च 2027 तक संचालित रहेगी। इस योजना के माध्यम से किसान उपभोक्ता से उत्पादक बन सकते हैं और ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के दौरान किसानों ने कोल्ड स्टोरेज के किराये से संबंधित समस्या उठाई, जिस पर जिला उद्यान अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। ग्राम गुलडिया के किसान द्वारा नाले की अधिक चौड़ाई के कारण सड़क निर्माण में आ रही समस्या को उठाया और नाले की चौड़ाई कम कर सड़क निर्माण कराने की मांग की। किसान दिवस में प्राप्त समस्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस अवसर पर बैंक, कृषि, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना, मण्डी, पशुपालन, खाद्य विपणन एवं उद्यान विभाग से जुड़े समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# रयगाँव ने मानक के विपरीत बनी इंटरलॉकिंग से बनी सड़क टूटने लगी

**रयगाँव ने मानक के विपरीत बनी इंटरलॉकिंग से बनी सड़क टूटने लगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की विकासखंड मुजेहना ग्राम पंचायत रयगांव के अलादीन पुरवा में तीन माह पूर्व मानक के विपरीत बन रही सड़क की खबर को कैनविज टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था और खं ड विकास अधिकारी से मानक के विपरीत बन र ही सड़क की जानकारी भी ली थी,उस समय खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सड़क का काम

रोक दिया गया है और जांच की जा रही है,लेकिन ग्राम प्रधान ने मुंबई में बैठकर सचिव से मिलकर भ्रष्टाचार की इबा़रत लिख दी है,मानक के विपरीत इंटरलॉकिंग से बनी सड़क तीन माह बीतने के बाद भुगतान से पहले ही धंसने लगी है,कई समाजसेवी अधिकारियों से इस विकास कार्य को श्रमदान घो षित करने की मांग कर रहे है।अलादीन पुरवा में हामिद अली के घर से बसीर के घर




तक करीब दो सौ मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण करीब छः लाख रुपये से हुआ है।यह काम मनरेगा मद से हो ना था लेकिन मुंबई में बैठकर ग्राम प्रधान ने सिर्फ दो तीन दिन के लिए नाम मात्र मनरेगा के मजदूरों से काम करवाया गया था। सूत्रों के अनुसार ग्राम प्रधान व सचिव ने मार्ग का निर्माण खुद न कराकर इसे ठेके पर देकर ठेकेदारों से निर्माण करवाया है। निर्माण के दौरान पहले से लगे खड़ंजे को खोदवा कर उस पर मिट्टी पटान कर पीले ईंट बजड़ी और बालू डाल कर ही इंटरलॉकिंग लगवा दी गई। सूत्रबता रहे है कि मार्ग के दोनों ओर बालू में नाम मात्र सीमेंट मिलकर ईंटों से एजिंग का निर्माण कराया गया।इसके कुछ दिन बाद मार्ग की एमबी करवाक र फाइल को भुगतान की प्रक्रिया में लगा दिया ग या है,मार्ग जगह-जगह से टूटकर धंस गया,ग्रामीणों ने मानक विहीन मार्ग का भुगतान रोकने व इस कार्य को श्रमदान घोषित करने की मांग की है,तीन माह पहले मानक के विपरीत बन रही सड़क को वीडियो ने बताया कि मानक विहीन निर्माण की शिकायत मिली है।जांच कर कार्रवाई की जाएगी।लेकिन वीडियो के ढुलमुल रवैया के कारण सड़क मानक के विपरीत बनकर तैयार हो गई और अब भुगतान की प्रक्रिया में फाइल लगा दी गई है।

**नौव्वा गाँव में वीडियो के ढुलमुलरवैया से मानक के विपरीत बनकर तैयार इंटरलॉकिंग सड़क ग्राम प्रधान सचिव ने इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में जमकर की भ्रष्टाचार इंटरलॉकिंग सड़क में मोरंग,सीमेंट की भराई की जगह बालू और मिट्टी से भराई की जा रही नौव्वा गाँव में ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलकर भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा पर कर दी. विकास खंड मुजेहना की ग्रामपंचायत नौव्वा गाँव में प्रधान और सचिव की मिलीभगत से नौव्वा**

गाँव में इंटरलॉकिंग सड़क धड़ल्ले से बन रही मान क विहीन बनने का आरोप लग रहा है।बता दे कि गोंडा जनपद के केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संस दीय क्षेत्र में विकासखंड मुजेहना की ग्राम पंचायत नौव्वा गाँव में मनरेगा की मद से बन रही इंटरलॉ किंग सड़क मानक विहीन बेहद घटिया बनाया जा ने का आरोप लगाया जा रहा है।प्रधान और सचिव की मिलीभगत से इंटरलॉकिंग सड़क में पीली व र द्दी ईट का प्रयोग किया जा रहा और बालू की जग ह पर मिट्टी खुलेआम इंटरलॉकिंग सड़क में डाली जा रही गिट्टी का प्रयोग नाम मात्र किया जा रहा है इंटरलॉकिंग में मिट्टी भरपूर तरीके से डाला जा रहा बगल की ईट वाली पट्टी को बालू से जोड़ा जा रहा है इस मानक विहीन इंटरलॉकिंग सड़क कितने दि न चलेगी सूत्रों की माने तो लोगों का कहना है ग्राम प्रधान दबंग होने की वजह से कोई अपनी आवाज नहीं उठा रहा मनमानी रवैया से इंटरलॉकिंग सड़ क बनकर तैयार हो गई है.वही लोगो की माने तो इतनी घटिया इंटरलॉकिंग सड़क पहले कभी भी न हीं बनी है वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि दबंग ग्राम प्रधान के द्वारा लोगों से कह रहे है कि हम मिट्टी डालकर ही बनवा आएंगे कोई हमारा कु छ नहीं बिगाड़ सकता जिसको जो करना है करें जो लिखना पढ़ना हो पढ़े जब तक वीडियो साहब हमारे साथ हैं जब तक हमारा कोई कुछ नहीं बि गाड़ सकता है,लेकिन वही सवाल उठना लाजिमी है कि इतने घटिया निर्माण से जिम्मेदार अधिकारि यो पर सवाल उठते हैं और जिम्मेदार मौन होने की वजह से इस तरह के निर्माण से सरकारी धन की लूट मची और जिस तरह से बंदरबांट हो रहा है जिम्मेदारों को कटघरे में सवाल खड़े करते हैं देख ने की बात अब यह होगी इन सरकारी खजाने की बंदरबांट करने वालों पर कब कार्यवाही होती है।

**टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः मंडलायुक्त**

मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में ज ब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दा श्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर में गड़बड़ीः मुख्य अभियंता मिले विधायक विनय त्रिवेदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मेहनौन विधानसभा क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों में तकनीकी खा मियों और गड़बड़ियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को मिल रहे अत्यधिक बिजली बिलों का मुद्दा भा जपा विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने उठाया है।

बुधवार को मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने देवीपाटन परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ से मुलाकात कर इस समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है।मुख्य अभियंता से वार्ता के दौरान विधायक द्विवेदी ने बताया कि उनके वि धानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं।उपभोक्ताओं का आरोप है कि नए स्मार्ट मीटर वास्तविक खपत से कहीं अधिक यूनिट दर्शा रहे हैं।कई मामलों में तो बिना बिजली उपयोग के भी मीटर की रीडिंग तेजी से बढ़ रही है,जिससे बिज ली बिल असामान्य रूप से बहुत अधिक आ रहे हैं।विधायक ने अधिका रि यों को बताया कि पूर्व में लगे सामान्य मीटरों की तुलना में स्मार्ट मीटरों की बिलिंग प्रणाली में पार दर्शिता का अभाव है। उन्हों ने मांग की कि सभी संदिग्ध स्मार्ट मीटरों की त त्काल तकनीकी जांच कराई जाए।जब तक तक नीकी त्रुटियों का स्थायी समाधान नहीं हो जाता तब तक इन मीटरों को हटाकर पुरानी व्यवस्था बहाल की जाए और प्रभावित उपभोक्ताओं के त्रुटिपूर्ण बिलों को तुरंत संशोधित किया जाए। जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विधायक ने विभाग को विशेष शिकायत निवारण शिविर लगाने और एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी करने का सुझाव भी दिया।इससे पीड़ित उपभोक्ता अपनी समस्याओं को सीधे विभाग तक पहुंचा सकेंगे।मुलाकात के दौरान उपस्थित अधी क्षण अभियंता सुशील कुमार यादव और मुख्य अ भियंता यदुनाथ यथार्थ ने विधायक द्वारा उठाए गए बिंदुओं को गंभीरता से लिया है।मुख्य अभि यंता ने विधायक को आश्वस्त किया है कि विभाग इन तकनीकी खामियों की जांच कराएगा और उप भोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण सु निश्चित किया जाएगा।भाजपा विधायक ने कहा कि हमने बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर के मुलाकात की है अगर समस्या का समा धान नहीं होगा तो ऊर्जा मंत्री से भी मुलाकात की जाएगी।

# बेपटरी हुई मनरेगा योजना, धर्मेंई में चल रहा फर्जी मस्टर रोल का खेल

**ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत धर्मेई, तेंदुआ मोहनी, सिसई भीखमपुर, दुर्जनपुर, भोराहा और छजवां में मची है लूट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के मुजेहना ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि फ़ेस रिडिग की फोटो अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।धर्मेई ग्राम पंचायत के लोगो के नाम न छपने की शर्त पर बताया की यहाँ पर दो महीने प हले इस तालाब पर कार्य हुआ था तब से यहां को ई कर नहीं हो रहा है,रोजगार सेवक सिर्फ फ़ेस से

फोटो लेते और फिर चले जाते है यहाँ के रोजगा़र सेवक मनरेगा में हो रहे फर्जीवाड़ा के मास्टरमाइंड बताए जाते हैं,यही नहीं मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पं चायतो में इतना बड़ा खेला होने के बाद



भी जिम्मे दार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान व अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी मनरेगा यो जना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश स रकार मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गां व में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के मुजेहना विकास खंड की ग्राम पंचायत धर्मेई, तेंदुआ, मोहनी सिसई भीखमपुर, दुर्जनपुर, भोराहा व छजवां के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टररोल में धरातल पर एक भी मज दूर कार्य करते नहीं दिखाई दिए है,इतना ही नहीं,

हद तो यह है कि फ़ेस रिडिंग से बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है।फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है,बल्कि सरकार की मंशा पर पा नी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है।वहीं ग्रामी णों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कु छ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार, प्र धान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का क हना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

# अम्बेडकर जयन्ती पर सर्वोदय इण्टर कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जन्म-जयन्ती के अवसर पर मा. राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरूण के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती का पखवाड़ा मनाए जाने के क्रम में बलहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सर्वोदय इंटर कॉलेज मिहींपुरवा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

मुख्य अतिथि विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण की श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रीमती सोनकर ने कहा कि बाबा साहब की जीवनगाथा हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक समरसता, श्रमिकों के उत्थान, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उनके द्वारा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं देश की एकता और अखंडता में किये गए बलिदान की स्मृतियों से उपस्थित छात्र-छात्राओं के समक्ष जीवंत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज कल्याण विभाग सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा, अधीक्षक किशन लाल, एवं प्राचार्य मनोज यादव मौजूद रहे।

# तीन अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की नवाबगंज पुलिस ने एक अंतर्जनप दीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है।पुलि स ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक बोलेरो गाड़ी,एक ट्रैक्टर और एक ट्रॉली बरामद की है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रामतेज यादव,अमन कुमार और फुर कान के रूप में हुई है।ये तीनों सीतापुर जिले के रेउसा थाना क्षेत्र से चोरी की गई बोलेरो गाड़ी को गोंडा के नवाबगंज कोल्ड स्टोर होते हुए अयोध्या ले जा रहे थे।नवाबगंज कोल्ड स्टोर पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब इन आरोपियों को रोकने का प्रयास किया, तो वे बोलेरो गाड़ी लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ा, जिसके बाद पता चला कि बोलेरो बिना नंबर की थी और सीतापुर से चोरी हुई थी।पुलिस जांच में यह भी सामने आ या कि ट्रैक्टर को सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र से चुराया गया था,जिसके संबंध में रेउ सा थाने में मुकदमा दर्ज है। ट्रॉली भी सीतापुर से ही चुराई गई थी।आरोपी रामतेज यादव और फुर कान लखनऊ के निवासी हैं,जबकि अमन बाराबं की जिले का रहने वाला है।आरोपी फुरकान के खिलाफ एक, रामतेज यादव के खिलाफ छह और अमन के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में चार मुकदमे दर्ज हैं।नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी चोरी की बोलेरो गाड़ी को अयोध्या ले जाकर बेचने की फिराक में थे,लेकिन पुलिस ने उन्हें समय रहते गिरफ्तार कर लिया।

# किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता से निस्तारण करें अधिकारीः सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा किसान दिवस बैठक में आये हुए किसानों से पूर्व किसान दिवस में आयी शिकायतों की बिन्दुवार समीक्षा की। इसके उपरान्त सीडीओ ने कहा कि प्राप्त समस्याओं को प्राथमिकता प्रदान कर दूर करने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है। कृषि को लाभकारी बनाये जाने का सुझाव दिया। उन्होनें किसानों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवालें अन्यथा किसी भी सरकारी अनुदान का लाभ नहीं मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बिना फार्मर रजिस्ट्री बनवाये गेहूँ क्रय केन्द्रों पर एमएसपी पर विक्रय नहीं कर पायेंगे। सीडीओ ने उपस्थित किसान बन्धुओं से अपेक्षा किया कि अपने आस-पास के सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु जनसेवा केन्द्र, राजस्व लेखपाल एवं अपने-अपने ग्राम पंचायत/विकास खण्ड के कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों से तत्काल सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवालें अन्यथा खाद, बीज पेस्टीसाइड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिल पायेगा। अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें। किसान दिवस बैठक में उपस्थित उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने जनपद में किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की अपील की गयी। उन्होंने किसान भाइयों से कहा कि जल्द से जल्द अपनी तथा अपने आस-पास के किसानों की भी फार्मर रजिस्ट्री करवाने हेतु जागरुक करें। वर्तमान माह में फसल गेहूँ की कटाई युद्ध स्तर पर प्रारम्भ हो गयी है। गेहूँ मडाई के बाद फसल अवशेषों को खेतों में न जलायें। अपितु स्ट्रा रीपर का उपयोग कर उसका भूसा बनायें, जिससे पशुओं को चारे की कमी न होने पाय। जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव ने जनपद में खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी दी। शीघ्र ही कृषकों को दैचा बीज की आपूर्ति की व्यवस्था जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर की जा रही है। बैठक में मौजूद जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जनपद में कुल 134 क्रय केन्द्र बनाये गये है। जो किसान फार्मर रजिस्ट्री बनवाये होंगे उन्हीं किसानों का गेहूँ क्रय किये जाने का आदेश प्राप्त हुआ है। कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वैज्ञानिक डा0 नन्दन सिंह ने वर्तमान में अपने खेतों से मृदा नमूना ग्रढीत करने के तरीके तथा मृदा कार्ड के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी। विश्व हिन्दू परिषद बहराइच के गौ रक्षा प्रमुख शशि भूषण लाल त्रिपाठी ने किसानों को प्राकृतिक खेती कर भूमि की उर्वरा शक्ति बनाये रखने की अपील की।

बैठक में उपस्थित प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता, बब्बन सिंह, सहित कई किसानों द्वारा चाहे गये सुझाव पर जानकारी दी गयी। लालता प्रसाद गुप्ता द्वारा अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-3 के द्वारा राजकीय नलकूप संख्या 23ई के विगत 03 वर्षों से संचालित न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिया कि अतिशीघ्र इसे विद्युत विभाग से मिलकर संचालित कराया जाये। इस अवसर पर इस अवसर पर उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, एलडीएम जितेन्द्र कुमार मसंद एआर को-आपरेटिव संजीव कुमार तिवारी, सीवीओ डा0 राजेश उपाध्याय, भूमि संरक्षण अधिकारी डा0 शौरभ वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम अधिशासी अभियन्ता विद्युत कैसरगंज जगदीश कुमार सहायक अभियन्ता नहर प्रथम राजेश कुमार शर्मा अधिशासी अभियन्ता नहर प्रवेश कुमार अधिशासी अभियन्ता नलकूप ललित कुमार सरयू नहर खण्ड 5 मुकेश कुमार राय सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं प्रगतिशील सदस्य कृषक श्रीमती माया देवी, जितेन्द्र सिंह सहित समस्त अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

# गोंडा आरटीओ ऑफिस में चल रहा है खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जहाँ एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचा र को खत्म करने का दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफ गोंडा के आरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी गई है सरे आम डाटा अधिका री सुशील भट्ट पैसे की वसूली कर रहे हैं, सूत्र बता रहे मेल की रिपोर्ट लगाने के नाम पर इनका रेट फिक्स है पांच से एक हजार रुपए वसूला जाता है बताया जा रहा हैं कि एआ़रटीओ को भी इस माम ले की जानकारी है लेकिन भ्रष्टाचार में हिस्सेदारी के कारण कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, वही एआरटीओ कार्यालय आने वाले वाहन स्वामियों को अवैध वसूली का शिकार होना पड़ रहा है यहां शिकायत करने के बाद भी अधिकारी कोई कार्य वाही नहीं करते हैं इससे पहले भी एआरटीओ

ऑफिस में आरसी बाहर प्राइवेट दुकानों



**सुविधा शुल्क लेते हुए डाटा अधिकारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

पर मिल चुकी है जिसमें पुलिस ने कई लोगों पर मुकदमा करने के साथ ही जेल भेजा था इस दायरे में कई बाबू भी आ चुके हैं अब नए वीडियो से एक बार फिर आरटीओ ऑफिस का भ्रष्टाचार उजागर हुआ वही वायरल वीडियो की पुष्टि कैनविज टाइम्स नहीं करता है,एक पीड़ित ने बताया कि बिना पैसा लिए कोई काम नहीं करते हैं इसकी शिकायत जब एआरटी ओ से की जाती है तो वह कहते हैं कि आप जाक र उनसे मिलो संभागीय परिवहन अधिकारी देवीपा टन मंडल कार्यालय के कमरे के सामने इस तरह का भ्रष्टाचार कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है सवाल उठ रहा है कि क्या आरटीओ को इसकी भनक तक नहीं है इस तरह सरेआम पैसा लिया जा रहा है और उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है और डीडीएस सुशील भट्ट को क्यों बचाया जा रहा है इसको लेकरभी गंभीर प्रश्नउठ रहे हैं एआरटीओ आरसी भारतीय ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है डीवीए सुशील भट्ट को नोटिस जारी की जा रही है जवाब के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लॉक सभागार में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का हुआ आयोजन

## ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।ब्लॉक सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने सभा को संबोधित किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही और महिला सशक्तिकरण को लेकर सकारात्मक संदेश दिए गए वक्ताओं ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, सम्मान और अधिकारों का उत्सव है।उन्होंने बताया कि जब नारी सशक्त होती है। तभी समाज और राष्ट्र भी सशक्त बनता है हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व ही एक उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव है सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा गया कि नारी शक्ति वंदन सम्मेलन केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक ऐसे संकल्प का प्रतीक है, जो महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में लाकर उन्हें निर्णय लेने वाली भूमिकाओं तक पहुंचाने का कार्य करता है इस अवसर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम 106वां संविधान संशोधन का भी उल्लेख किया गया, जिसे महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया गया इस कानून के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जिससे उनकी भागीदारी नीति निर्माण के केंद्र तक बढ़ेगी वक्ताओं ने कहा कि यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और देश में समावेशी विकास को नई दिशा देगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री सृष्टि गुप्ता, प्रियंका मिश्रा,सपना चौहान, हेमलता, नीतू जायसवाल,आरती सरकार, आशा, निर्मला गुप्ता आंगनवाड़ी स्वयं सहायता समूह से लगभग 200 से अधिक महिलाएं उपस्थिति रही है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेत्री संगीता सिंघल ने किया है।

# मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में चार बाल श्रमिकों को कराया गया बालश्रम से मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूरनपुर के निर्देशन में पूरनपुर में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बालश्रम उन्मूलन हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया गया।जिसके अंतर्गत मैकेनिक शॉप,होटल, रेस्टोरेन्ट,ढाबों,कपड़े की दुकानों, किराना स्टोर, स्टील वर्क्स आदि पर कार्यवाही करते हुए 04 बाल श्रमिकों को चिन्हित कर बाल श्रम से अवमुक्त करकर वर्चुअल रूप से बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया,बाल कल्याण समिति द्वारा सभी बच्चों के परिजनों को भविष्य में बाल श्रम ने कराने की हिदायत देते हुए सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गया। बाल श्रम निषेध और विनियमन संशोधन अधिनियम 2016 अंतर्गत खतरनाक प्रक्रिया में दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध एक वर्ष तक की सजा या 50000 रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सेवायोजक से प्रति बाल श्रमिक 20000 रूपये की वसूली चाइल्ड लेबर वेलफ़ेयर फंड हेतु प्रथक से की जायेगी तथा यदि कोई बाल श्रमिक के माता-पिता को प्रथम बार चेतावनी के बावजूद भी पुनः अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्य में संलग्न करेगा तो उनके विरूद्ध भी दंडात्मक कार्यवाही अपनाई जायेगी। संयुक्त अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला, जिला संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक एवं स्पेशल जूविनाइल पुलिस यूनिट प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह,महिला सिपाही सीमा की सक्रिय रूप से कार्यवाही में सम्मिलित व मौजूद रहे हैं।

# अमेठी में युवती की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या

**मृतका का शव घर से करीब पचास मीटर दूर नहर किनारे मिलने से फैली सनसनी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना गौरीगंज क्षेत्र के गांव चतुरीपुर मजरे मऊ गांव एक तेइस वर्षीय अविवाहित युवती की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है। युवती का शव घर से पचास मीटर की दूरी पर स्थित नहर किनारे मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक सीओ एवं फोरेंसिक टीम के साथ ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के खुलासे के लिये चार टीमें गठित की गई है। थाना क्षेत्र के गांव चतुरीपुर मजरे मऊ में एक बाइस वर्षीय अविवाहित युवती का शव बुधवार की सुबह सात बजे उसके घर से लगभग पचास मीटर दूर नहर किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला।बताया जा रहा है कि सुबह जब ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा और गम्भीर आरोप लगाते हुये पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के साथ ही सीओ एवं फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है फिलहाल युवती की हत्या का कारण स्पष्ट नही हो सका हैं लेकिन पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मातहतों को दिशा निर्देश दिया है।अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया मृतका के परिजनों की तहरीर पर गांव के ही एक नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और उसको हिरासत में लेकर पूंछतांछ की जा रही है। एएसपी ने बताया कि उक्त हत्याकांड का जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

# नारी बंदन सम्मेलन एवं जिला संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में विकासखंड मरौरी में नारी वंदन अधिनियम के निमित्त नारी बंदन सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा संयोजक 128 विधानसभा बरखेड़ा के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे है। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं विकासखंड मरौरी के प्रांगण में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मंगली प्रसाद के द्वारा आरंभ किया गया जिसमें पार्टी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के द्वारा 33% आरक्षण महिलाओं के लिए लागू किया गया जिससे महिलाएं ग्राम पंचायत के चुनाव से लेकर संसद तक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी उन्होंने बताया कि बीजेपी सरकार में महिलाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। उन्हें गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे कि महिलाओं की आमदनी बढ़ेगी और आत्मनिर्भर बनेगी, देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लिया गया है। जिसमें हम सभी लोग पार्टी की नीतियों के अनुरूप कार्य करेंगे जिससे प्रदेश और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर बना रहे।सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह,जिला महामंत्री मंगली प्रसाद, जिला मंत्री रेनू राज, जिला उपाध्यक्ष रेखा परिहार, जिला मंत्री विकास श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष नमन राजपूत, सतपाल, विकास वाल्मीकि, शकुंतला राजपूत, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा संयोजक 128 विधानसभा बरखेड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

## आरसेटी में चल रहे चप्पल निर्माण प्रशिक्षण में समूह की लाभार्थियों ने सीखी पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग

पीलीभीत।महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में डीसी एनआरएलएम वंदना सिंह एवं जिला मिशन प्रबंधक अवधेश उपाध्याय ने आरसेटी पीलीभीत का भ्रमण कर प्रशिक्षण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने ब्यूटी पार्लर और जनरल ईडीपी बैचों की प्रगति देखी।जनरल ईडीपी की महिलाओं ने चप्पल निर्माण, अचार, पापड़, देसी घी और शहद जैसे उत्पादों की पैकिंग व ब्रांडिंग की बारीकियों को भी सीखा ।श्रीमती वंदना सिंह ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे यहाँ सीखे गए हुनर का उपयोग कर स्वयं का उद्यम शुरू करें। विभाग उन्हें हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।भ्रमण के दौरान आरसेटी निदेशक रवि कुमार, वरिष्ठ संकाय फिजा खानम, अभिनव सहगल और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे है।

# महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्र : अपर्णा यादव

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अमेठी में जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं को सम्बोधित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । तहसील गौरीगंज सभागार में बुधवार को महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि यह कानून देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। अपर्णा यादव ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब उसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हो। महिलाओं के दृष्टिकोण से समाज के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा से जुड़ी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राजनीति, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, शादी अनुदान, महिला सुरक्षा योजनाएं, स्वरोजगार योजनाएं आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाएं अपने अधिकारों को पहचानें और उनके लिए आगे आएं। उन्होंने शिक्षा और आत्मनिर्भरता को महिला सशक्तिकरण की कुंजी बताया। इसके उपरांत उन्होंने जनपद में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित पोषण जागरूकता रैली को तहसील परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं शामिल हुईं, जिन्होंने अधिनियम एवं योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## नारी शक्ति वंदन को लेकर उपाधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली पदयात्रा प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नारी शक्ति बंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में उपाधि महाविद्यालय में जन जागरूकता अभियान चलाया गया।उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त रूप से दोनों इकाइयों के द्वारा पदयात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका कुशल नेतृत्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर दुष्यंत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया जिसमें लगभग 200 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफ़ेसर दुष्यंत कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता कनौजिया,डॉ विनय गर्ग, डॉ प्रणव शास्त्री, डॉ विपिन नीरज,डॉ दिवाकर सिंह, मुकुल अग्रवाल,रूद्र भान सिंह सहित उपाधि महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकगण ,कर्मचारीगण सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा है।

## माधौटांडा में गोमती पुनरुद्धार कार्य का हुआ शुभारम्भ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड की ग्राम पंचायत माधौटांडा में गोमती नदी की अविरल धारा को पुनर्जीवित करने के लिए 47.2 किलोमीटर लंबे पुनरुद्धार कार्य का विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभारम्भ किया गया कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने परियोजना का शुभारम्भ करते हुए कहा कि गोमती की निर्मल और अविरल धारा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है इस कार्य से नदी को नया जीवन मिलेगा, जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को सिंचाई में राहत मिलेगा परियोजना के तहत 16 ग्राम पंचायतों को लाभ मिलेगा। इससे भूजल स्तर में सुधार, पर्यावरण संतुलन मजबूत होने और ग्रामीणों की आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है कार्यक्रम में अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

## आरएसआरडी कक्षा 10 के परिणाम में छात्रों का शानदार प्रदर्शन, स्कूल का बढ़ाया मान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्या भारती द्वारा संचालित एवं सीबीएसई मान्यता प्राप्त आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10 के छात्रों ने इस वर्ष परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया कुल 113 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें सभी 113 विद्यार्थी सफल घोषित हुए विद्यालय के छात्र अनुभव प्रजापति ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आदित्य ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अरनव पटेल ने 92.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पाया। मनस्वी एवं जिया फातिमा ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान हासिल किया। वहीं दिव्यांश अवस्थी और पलक वर्मा ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया इस उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए उनके समर्पण को सराहा और बच्चों को बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता, प्रबंधक हर्ष गुप्ता, सह-प्रबंधक अनुराग गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ब्लाक प्रमुख ने अहोरवा भवानी मंदिर समेत सात स्थानों पर लगवाई हाईमास्क लाइटें

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी द्वारा प्राचीनतम आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर प्रांगण के साथ ही आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर हाई मास्क लाइटें लगवाई गई है जिससे बाजार और चौराहा दूधिया रोशनी से जगमगा रहे हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने ब्लाक प्रमुख के इस नेक कार्य की सराहना की है। सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने बताया कि प्राचीनतम आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर, शंकर मंदिर सरदारगंज, लढाबाग चौराहा,मत्तेपुर चौराहा, विकास खण्ड सिंहपुर, सर्वजीत बाजार के साथ ही अहोरवा भवानी के देवीगंज चौराहा पर क्षेत्र पंचायत निधि द्वारा हाई मास्क लाइटें लगवाई गई है। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि क्षेत्र के विकास को अपनी पहली प्राथमिकता मानकर सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों को सजाने संवारने का प्रयास किया है और आगे भी जनहित के कार्य अनवरत करता रहूंगा।

# गांजे की भारी खेप लदी ट्रक पुलिस ने पकड़ी, वाराणसी लखनऊ मार्ग पर रवानिया पूरब गांव पास से हुई गिरफ्तारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। उड़ीसा से लखनऊ ले जाई जा रही गांजा लदी ट्रक को पकड़ने में पुलिस ने सफलता पाई है। पुलिस ने माल बरामदगी के आधार पर बंधुआ कला थाने में मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक व खलासी को गिरफ्तार कर लिया। अभी अवैध गांजे की सप्लाई चेन के खुलासे तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ लखनऊ उपनिरीक्षक फैजुद्दीन सिद्दीकी, एसओजी सुल्तानपुर प्रभारी शिवानंद यादव, थानाध्यक्ष कुड़वार तरुण पटेल, थानाध्यक्ष बंधुआ कला प्रमोद कुमार की टीम ने वाराणसी लखनऊ मार्ग पर असरोगा टोल प्लाजा के आगे रवनिया पूरब गांव के पास ट्रक की चेकिंग की तो उसमें कुछ मात्रा में चूना व 50 बोरी में कुल 15 कुंतल 20 किग्रा गांजा मिला। पुलिस ट्रक को लेकर हाइवे पर इस्लामगंज बाजार स्थित बंधुआ कला थाने पहुंची। जहां पर मुकदमा दर्ज करते हुए ट्रक चालक व खलासी को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक लेकर उड़ीसा से लखनऊ जा रहे लोगो की पहचान नासिर पुत्र स्व अली हसन निवासी थाना सिखरेड़ा मुजफ्फरनगर व वर्ष आर्या पुत्र स्व जय नारायण निवासी मोहान रोड थाना पारा फतेहगंज लखनऊ के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 15 कुंतल 20 किग्रा गांजे के साथ एक 14 टायरा ट्रक, 02 मोबाइल व 4150 रुपए नगद बरामद किया है। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी केवल माल पहुंचाने वाले है। यह तस्करी कौन करवा रहा था। माल लखनऊ में किसके पास ले जाया जा रहा है। उड़ीसा में कहां से माल लाया जा रहा था। इसकी विवेचना की जा रही है। जल्द ही पूरे नेटवर्क को पकड़कर खुलासा किया जाएगा।

# ठुमक चलत राम चंद्र, बाजत पैजनिया, रामकथा के चौथे दिन भगवान कि बाल लीलाओ का वर्णन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लम्भुआ/सुल्तानपुर। स्थानीय क्षेत्र के चौकिया गाँव में नव दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा आचार्य पंडित राकेश जी महराज ने भगवान राम की बाल लीलाओ का मधुर वाचन किया। अयोध्या में उपजे उल्लास का बखान करते हुए महराज ने बताया की भगवान राम अपने तीनो भाइयो के साथ अब धीरे धीरे चलने लगे है उनके पैर में बंधे घुंघरु की छन छन की मधुर ध्वनि से राजा दशरथ का महल गुंजायमान हो रहा है। चारो माताए नन्हे बालको को देखकर मुदित हो रही है। अयोध्या की प्रजा महल पहुंचकर कर अपने बाल राजकुमारो का दर्शन कर बधाई दे रही है। पुरे अयोध्या में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। कथा आचार्य ने कथा क्रम को आगे बढ़ाते हुए शिव पार्वती के प्रथम मिलन, गिरिराज द्वारा विवाह प्रस्ताव और शिव पार्वती के विवाह का वर्णन किया। मुख्य यजमान राम जन पाण्डेय और विमला देवी द्वारा आरती की गई। राम कथा में मुख्य रूप से लम्भुआ विधानसभा के पीसीसी हरीश त्रिपाठी, अखिलेश मिश्र सभासद, डॉ अजय सिंह, पवन दुबे, संगम जायसवाल, बालमुकुंद विश्वकर्मा बृज मोहन सिंह कमलाकांत पाण्डेय, राम चंद्र सिंह, माता प्रसाद सिंह, राम कृष्ण पाण्डेय, प्रभव पाण्डेय, अनय पाण्डेय अवनीश सिंह समेत बड़ी सख्या में कथा प्रेमी मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# नई उम्मीदों का नया अध्याय

हर अप्रैल स्कूल के गेट पर नया सत्र दस्तक देता है। बस्ते बदलते हैं, किताबें बदलती हैं, यूनिफॉर्म की क्रीज़ नई होती है और बच्चों की कक्षाएं भी नई हो जाती हैं। पर क्या हमारी सोच भी बदलती है कि इस सत्र में हम बच्चों को पहले से उपयोगी और बेहतर क्या दे रहे हैं? सत्र का बदलना सिर्फ कैलेंडर का पन्ना पलटना नहीं है बल्कि यही सही समय है तैयारी का। अप्रैल की सुबह स्कूल की घंटी सिर्फ बच्चों को नहीं जागाती बल्कि पूरे समाज को एक नई शुरुआत का एहसास दिलाता है। अप्रैल का नया सत्र बस कॉपी-किताब बदलने का सीजन नहीं है, यह उस बदलाव की आहट है जिसे 3 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में लिखा गया था जो अब स्कूल की चौखट चढ़ रहा है। तो क्या हमने कोई ऐसी योजना बना ली है कि नए शैक्षिक सत्र में हम बच्चों को कितनी तैयारी के साथ उन्नतशील शिक्षा और कौशल देने जा रहे हैं। हमारे और बच्चों के बीच में प्रारम्भ होने वाली यह यात्रा जिसमें सीखना-सिखाना मुख्य उदेश्य है इसको रोचक व सरल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस साल अगर अभिभावक और शिक्षक अपनी भूमिका में बदलाव ले आएं, तो बच्चों का सीखना सरल, सहज व रोचक हो सकता है। ऐसे में शिक्षा से जुड़े हर व्यक्ति का (शिक्षक, अभिभावक) स्वयं से यह सवाल होना ही चाहिए कि नए शैक्षिक सत्र में नया क्या? 'नया' क्या होना चाहिए और सत्र को 'रोचक व उपयोगी' कैसे बनाएं।

एनईपी कहती है कि टीचर 'सेज ऑन द स्टेज' से 'गाइड बाय द साइड' बनें। यह लाइन भाषण से निकल कर आपकी डेली डायरी में आनी चाहिए। पढ़ाने का तरीका लेक्चर से लर्निंग एक्सपीरियंस तक होना चाहिए। चॉक एंड टॉक छोड़ें, एक्टिविटी पकड़ें, कक्षा 3 को 'फोटोसिंथेसिस' पढ़ाना है? बोर्ड पर डायग्राम बनाने से पहले बच्चों से पूछें, घर में तुलसी का पौधा धूप में क्यों रखते हैं? जवाब से कॉन्सेप्ट तक ले जाएं। गक्ष का मूल है 'अनुभव से अवधारणा'। 'बैग-लेस डे' को गंभीरता से लें साल में 10 दिन तय हैं। इसे पिकनिक और पढ़ाई से छुट्टी न समझे बल्कि सीखने का अवसर देकर संवाद करें। अगर कक्षा 6 के बच्चों को एक्सपोजर हेतु कुम्हार, ईट भट्टे या किसी छोटी फर्म के पास ले जा रहे हैं तो पहले से वर्कशीट दें। मिट्टी के प्रकार, लागत, आकार का गणित समझने की दृष्टि विकसित करें। लौटकर प्रेजेंटेशन कराएं। हुनर के साथ अकादमिक जुड़ाव ही एनईपी है। हर बच्चे का 'लर्निंग मैप' बनाएं। होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड क्क्ष्ए की अनिवार्यता और बच्चों के समग्र विकास में इसके महत्व को समझे । सिर्फ नंबर न भरें, लिखें कि बच्चे समूह और कक्षा में कैसे रहते हैं। यह मैप पैरेंट्स को दें जिससे टीचर की कलम अब सिर्फ लाल निशान नहीं, रास्ता दिखाने वाली टॉर्च बने। मूल्यांकन डराने का नहीं, दिशा देने का औज़ार बने ।'गलती' शब्द को डिक्शनरी से निकालें। बच्चे को कहें, यह पहला प्रयास है, दूसरा बेहतर होगा। फॉर्मेटिव असेसमेंट हर 3 महीने पर, प्रोजेक्ट, रोल-प्ले, पियर रिव्यू से नंबर दें। जो बच्चा बोलने में तेज़ है पर लिखने में कमज़ोर, उसे मौखिक प्रेजेंटेशन से अंक मिलें। दिक्षा और और एआई साथी का इस्तेमाल सिखाएं। होमवर्क दें कि आज का चैप्टर पढ़कर दिक्षा पर क्विज़ दो और अपने से छोटे बच्चों के साथ डिसकस करो। जो बच्चा क्लास में चुप है, वह इक्र से 10 सवाल पूछ लेगा। टेक्नोलॉजी बस आपके मनोरंजन का साधन नहीं,असिस्टेंट टीचर और साथी भी है ऐसी समझ विकसित करें। 50 घंटे की निष्ठा ट्रेनिंग बहुत उपयोगी है इसमें साइबर सेफ्टी, जेंडर सेंसिटिविटी, क्लासरूम मैनेजमेंट, सभी है। ज़ब हम स्वयं को अपडेट करते रहेंगे, सीखना जारी रखेंगे तभी हम बच्चों को भी सिखा सकेंगे। हर महीने एक नई टीचिंग स्ट्रेटेजी ट्राई करें और साथी शिक्षकों से भी शेयर करें, कभी स्टाफ रूम में और कभी बैठकों में। स्कूल 6 घंटे संभालता है, घर 18 घंटे। एनईपी तभी सफल होगी जब घर का कल्चर भी बच्चों के संदर्भ में बदलेगा।

# भारत में विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या

**देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनानी होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोड़ने के लिए प्रयास करने होंगे। भारत को इंजीनियरिंग, प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, डिजाइन, मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों की वैश्विक शिक्षा का हब बनाने के विशेष प्रयत्न करने होंगे। देश में विदेशी परिसरों को आकर्षित करने के मद्देनजर भारतीय यूनिवर्सिटियों की रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाना होगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर निवेश बढ़ाना होगा। उम्मीद करें कि सरकार वैश्विक शिक्षा के बदलते हुए गंतव्य देशों के परिप्रेक्ष्य में भारत को वैश्विक शिक्षा का नया हब बनाने के लिए भारत को एआई तथा भविष्य की टेक्नोलॉजी पर आधारित वैश्विक और डिजिटल शिक्षा का ऐसा सस्ता और गुणवत्तापूर्ण हब बनाने की राह पर आगे बढ़ेगी, जिससे भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में और कमी आए तथा विदेश से उच्च शिक्षा के लिए भारत आने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि हो। भारत को शिक्षा के हब के रूप में विकसित करना होगा। शिक्षा में गुणवत्ता लाने से लक्ष्य पूरा होगा।**

यकीनन यह सुकूनदेह परिदृश्य है कि भारत में उच्च अध्ययन के लिए विदेशों से आने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। हाल ही में वैश्विक उच्च शिक्षा सेवाओं का मूल्यांकन करने वाली ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनी ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित 16वीं वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में वल्र्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में 39 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत आए थे, वहीं वर्तमान में लगभग 200 देशों के 72 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अब केंद्र सरकार ने 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2 लाख विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह संकेत है कि सरकार भारत को केवल प्रतिभाओं की आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, वरन वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ रही है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब हर साल बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण कौशल, अनुसंधान सुविधाओं और उच्च शिक्षा के बाद विदेश में ही करियर के अवसरों को पाने के मद्देनजर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। हाल ही में संसद में बताया गया कि वर्ष 2023 में 9.08 लाख भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए गए थे, वर्ष 2024 में यह संख्या गिरकर 7.7 लाख पर आ गई और वर्ष 2025 में यह संख्या और घटकर 6.26 पर पहुंच गई। निःसंदेह भारत में वर्ष-प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा के लिए आने वाले विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या और भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में कमी के कई कारण हैं। सरकार ने पिछले कुछ सालों में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के कई कदम उठाए हैं। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 के जरिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। एनईपी के तहत एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने, मान्यता देने की व्यवस्था मजबूत करने, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने और डिजिटल एजुकेशन का विस्तार करने का अभियान लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा में ऐसे गुणात्मक सुधार से भारत के शिक्षा संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता मिल रही है। यही कारण है कि क्यूएस वल्र्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढक़र नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है। वैश्विक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को भारत में लाने के मद्देनजर 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस स्थापित करने की इजाजत दी गई है। इससे जिस वैश्विक शिक्षा के लिए पहले छात्रों को विदेश जाना पड़ता था, अब वही शिक्षा आसानी से भारत में ही मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से विदेशी यूनिवर्सिटीज को भी भारत में बड़ी संख्या में छात्र मिलने का लाभ है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस समय उच्च शिक्षा में छात्रों की जो संख्या 4.46 करोड़ से अधिक है, वह बढक़र 2035 तक 8.6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। चूंकि वैश्विक यूनिवर्सिटीज भारत में डिग्री प्रदान कर सकती हैं, अतएव छात्रों के लिए विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत में ही लेना लाभप्रद है। इतना ही नहीं भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा के प्रमुख गंतव्य देश, खासकर अमरीका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है और वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है। हाल ही में अमरीकी गृह सुरक्षा विभाग के द्वारा रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल के भीतर भारतीय छात्रों के ग्राफ में बड़ी गिरावट आई है। फरवरी 2025 में अमरीका में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 378787 भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। फरवरी 2026 में यह संख्या घटकर 352644 रह गई। गिरावट का स्तर : केवल 12 महीनों में करीब 26143 छात्रों की कमी आई है, जो लगभग 6.9 प्रतिशत की गिरावट है। इसका असर भारत के छात्रों पर अधिक पड़ा है और अमरीका जाने वाले छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है। इतना ही नहीं, अमरीका में जो छात्र अध्ययनरत हैं, उनके लिए भी रोजगार ढूंढना मुश्किल हो गया है। केवल अमरीका ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया ने भी भारतीय छात्रों के लिए अपनी दहलीज ऊंची कर दी है। 8 जनवरी 2026 से ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने भारतीय आवेदकों के लिए साक्ष्य आवश्यकता स्तर को 'ईएल 2' से संशोधित करके 'ईएल 3' कर दिया है। ईएल 3 श्रेणी का अर्थ है कि भारत अब ऑस्ट्रेलिया के लिए 'उच्चतम जोखिम' वाले देशों की सूची में है। अब हर छात्र के आवेदन की सूक्ष्मता से जांच की जाएगी। अब छात्रों को अपनी वित्तीय क्षमता और शैक्षणिक रिकॉर्ड के अधिक कड़े प्रमाण देने होंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार हरसंभव तरीके से भारत को वैश्विक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आवंटनों को वैश्विक शिक्षा और अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के



मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस से संबद्ध करने संबंधी प्रभावी पहल की गई है। निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुठ्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढऩा होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोडऩे के लिए प्रयास करने होंगे। भारत को इंजीनियरिंग, प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, डिजाइन, मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों की वैश्विक शिक्षा का हब बनाने के विशेष प्रयत्न करने होंगे। देश में विदेशी परिसरों को आकर्षित करने के मद्देनजर भारतीय यूनिवर्सिटियों की रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाना होगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर निवेश बढ़ाना होगा। उम्मीद करें कि सरकार वैश्विक शिक्षा के बदलते हुए गंतव्य देशों के परिप्रेक्ष्य में भारत को वैश्विक शिक्षा का नया हब बनाने के लिए भारत को एआई तथा भविष्य की टेक्नोलॉजी पर आधारित वैश्विक और डिजिटल शिक्षा का ऐसा सस्ता और गुणवत्तापूर्ण हब बनाने की राह पर आगे बढ़ेगी, जिससे भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में और कमी आए तथा विदेश से उच्च शिक्षा के लिए भारत आने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि हो। भारत को शिक्षा के हब के रूप में विकसित करना होगा। शिक्षा में गुणवत्ता लाने से लक्ष्य पूरा होगा। **जयंतीलाल भंडारी**

# सर्वसुलभ सार्वजनिक परिवहन दिल्ली की अनेक समस्याओं का समाधान

**मनोज कुमार मिश्र**

दिल्ली और एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में बेहिसाब बढ़ती आबादी के लिए बिजली, पानी, आवास, रोजगार और आवागमन को साधन से लेकर साफ हवा उपलब्ध कराना सरकारों के लिए दिन-प्रतिदिन बड़ी चुनौती बनती जा रही है। सड़कों से वाहनों की भीड़ को कम करने में दिल्ली की लाइफ लाइन (जीवन रेखा) कही जाने वाली और अब चार सौ किलोमीटर की सीमा पार कर रही मेट्रो रेल भी नाकाफी साबित हो रही है।

इसी 24 मार्च को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली की भाजपा सरकार का 1,03,700 करोड़ का दूसरा बजट पेश करते हुए इसे हरित बजट का नाम दिया और इसका 21 फीसदी हिस्सा दिल्ली को प्रदूषण कम करने पर खर्च किए जाने की जानकारी दी। इस बजट में प्रदूषण कम करने के लिए ई-वाहनों पर जोर देने की घोषणा की। इसी नीति के तहत दिल्ली में छोटी देवी बसें चलाई जा रही है और ई-वाहनों के लिए आसानी से अनुमति देने का प्रावधान किया गया है। लेकिन बजट में दिल्ली की सड़कों पर पहले से अराजक तरीके से चल रही बेहिसाब ई-रिक्शा के परिचालन के लिए कोई नियम बनाने के प्रस्ताव की जानकारी नहीं दी गई। दिल्ली-एनसीआर में पंजीकृत डेढ़ करोड़ से ज्यादा वाहनों की तादाद कम करने की ठोस योजना नहीं बताई गई। इन वाहनों की भीड़ ने कभी दिल्ली की जीवन रेखा कही जाने वाली बस सेवा को बेहाल कर दिया।

सड़कों पर बसों की तादाद लगातार कम हो रही है। वाहनों की भीड़ में बसों की औसत गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा रह गई है। पर्यावरण पर काम करने वाली मशहूर स्वयंसेवी संस्था सीएसई (विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र) की रिपोर्ट के मुताबिक इस शताब्दी की शुरुआत तक दिल्ली में सार्वजनिक वाहन का उपयोग करने वालों में 65 फीसदी लोग बसों में यात्रा करते हैं। अब यह संख्या बीस फीसदी से कम हो गई है। दिल्ली परिवहन विभाग के पूर्व उपायुक्त अनिल छिकारा इसे दूसरी तरह से बताते हैं। जब दिल्ली की आबादी 1 करोड़ 20 लाख थी तब 45 लाख लोग हर रोज बसों से यात्रा करते थे, अब आबादी तीन करोड़ से ज्यादा है तब यह संख्या 28 लाख यात्रियों तक है। यह भी तब है जब महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा की सुविधा है। इसका बड़ा कारण बसों की अनुपलब्धता और बसों की औसत गति दस किलोमीटर तक आने से है। वहीं, बस एकता मंच के प्रवक्ता श्याम लाल गोला कहते हैं कि सरकारें न तो बस खुद चला पा रही है और न ही हमें चलाने दे रही है। हम सरकार की हर शर्त मानने को तैयार हैं लेकिन बसों के लिए जो रवैया पिछली सरकार का था, वही अभी तक इस सरकार का दिख रहा है। उनका कहना है कि ऱ्हम पहले की तरह किलोमीटर स्कीम में चलने को तैयार हैं या सीएनजी अनिवार्य करने पर अदालत के संज्ञान में बने 17 कलस्टर में सहकारी आधार पर निजी बसों की कंपनी बनाकर बसें चलाने को तैयार हैं। वैसे, अब 11 हजार से ज्यादा बसें चलानी होगी लेकिन पहले सरकार दिल्ली हाई कोर्ट में दिए अपने उसी हलफनामे के आधार पर आधी बसें खुद चलाए और आधी निजी बस आपरेटरों से चलवाए। एक नवंबर, 1996 को सीएसई ने एक शोधपरक लेख छापा जिसमें बताया गया कि वाहन प्रदूषण के मामले में दिल्ली देश में पहले नंबर पर है। इस पर संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 18 नवंबर को दिल्ली सरकार को नोटिस दिया और इस बारे में कार्ययोजना पेश करने को कहा। इसी बीच सीएसई ने 01 नवंबर, 1997 को देश और दुनिया के वैज्ञानिकों की जन सुनवाई आयोजित की। उसमें यह भी बताया गया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों पर कोई काम नहीं कर रही है। इस पर दोबारा सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को नोटिस दिया। दिसंबर में केन्द्र सरकार ने इस पर एक श्वेत पत्र जारी किया। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-3 के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए विशेष एजेंसी-पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण गठित करने के निर्देश दिए। इस प्राधिकरण के अध्यक्ष बेहद ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पूर्व नौकरशाह भूरेलाल बनाए गए। इसे बाद में भूरेलाल कमेटी कहा जाने लगा। इसी कमेटी की शुरुआती रिपोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई 1998 को आदेश दिया कि दिल्ली में चलने वाले सभी बसों को धीरे-धीरे सीएनजी पर लाया जाए।

## सेहत मंत्र

# पाचन से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बेस्ट है हल्दी और काली मिर्च का कॉम्बीनेशन

हल्दी, जिसे गोल्डन मसाले के रूप में भी जाना जाता है और जो आपके खाने को एक अच्छा पीला रंग देती है, कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है। यह तो लगभग सभी जानते होंगे कि हल्दी आपकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में मदद कर सकती है। लेकिन हल्दी और काली मिर्च का कॉम्बीनेशन आपके लिए काफी अच्छा हो सकता है। क्योंकि हल्दी और काली मिर्च दोनों ऐसे घटक हैं, जिनमें प्रमुख सक्रिय तत्व होते हैं, जो इन्हें बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। हल्दी और काली मिर्च दोनो रसोई मे मौजूद ऐसी सामाग्रियां हैं, जो एंटी इंफ्लामेटरी, एंटीऑक्सिडेंट और डिजीज फाइटिंग गुणों से भरपूर हैं। आइए यहां हम आपको बताते है कि क्यों और कैसे यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं। हल्दी में सबसे प्रभावी और महत्वपूण तत्व होता है करक्यूमिन, जिसे करक्यूमिनोइड्स भी कहा जाता है। करक्यूमिन एक सक्रिय तत्व है और इसमें एंटी कैंसर गुण भी होता है, जो कैंसर से लड़ने में मददगार है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन पॉलीफ़ेनोल के रूप में सेहत के लिए कई फायदे देता है। यह एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट है और इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। काली मिर्च में पाया जाने वाला आपकी कई बीमारियों में मदद करता है। पेपराइन एक बायोएक्टिव कंपाउंड है, जो कैप्साइसिन की तरह एक क्षारीय होता है। पेपराइन काली मिर्च में पाया जाने वाला एक सक्रिय घटक है। पेपराइन पाचन में सुधार, मतली और कई अन्य समस्याओं से राहत देने में मदद के लिए जाना जाता है। क्योकि यह भी हल्दी में मौजूद करक्यूमिन की तरह एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर है। बहुत से लोगों के मन में यह सवाल उठ सकता है कि जब यह दोनों ही घटक स्वास्थ्य के लिए इतने प्रभावी हैं, तो इनका अलग-अलग इस्तेमाल करना भी तो फायदेमंद हो सकता है। आपका सोचना बिलकुल सही है, हालांकि, हल्दी और काली मिर्च को अकेले भी इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन इनका कॉम्बीनेशन क्यों बेस्ट इसका जवाब डा. स्वाती बथवाल यहां बता रही हैं।

## धर्म मंत्र

# शालिग्राम की पूजा से घर में मां लक्ष्मी का होता है वास

हिंदू धर्म में शालिग्राम की पूजा का विशेष महत्व होता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु के विग्रह स्वरूप को शालिग्राम कहा जाता है। यह एक काले रंग के गोल चिकने पत्थर के स्वरूप का होता है। मान्यता के मुताबिक देवी तुलसी के साथ शालिग्राम का विवाह हुआ था। वहीं हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों के घर में पूजा स्थान पर शालिग्राम स्थापित होते हैं। कहा जाता है कि जिन लोगों के घर में नियमित तौर पर शालिग्राम की पूजा की जाती है, उस घर पर और परिवार के सदस्यों पर हमेशा भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। बता दें कि शालिग्राम एक प्रकार का जीवाश्म पत्थर है। परमेश्वर के प्रतिनिधि के तौर पर और भगवान विष्णु के आह्वान करने के लिए लिए इसका प्रयोग किया जाता है। मूलरूप से शालिग्राम नेपाल में स्थिति दामोदर कुंड से निकलने वाली गंडकी नदी में काफी पाया जाता है। गंडकी नदी में मिलने के कारण शालिग्राम को गंडकी नंदन भी कहा जाता है। गंडकी नदी में पाए जाने वाले गोल, चिकने और काले रंग के एमोनाइड जीवाश्म को शालिग्राम के रूप में पूजा जाता है। मान्यता के मुताबिक देवी वृंदा के श्राप के कारण भगवान विष्णु को शालिग्राम नाम मिला था। शालिग्राम को सालग्राम के रूप में भी पूजा जाता है। बताया जाता है कि शालिग्राम का संबंध सालग्राम नामक गांव से है। यह गांव नेपाल के गंडकी नदी के पास बसा हुआ है। बता दें कि भगवान शिव के शिवलिंग और शालिग्राम को भगवान के विग्रह का रूप माना जाता है।

## पर्यटन



# रहस्यों से भरा है मध्य प्रदेश का 'असीरगढ़ किला'

मध्य प्रदेश देश की विविधतापूर्ण संस्कृति और धरोहरों को संजोए हुए है। जिसमें से एक है बुरहानपुर जिला, जहां आपको घूमने-फिरने की कई जगहें मिलेंगी। तो आइए चलते हैं ऐसी ही एक जगह असीरगढ़ किले की ओर। इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग के किनारे सतपुड़ा की ऊंची पहाड़ी पर ऐतिहासिक व अभेद्य असीरगढ़ का किला स्थित है। इसका पहला भाग मलयगढ़, दूसरा भाग कमरगढ़ और सबसे ऊपर असीरगढ़ कहलाता है। रहस्यों से भरा यह किला हर किसी को आकर्षित करता है। कहा जाता है कि 1375 ईस्वी से पहले इस किले पर आशा अहीर नामक व्यक्ति पशुपालन किया करता था। इससे उसके पास इतना धन इकट्ठा हो गया कि आसपास के राजा-महाराजा उससे कर्ज लिया करते थे। जब इस बात की खबर खानदेश के सुल्तान नसीर खान फारुकी को लगी तो उसने छल से किले पर अपना अधिकार जमा लिया। इस तरह किला फारुकी राजाओं के अधीन आ गया। 200 साल तक फारुकी वंश ने यहां से शासन किया। वर्ष 1601 में मुगल सम्राट अकबर ने किले को अपने कब्जे में ले लिया और उसके बाद यहां से शुरू हुआ मुगलों का दक्षिण भारत का विजय अभियान। 1731 तक यह किला मुगलों के पास रहा। उसके बाद इस पर निजाम हैदराबाद का अधिकार हो गया। 1800 ईस्वी तक आते-आते इस किले पर मराठों का वर्चस्व हो गया और 1830 के आसपास इस पर सिंधिया परिवार ने अधिकार कर लिया। 1857 तक आते-आते यह अंग्रेजों के हाथ में चला गया। इतिहास इस बात का साक्षी है कि अंग्रेजों ने यहां से पूरे मालवा प्रांत, दक्षिण भारत और महाराष्ट्र जैसे राज्यों पर नियंत्रण किया। 1906 में अंग्रेजों ने इसे खाली कर दिया। तब से इस पर किसी का अधिकार नहीं रहा और वहीं से इस किले की बर्बादी की दास्तान शुरू हो गई। आज भी यह भारत के प्रमुख किलों में गिना जाता है। देशभर के अलावा विदेश से भी पर्यटक इसे निहारने और इसके इतिहास व रहस्यों से रूबरू होने आते हैं।

# बरोलिया में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।कंपोजिट विद्यालय बरोलिया में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावकों को नामांकन के लिए प्रेरित करना था। छात्र-छात्राओं ने 'स्कूल चले हम' और 'बेटा बेटी सभी पढ़ाओ' जैसे नारे लगाए। इसी प्रकार ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा ने कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर से इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के महत्व से जुड़े नारे लगाए। यह रैली गांव का भ्रमण करते हुए ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंची और पुनः विद्यालय लौटकर समाप्त हुई।




# पुरस्कार वितरण समारोह में एआई कार्यशाला रही आकर्षण का केंद्र



फतेहपुर, बाराबंकी। बाबा मैरिज लॉन में आचार्य श्री चंद्र देव इंटर कॉलेज द्वारा पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कार्यशाला रही, जिसमें विशेषज्ञ आकाश ने छात्रों को आधुनिक तकनीक की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मेधावी छात्रों एवं खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रामचंद्र वर्मा ने छात्रों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# नामित सभासदों का किया गया स्वागत, विकास कार्यों पर दिया जोर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जैदपुर, बाराबंकी। नगर पंचायत सभागार में शासन द्वारा नामित सभासद उमाकांत गुप्ता, विवेक मौर्य व रामदीन रावत का चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद दाऊद अंसारी द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों में सहयोग का भरोसा दिलाया।

# शिक्षा के नाम पर शोषण पर निर्णायक चोट डीएम शशांक त्रिपाठी का साहसिक कदम

## वर्षों की पीड़ा, एक निर्णय से राहत , अब कमीशनखोरी की तो खैर नहीं

विकास तिवारी

बाराबंकी। जब प्रशासन संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेता है, तो वह केवल आदेश नहीं होता ,वह व्यवस्था में बदलाव की शुरुआत बन जाता है। जनपद बाराबंकी में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा उठाया गया कदम इसी श्रेणी में आता है। वर्षों से शिक्षा के नाम पर चल रहे सुनियोजित आर्थिक शोषण पर जिस दृढ़ता और स्पष्टता के साथ उन्होंने प्रहार किया है, वह न केवल प्रशंसनीय है बल्कि अनुकरणीय भी है। यह पहल केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि उन लाखों अभिभावकों की पीड़ा को समझने और उसे दूर करने का एक मानवीय प्रयास है, जो अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हर साल आर्थिक बोझ के नीचे दबते चले जा रहे थे। एक छोटे से बच्चे के बैग में किताबों से ज्यादा माता-पिता की चिंता और मजबूरी का भार होता था यह सच्चाई अब किसी से छिपी नहीं थी। निजी विद्यालयों द्वारा वर्षों से तैयार किया गया 'कमीशन तंत्र' एक ऐसे जाल में बदल चुका था, जिसमें अभिभावक फंसकर रह जाते थे। निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने की बाध्यता, महंगी यूनिफॉर्म, अनावश्यक शैक्षणिक सामग्री–इन सबने मिलकर शिक्षा को सेवा नहीं, बल्कि एक महंगे सौदे में तब्दील कर दिया था। एक पिता जब अपनी आय का बड़ा हिस्सा केवल किताबों और फीस में खर्च करता था, तो उसके चेहरे की चिंता और मन की बेबसी समाज के लिए एक गंभीर सवाल बन चुकी थी।



ऐसे समय में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का हस्तक्षेप केवल प्रशासनिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने जिस स्पष्टता के साथ यह आदेश जारी किया कि कोई भी विद्यालय अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा, वह सीधे-सीधे उस जड़ पर प्रहार है जहां से शोषण की शुरुआत होती थी। उनका यह निर्णय पारदर्शिता और जवाबदेही की नई परिभाषा स्थापित करता है। फीस संरचना को सार्वजनिक करने का निर्देश केवल एक नियम नहीं, बल्कि विश्वास बहाली का माध्यम है। यह संदेश साफ है कि अब शिक्षा के क्षेत्र में मनमानी नहीं, बल्कि नियमों का शासन चलेगा। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कदम केवल कागजों तक सीमित नहीं है। विकासखंड स्तर तक निगरानी की व्यवस्था और सख्त कार्रवाई की चेतावनी यह दर्शाती है कि जिलाधिकारी केवल आदेश देने तक सीमित नहीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध हैं। यह प्रशासनिक इच्छाशक्ति का वह रूप है, जो आम जनता को विश्वास दिलाता है कि व्यवस्था बदल सकती है अगर नेतृत्व ईमानदार और दृढ़ हो। आज बाराबंकी का अभिभावक वर्ग राहत की सांस ले रहा है। उनके मन में यह भरोसा जगा है कि अब उनके बच्चों की शिक्षा 'मुनाफ़े का साधन' नहीं, बल्कि 'सामाजिक दायित्व' बनेगी। यह पहल न केवल वर्तमान को राहत देती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और न्यायपूर्ण शैक्षिक वातावरण की नींव रखती है। निस्संदेह, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का यह निर्णय इतिहास के पन्नों में एक ऐसे अध्याय के रूप में दर्ज होगा, जहां प्रशासन ने केवल शासन नहीं किया, बल्कि समाज के दर्द को समझते हुए उसे दूर करने का साहसिक प्रयास किया। यह एक सशक्त संदेश है शिक्षा अधिकार है, व्यापार नहीं; और जो इसे व्यापार बनाने का प्रयास करेगा, उसे अब कानून की सख्त चौखट पर जवाब देना होगा।

# सीबीएसई 10वीं परिणाम 2026: लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल,ब बरेल (बाराबंकी) का शानदार प्रदर्शन, रहा शत-प्रतिशत परिणाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। सीबीएसई द्वारा आज घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल, बरेल ने एक बार फिर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के छात्रों ने न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

विद्यालय के मेधावी छात्रों में अज्जाम अहमद (96.60%), आर्या वर्मा (95%), सचि शुक्ला (94.80%), साहित्य सिंह धीमान (94.40%), अवंतिका पटेल (93.80%), आयुष प्रताप सिंह (93.80%), अमन वर्मा (93.20%), श्रद्धा शर्मा (93%), वैष्णवी यादव (93%), राणा शौर्य प्रताप सिंह (91%), तनिष्का जायसवाल (90.80%) और शाश्वत शुक्ला (90.40%) सहित अनेक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अभूतपूर्व परिणाम पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्या ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की है कि सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को 16 अप्रैल को विद्यालय सभागार में विशेष समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। यह परिणाम न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है, बल्कि विद्यार्थियों की लगन और अनुशासन का भी प्रमाण है।

# कल्याणकारी योजना एमवीयू 1962 से लाभान्वित हो रहे पशुपालक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अखंडनगर/सुलतानपुर। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सेल्हुपारा गांव के पशुपालक चन्द्रशेखर पाण्डेय की गाय पिछले तीन दिनों से बीमार चल रही थी पशुपालक ने हेल्पलाइन नंबर 1962 पर फोन कर सूचना दी । मौके पर पहुंचे एमवीयू के डॉक्टर रोहित कुमार धुरिया ने बीमार पशु का इलाज किया, साथ में एमटीएस देवेन्द्र पाण्डेय और पायलट राजेश कुमार उपस्थित रहे। इलाज के अगले दिन पशुपालक के द्वारा बताया गया कि अब पशु स्वस्थ है तथा पशुपालक ने एम वी यू टीम का आभार व्यक्त किया।

1962 सेवा बनी भरोसे का केंद्र

1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट सेवा अब पशुपालकों के बीच भरोसे का केंद्र बनती जा रही है। एक फोन कॉल पर पशु चिकित्सा टीम का गांव तक पहुंचना इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है। इससे पशुओं के इलाज में देरी नहीं होती और समय पर उपचार मिलने से पशुओं की जान बचाई जा सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार की 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट योजना पशुपालन क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है। यह न केवल पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बना रही है, बल्कि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है। यदि इसी तरह जागरूकता और सेवाओं का विस्तार होता रहा, तो आने वाले समय में यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।



## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कस्बा सूरतगंज में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। दानपुरवा निवासी 60 वर्षीय अशोक पेंटर सुबह करीब 10 बजे घरेलू कार्य से सूरतगंज बाजार आए थे। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के पास उनकी साइकिल में एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अशोक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत बिगड़ने पर उन्हें सीएचसी सूरतगंज रेफर किया गया। वहां डॉक्टर रिजवान शेख ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज उमेश वर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना करने वाली बाइक मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र की बताई जा रही है और मामले की जांच जारी है।

## मदरसा छात्रों का शानदार प्रदर्शन

फतेहपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंजुमन मुस्लिम आना फण्ड फतेहपुर द्वारा संचालित मदरसा आलिया फुरकनिया के छात्रों ने वार्षिक परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंकपत्र वितरण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अली अशहद ने कहा कि यह मदरसा भविष्य में एक मिसाली संस्थान बनेगा। अध्यक्ष मोहम्मद आकिल राजा ने अभिभावक-शिक्षक संवाद को आवश्यक बताते हुए शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि एडवोकेट मोहम्मद असलम एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट अहमद सईद हर्फ़ ने छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नहर किनारे अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में बाबा त्यागी दास कुटी के पास शारदा सहायक नहर की पटरी पर बुधवार दोपहर एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज सोनकर ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि युवती की गला दबाकर हत्या की गई और शव को साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से नहर किनारे फेंक की कोशिश की जा रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## पीपा पांटून पुल तैयार, 16 अप्रैल को होगा ट्रायल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संजय सेतु घाघरा घाट पर 6.28 करोड़ रुपये की लागत से बना पीपा पांटून पुल तैयार हो गया है, जिसका ट्रायल 16 अप्रैल को किया जाएगा। करीब 1200 मीटर लंबे इस दो लेन पुल से छोटे वाहन और एंबुलेंस ही गुजर सकेंगे, जबकि बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। संजय सेतु की मरम्मत के चलते 16 अप्रैल से उस पर यातायात बंद कर दिया जाएगा और छोटे वाहनों का संचालन पीपा पुल से किया जाएगा।

## किंतूर में क्रॉप कटिंग प्रयोग, अधिकारियों ने काटी गेहूं की फसल

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। किंतूर गांव में किसान विजय कुमार के खेत में क्रॉप कटिंग प्रयोग किया गया। उपजिलाधिकारी अनिल सरोज और तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने स्वयं हंसिया लेकर गेहूं की फसल काटी। इस दौरान तय मानकों के अनुसार उत्पादन का आकलन किया गया। सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से पूरे प्रयोग को डिजिटल रूप में दर्ज कर ऑनलाइन अपलोड किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर लालपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में वैभव शुक्ला (24) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## सम्राट को बिहार की कमान , हैदरगढ़ में खुशी की लहर

हैदरगढ़, बाराबंकी - बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव सामने आया है। सम्राट चौधरी को भाजपा कोटे से मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में हैदरगढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष (पिछड़ा वर्ग) बैजनाथ मौर्य ने अपने आवास पर मिठाइयाँ वितरित कर इस ऐतिहासिक पल का जश्न मनाया।

बैजनाथ मौर्य ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से पिछड़े समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है, लेकिन अब उन्हें वास्तविक सम्मान और भागीदारी मिल रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पिछड़े वर्ग का सम्मान और अधिकार यदि कहीं सुरक्षित है, तो वह भारतीय जनता पार्टी में ही है। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और इस निर्णय का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओम प्रकाश चौहान, मदन मिश्रा, प्रदीप रावत, राम रूप सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इस निर्णय को सामाजिक संतुलन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

हैदरगढ़ में मनाया गया यह जश्न न केवल एक राजनीतिक निर्णय की खुशी है, बल्कि यह सामाजिक सम्मान और भागीदारी की नई उम्मीदों का प्रतीक भी बनकर उभरा है।

# समाज कल्याण विभाग एवं आरपीपीजी कॉलेज द्वारा संगोष्ठी का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। समाज कल्याण विभाग एवं राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय ल्डडॉ. आंबेडकर के सामाजिक न्याय एवं शैक्षिक विचारों की समकालीन प्रासंगिकता रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए अपने उद्‌बोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल एक महान विधिवेत्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के प्रखर चिंतक थे। उन्होंने शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को अपना लक्ष्य बनाया और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। वर्तमान समय में उनके विचार युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं और हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में समानता और न्याय की भावना को सुदृढ़ करना चाहिए। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सजग

## जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, 225 शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।राजकीय इंटर कॉलेज में प्रथम बैच के तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य के लिए नियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र और तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जनगणना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों से गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आग्रह किया और कहा कि जनगणना कार्य में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि प्रशिक्षण के दौरान कोई बात समझ न आए, तो उसे प्रशिक्षक से दोबारा स्पष्ट कर लिया जाए। यह प्रशिक्षण जिला जनगणना प्रभारी अजय सिंह भारती की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने बताया कि पहले बैच में 225 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## महाराष्ट्र में पहली बार शूटिंग लीग का आयोजन पुणे 17 से 19 अप्रैल तक करेगा मेजबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में निशानेबाजी खेल को नई दिशा देने की पहल के तहत पहली बार 'शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र' का आयोजन किया जा रहा है। यह लीग 17 से 19 अप्रैल तक पुणे के अमनोरा पार्क स्थित छत्रगुज नर्सेस स्कूल में आयोजित होगी।

महाराष्ट्र राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह लीग देश में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के ढांचे को राज्य स्तर पर लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हाल ही में कर्नाटक में सफल आयोजन के बाद अब महाराष्ट्र इसका अगला चरण बन रहा है। इस लीग का मुख्य उद्देश्य राज्य में प्रतिभाओं को मंच देना, प्रतिस्पर्धा को मजबूत करना और निशानेबाजी खेल को आम दर्शकों तक पहुंचाना है। आयोजन के जरिए खेल की लोकप्रियता बढ़ाने और नए खिलाड़ियों को प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया है।

### 18 टीमें, 144 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

इस पहली लीग में महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों की 18 टीमें भाग लेंगी, जिनमें कुल 144 खिलाड़ी 10 मीटर राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। खास बात यह है कि लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिससे क्षेत्रीय पहचान और प्रतिस्पर्धा का स्तर और मजबूत होगा।

लीग में छोटे और तेज फॉर्मेट के मुकाबले होंगे, जिससे दर्शकों के लिए मुकाबले अधिक रोमांचक और समझने में आसान बनेंगे। ओलंपियन और दिग्गज खिलाड़ी निभाएंगे मेंटर की भूमिका

इस लीग में भारत के कई दिग्गज निशानेबाज और कोच मेंटर के रूप में शामिल होंगे। इनमें राही सरनोबत, अंजली भागवत, सुमा शिरूर, दीपाली देशपांडे, तेजस्विनी सावंत, रुद्रांश पाटिल और कोच रोनक पंडित जैसे नाम शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी युवा प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देंगे।

समान अवसर का संदेश लीग में किसी भी प्रकार का लैंगिक भेदभाव नहीं रखा गया है। इसमें पुरुष और महिला खिलाड़ी एक साथ टीमों में खेलेंगे, जिससे समान अवसर और समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा। खेल के विकास की दिशा में अहम कदम महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों की भागीदारी के साथ यह लीग राज्य में निशानेबाजी के आधार को मजबूत करने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में मददगार साबित होगी। साथ ही, यह आयोजन खेल और दर्शकों के बीच बेहतर जुड़ाव बनाने की दिशा में भी एक अहम पहल माना जा रहा है। शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र का यह पहला संस्करण देश में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के व्यापक विजन को जमीन पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भविष्य में इस खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

## ब्रिटेन की क्रिकेट पत्रिका विजडन के दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनने पर आगरा में खुशी

एजेंसी



आगरा। क्रिकेट जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगरा का नाम रोशन करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एक और उपलब्धि हासिल कर आगरा का गौरव बढ़ाया है। ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पत्रिका ने दीप्ति शर्मा को साल का सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना है।इससे उत्तर प्रदेश के आगरा में खुशी की लहर की है।

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को विजडन अल्मानैक 2026 में प्रतिष्ठित 'लीडिंग वुमन क्रिकेटर इन द वर्ल्ड' (वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर) के रूप में रैंकिंग देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने 2025 आई सी सी महिला वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 विकेट लेने और 215 रन बनाने के लिए यह पुरस्कार जीता। विजडन पत्रिका में दीप्ति का नाम दर्ज होने के बाद आगरा के खेल प्रेमियों और क्रिकेट साधकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके भाई क्रिकेट कोच सुमित शर्मा, दीप्ति के पिता भगवान शर्मा, मां सुशीला शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे आगरा का सम्मान बताया। दीप्ति शर्मा के भाई और क्रिकेट कोच सुमित शर्मा ने बताया कि दीप्ति ने हर स्तर पर काबिलियत साबित की है और विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

विजडन अवार्ड मिलने से परिवार के सभी सदस्यों, परिचितों और मित्रों में बहुत खुशी है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन आगरा के अध्यक्ष सुनील जोशन से बातचीत में उन्होंने बताया कि दीप्ति को विजडन अवार्ड मिलना आगरा क्रिकेट इतिहास में एक गौरवपूर्ण घटना है। इस सम्मान से यहां के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और क्रिकेट में अपना कॅरियर बनाने के लिए एक जोश पैदा होगा। उल्लेखनीय है कि विजडन क्रिकेटर्स अल्मनैक ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित वार्षिक क्रिकेट पत्रिका है। 1864 से हर साल प्रकाशित होने वाली इस पत्रिका की शुरुआत प्रसिद्ध क्रिकेटर जॉन विजडन ने की थी। इस किताब में दिए गए आंकड़े और विश्लेषण क्रिकेट का सटीक और मानक विश्लेषण माना जाता है।

## सचिवालय सुपर लीग में बुल्स और पैंथर ने शानदार प्रदर्शन करके फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

देहरादून। सचिवालय सुपर लीग में आज खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां बुल्स और पैंथर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। अब फाइनल मुकाबले में दोनों टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। पहले सेमीफाइनल में सचिवालय डेंजर का सामना बुल्स से हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डेंजर ने निर्धारित 20 ओवर में 136 रन बनाए। टीम के लिए वीरेंद्र रावत ने 44 और नूर ने 43 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। बुल्स की ओर से धरम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुल्स की टीम ने संयमित बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। नरेंद्र ने 53 रन और महेश ने 32 रन की उपयोगी पारियां खेलीं, जिसकी




बदौलत टीम ने 19वें ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। डेंजर की ओर से फाजिल ने 3 विकेट लिए। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए धरम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में पैंथर और सचिवालय 'ए' के बीच मुकाबला खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर ने 8 विकेट खोकर 198 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए प्रमोद नेगी ने 88 रन और अजीत ने 63 रन की शानदार पारियां खेलीं। सचिवालय 'ए' की ओर से सागर कुमार ने 4 विकेट हासिल किए।

## किरोड़ीमल कॉलेज ने जीता बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

एजेंसी

नई दिल्ली। किरोड़ीमल कॉलेज ने मंगलवार रात दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जो एक्स्ट्रा टाइम तक पहुंचा। अंततः किरोड़ीमल कॉलेज ने मेज़बान खालसा कॉलेज को 79-78 के बेहद करीबी अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

किरोड़ीमल कॉलेज के देव कपूर को फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खालसा कॉलेज के हार्दिक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में साउथ कैंपस की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कालिया, पीएसपीबी के सलाहकार ललित वत्स, डीबीए के महासचिव अशोक रंगीन और डीयूएससी के सहायक निदेशक डॉ. सुशील कुमार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. गुरमोहिंदर सिंह और डीपीई डॉ. इंदरप्रीत कौर की भी उपस्थिति रही। टूर्नामेंट का आयोजन पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और अयूथ वेदा के सहयोग से किया गया था, जबकि इसका सीधा प्रसारण 'इंडियन लाइव स्पोर्ट्स हब' पर किया गया।

## विंबलडन 2028 से पहले ग्रासकोर्ट एटीपी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा इटली

रोम। इटली टेनिस जगत में अपनी मजबूत होती स्थिति को और आगे बढ़ाते हुए 2028 से विंबलडन से पहले एक नया ग्रासकोर्ट एटीपी टूर्नामेंट आयोजित करेगा। इटालियन टेनिस और पैडल महासंघ ने ब्रुसेल्स में अक्टूबर में खेले जाने वाले एटीपी 250 स्तर के टूर्नामेंट के अधिकार खरीद लिए हैं, जिसे अब जून महीने में इटली में आयोजित किया जाएगा।

महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनाघी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि टूर्नामेंट के आयोजन स्थल पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है, लेकिन मौसम को देखते हुए इसे उत्तरी इटली में आयोजित किए जाने की संभावना है।

उन्होंने संकेत दिया कि मिलान का ऐतिहासिक सैन सिरो स्टेडियम भी संभावित स्थल हो सकता है, जहां फुटबॉल मैदान के भीतर ग्रासकोर्ट तैयार किया जा सकता है।

## पीएसजी ने एंफील्ड में लिवरपूल को हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

लिवरपूल। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एंफील्ड में लिवरपूल को 2-0 से हराकर यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ पीएसजी ने दो मैचों के कुल स्कोर में 4-0 से मुकाबला अपने नाम किया। डिफेंडिंग चैंपियन पीएसजी अब लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। अगर वह ऐसा करने में सफल रहता है, तो आधुनिक दौर में रियल मैड्रिड के बाद ऐसा करने वाला दूसरा क्लब बन जाएगा। मैच में बैलन डी'ऑर विजेता उस्मान डेम्बेले ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर लिवरपूल की वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म कर दिया। उनका पहला गोल 72वें मिनट में आया, जब उन्होंने बॉक्स के बाहर से सटीक शॉट लगाकर गेंद को जाल में



पहुंचाया। इसके बाद इंजरी टाइम में उन्होंने दूसरा गोल कर टीम की जीत पक्की कर दी। पीएसजी के कोच लुइस एनरिके ने मैच के बाद कहा,ल्लचैंपियंस लीग खिताब बचाना आसान नहीं होता, लेकिन हम फिर से यहां हैं और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना होगा।॥ इस जीत के साथ पीएसजी का सामना अब सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख या रियल मैड्रिड में से किसी एक टीम से होगा। लिवरपूल ने मुकाबले में वापसी की कोशिश जरूर की। पहले हाफ में वर्जिल वैन डाइक का आसान मौका पीएसजी के कप्तान मार्किन्होस के शानदार बचाव के कारण गोल में नहीं बदल सका। दूसरे हाफ में लिवरपूल को पेनल्टी का मौका भी मिला, जब एलेक्सिस मैक एलिस्टर के खिलाफ फाउल दिया गया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने अपना फैसला बदल दिया, जिससे घरेलू टीम की उम्मीदों को झटका लगा। लिवरपूल के कोच आर्ने स्लॉट ने कहा,ल्लहम निराश हैं, क्योंकि दूसरे हाफ में ऐसा लग रहा था कि अगर हम एक गोल कर देते, तो मैच का रुख बदल सकता था। लेकिन हमारी टीम का भविष्य उज्ज्वल है और हमने दिखाया है कि हम यूरोप के चैंपियन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। पीएसजी ने एक बार फिर साबित किया कि वह इस समय यूरोप की सबसे मजबूत टीमों में से एक है और अब उसकी नजरें लगातार दूसरे खिताब पर टिकी हैं।

## फिडे कैंडिडेट्स 2026: सिंदारोव ने एक राउंड पहले ही जीता खिताब, 50 मैचों की अजेय लय बरकरार

एजेंसी

नई दिल्ली। फिडे कैंडिडेट्स 2026 के ओपन वर्ग में उभरते ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को एक राउंड शेष रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया। राउंड 13 में अनीश गिरी के खिलाफ ड्रॉ खेलते ही उन्होंने टूर्नामेंट में अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस जीत के साथ सिंदारोव ने इस साल होने वाले फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल कर लिया है। खास बात यह रही कि सिंदारोव पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे और उनकी लगातार अजेय मैचों की संख्या 50 तक पहुंच गई। राउंड 13 से पहले सिंदारोव के पास दो अंकों की बढ़त थी। गिरी के लिए यह मुकाबला जीतना जरूरी था, ताकि फाइनल राउंड तक मुकाबला बना रहे, लेकिन ड्रॉ के साथ ही सिंदारोव ने खिताब सुनिश्चित कर लिया।

मुकाबले की शुरुआत गिरी ने 1.द्ध4 चाल से की, जिसका जवाब सिंदारोव ने बेहद मजबूत रणनीति के साथ दिया। 15वीं चाल तक कई मोहरों का आदान-प्रदान हो चुका था और खेल रानी के बिना मिडिलगेम में पहुंच गया, जो सिंदारोव की रणनीति के अनुकूल रहा। गिरी ने डी-फाइल पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन सिंदारोव ने सटीक बचाव करते हुए उनकी सभी योजनाओं को नाकाम कर दिया। बाद में खेल रूक और ऊंट के एंडगेम में पहुंचा, जहां दोनों खिलाड़ियों को कोई बढ़त नहीं मिल सकी और अंततः तीन बार एक जैसी चाल दोहराए जाने के कारण मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अन्य मुकाबलों में हिकारू नाकामुरा ने मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ खेला, वेई यी ने आंद्रेई एसिपेंको को हराया, जबकि आर. प्रज्ञानानंदा और फैबियानो कारुआना के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। सिंदारोव के इस प्रदर्शन ने उन्हें विश्व शतरंज के सबसे बड़े मंच पर पहुंचा दिया है और अब सभी की नजरें उनके और डी. गुकेश के बीच होने वाले खिताबी मुकाबले पर टिकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल 2026: धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख का जुर्माना

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 22 में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला उल्लंघन था, जो न्यूनतम ओवर गति से संबंधित है। इसी कारण रहाणे पर यह जुर्माना लगाया गया। यह मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया, डीजिसमें कोलकाता को 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 160 रन ही बना सकी और लक्ष्य से पीछे रह गई। इस तरह एक ओर जहां कोलकाता को हार झेलनी पड़ी, वहीं धीमी ओवर गति के कारण कप्तान अजिंक्य रहाणे पर जुर्माना भी लगाया गया।

### भारतीय दल अगले हफ्ते जाएगा वॉशिंगटन, ट्रेड डील और नए टैरिफ पर होगी बात

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील पर फिर से बातचीत शुरू हो गई है। नए टैरिफ ढांचे और ट्रेड डील को फाइनल करने के लिए अगले सप्ताह एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका का दौरा करेगा। दोनों देशों के व्यापार अधिकारियों के बीच यह द्विपक्षीय बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के रूपरेखा को अंतिम रूप दे चुके हैं।

दोनों देशों के बीच इस समझौते पर पहले मार्च में हस्ताक्षर होने थे, लेकिन अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद शुल्क संरचना में हुए बदलाव से स्थिति बदल गई है। इस समझौते पर अब अमेरिका की नई वैश्विक शुल्क संरचना लागू होने के बाद ही हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा फरवरी में की थी। उस रूपरेखा के अनुसार अमेरिका ने भारत पर 18 फीसदी तक टैरिफ घटाने पर सहमति जताई थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 फीसदी शुल्क लगाया है। इन बदलावों के मद्देनजर भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों के बीच होने वाली बैठक पिछले महीने स्थगित कर दी गई थी। भारत ने इस समझौते को जब अंतिम रूप दिया था, तब वह अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में था। अब अमेरिका के सभी व्यापारिक साझेदार एक समान 10 फीसदी शुल्क का सामना कर रहे हैं। अगले हफ्ते होने वाली बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका धारा 301 के तहत दो जांच कर रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने 12 मार्च को धारा 301 के तहत जांच शुरू की, जिसमें भारत और चीन सहित 60 अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं।

### आईपीएल 2026 : चेन्नई ने कोलकाता को 32 रन से हराया, गेंदबाजों के दम पर जीता मैच

चेन्नई। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर दमदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को 32 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ चेन्नई ने लगातार दूसरी घरेलू जीत दर्ज की, जबकि केकेआर को इस सीजन में चौथी हार झेलनी पड़ी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। टीम की ओर से संजू सैमसन ने 48 रन की अहम पारी खेली। वहीं आयुष म्हात्रे ने 17 गेंदों में 38 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने भी 41 रन का योगदान दिया। हालांकि, डेथ ओवरों में चेन्नई की रन गति थोड़ी धीमी पड़ गई। 192 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही। फिन एलन जल्दी आउट हो गए, जबकि सुनील नरेन 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन 10वें ओवर के बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड्स के लिए शानदार रहा मार्च का महीना, 40,450 करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण घरेलू शेयर बाजार मार्च के महीने में लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करता रहा। इस महीने विदेशी निवेशकों ने इक्विटी मार्केट में रिकॉर्ड बिकवाली की। मार्च के महीने में इक्विटी म्युचुअल फंड्स में 40,450 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। इसके पहले फरवरी के महीने में इक्विटी म्युचुअल फंड्स में 25,978 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। इस तरह मासिक आधार पर इक्विटी म्युचुअल फंड्स में 14,472 करोड़ रुपये का निवेश बढ़ गया। मार्च के महीने में सबसे अधिक 3,949.93 करोड़ रुपये का फ्रेश इन्वेस्टमेंट फ्लेक्सी कैप कैटेगरी में पराग पारिख फ्लेक्सी कैप फंड को मिला। इस फंड के पोर्टफोलियो में फिलहाल सिर्फ 39 स्टॉक्स हैं। मार्च के महीने में फंड मैनेजर ने पंजाब नेशनल बैंक, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील जैसे 37 बड़े स्टॉक्स को पोर्टफोलियो से बाहर कर दिया। इस महीने किसी भी नए स्टॉक को पोर्टफोलियो में शामिल नहीं किया गया है। पराग पारीख फ्लेक्सी कैप फंड में 62.5 प्रतिशत हिस्सा लार्ज कैप स्टॉक्स का है। लार्ज कैप म्युचुअल फंड्स की बात करें, तो मार्च के महीने में निप्पॉन इंडिया लार्जकैप फंड निवेशकों की पहली पसंद बन रहा। इस फंड में सबसे अधिक 1,043.59 करोड़ रुपये का फ्रेश इन्वेस्टमेंट हुआ। इस फंड के पोर्टफोलियो में 65 स्टॉक्स को शामिल किया गया है। मार्च के महीने में फंड मैनेजर ने हनीवेल ऑटोमेशन, टीएमपीवी और ग्रासिम इंडस्ट्रीज को पोर्टफोलियो से बाहर कर दिया, जबकि श्रीराम फाइनेंस को पोर्टफोलियो में शामिल कर लिया। इसी तरह मिडकैप म्युचुअल फंड्स में एचडीएफसी मिडकैप फंड में सबसे अधिक 1,475.70 करोड रुपये का नया निवेश हुआ।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पश्चिम एशिया के संकट को खत्म करने के लिए ईरान से दोबारा बातचीत शुरू करने का संकेत देने की वजह से दुनिया भर के बाजार की तरह घरेलू शेयर बाजार में भी आज उत्साह बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। इसके बावजूद बाजार लगातार जोरदार मजबूती के साथ कारोबार करता रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.71 प्रतिशत और निफ्टी 1.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंटरग्लोब एवियशन, एचडीएफसी लाइफ, मैक्स हेल्थकेयर, लार्सन एंड टूब्रो और टीसीएस के



शेयर 4.60 प्रतिशत से लेकर 3.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, ओएनजीसी, कोल इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1.38 प्रतिशत से लेकर 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,829 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,639 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 190 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 29 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर सिर्फ एक शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहा था। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 46 शेयर हरे निशान में और चार शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 1,133.53 अंक की मजबूती के साथ 77,981.10 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही यह सूचकांक उछल कर 78,270.42 अंक के स्तर पर आ गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली होने के कारण सेंसेक्स की चाल में गिरावट भी आई। बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक फिसल कर 77,849.52 अंक के स्तर पर पहुंचा। इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर लगाया, जिससे सूचकांक की रफ्तार दोबारा बढ़ने लगी। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 1,313.62 अंक की बढ़त के साथ 78,161.19 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखना डॉक्टरों का यह सामाजिक और नैतिक कर्तव्य : मुर्मु

एजेंसी

नागपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि डॉक्टरों का यह सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है कि वे अपने मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखें।

श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के नागपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के दीक्षांत समारोह में कहा कि चिकित्सा क्षेत्र केवल एक पेशा नहीं है, यह संवेदनशीलता के साथ मानवता की सेवा करने का मार्ग है। एक डॉक्टर न केवल बीमारियों का इलाज करता है, बल्कि बीमार लोगों के मन में उम्मीद भी जगाता है। डॉक्टरों द्वारा दी जाने वाली सहानुभूतिपूर्ण सलाह न केवल रोगी को, बल्कि उनके परिवार को भी शक्ति प्रदान करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर, डॉक्टरों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। फिर भी, ऐसी परिस्थितियों में भी, उन्हें रोगी और उनके परिवार के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखनी चाहिए। रोगियों और उनके परिवारों को भी हमेशा चिकित्सा पेशेवरों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। यह डॉक्टर और रोगी के बीच विश्वास के बंधन को बनाये रखने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य राष्ट्र की प्रगति के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि उनका व्यक्तिगत कल्याण। नागरिकों के स्वस्थ रहने और राष्ट्र निर्माण में अपनी पूरी क्षमता से योगदान देने में सक्षम होने के लिए, केन्द्र सरकार ने पिछले एक दशक में कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देशभर में नये एम्स की स्थापना से न केवल बेहतर चिकित्सा उपचार तक पहुंच बढ़ी है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा के अवसर भी व्यापक हुए हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्थापना के कुछ ही वर्षों के भीतर, एम्स नागपुर ने चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के



अग्रणी केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर ली है। वर्तमान युग स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तीव्र परिवर्तन का समय है। विश्व भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और उन्नत अनुसंधान जैसी नई तकनीकों के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। हमें इन परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं में मौजूद असमानता को दूर करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सभी तक पहुंचे, तकनीकी विकास का लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में डॉक्टरों का उच्च स्थान है। लोग उनका सम्मान करते हैं और उन पर भरोसा करते हैं। वे डॉक्टरों को अपने और अपने प्रियजनों के स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा का दायित्व सौंपते हैं। इसलिए, डॉक्टरों का यह सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है कि वे अपने मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखें। इस कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वाह करके वे अपनी और चिकित्सा के पेशे की प्रतिष्ठा को और बढ़ा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सेवा भाव के साथ-साथ डॉक्टरों में आजीवन सीखने की प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। जिज्ञासा ही प्रगति की नींव है। चिकित्सा विज्ञान में नये समाधान खोजने की ललक न केवल उन्हें असाधारण डॉक्टर बनने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें सेवा के अधिक अवसर भी प्रदान करेगी। उन्होंने युवा डॉक्टरों को नवाचार, अनुसंधान और निरंतर सीखने के उत्साह को आत्मसात करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा इस बात को ध्यान में रखें कि चिकित्सा के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों का सर्वोच्च स्थान है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाये, वह करुणा, ईमानदारी और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण का स्थान कभी नहीं ले सकती। उन्होंने उनसे करुणा की भावना को हमेशा पोषित करने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि चिकित्सा जगत से जुड़े लोग मानवता की सेवा करने का अनूठा अवसर पाकर सौभाग्यशाली हैं। उन्हें इस जिम्मेदारी पर गर्व करना चाहिए और इस दायित्व को संवेदनशीलता से निभाना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्नातक छात्र न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में सफल होंगे।

# एआई केवल तकनीकी नहीं, मानव क्रांति है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) केवल एक तकनीकी क्रांति नहीं बल्कि एक मानव क्रांति है, जिसे अच्छे शासन और समावेशी समाज निर्माण के लिए जिम्मेदारी और दूरदृष्टि के साथ अपनाया जाना चाहिए।

उपराष्ट्रपति भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) के 72वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उहोंने 'सुशासन के लिए एआई' विषय पर 5वां डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्षिक स्मृति व्याख्यान भी दिया। उन्होंने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा के मूल्यों का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि सच्चा शासन सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम होता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया आज एआई के युग में प्रवेश कर चुकी है, जहां मशीनें सीख रही हैं और सिस्टम सोचने लगे हैं। एआई सरकारों को नागरिकों की जरूरतों को बेहतर समझने और सेवाएं अधिक प्रभावी ढंग से प्रदान करने की क्षमता दे रहा है।

उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एआई से शासन अधिक तेज, पारदर्शी और जवाबदेह बन रहा है तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिल रही है। देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश समावेशी शासन के लिए एआई का प्रभावी उपयोग कर रहा है। उन्होंने 'भाषिणी' जैसे एआई आधारित भाषा प्लेटफॉर्म का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे भाषाई बाधाएं दूर हो रही हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि टीबी स्क्रीनिंग, पोर्टेबल एक्स-रे और टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म 'ई-संजीवनी' के माध्यम से दूर-दराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं।

# फ्रांस भारत के सबसे भरोसेमंद और सहयोगी देशों में से एक : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फ्रांस को भारत के सबसे भरोसेमंद तथा सहयोगी मित्र देशों में से एक बताते हुए दोनों देशों के बीच गहरे और अटूट संबंधों पर जोर दिया है।

श्री बिरला ने बुधवार को यहां संसद भवन में फ्रांस की सीनेट के फ्रांस-भारत अंतःसंसदीय मैत्री समूह के साथ मुलाक़ात के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच सौहार्दपूर्ण व्यक्तिगत संबंध ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने तथा मजबूत करने हेतु ऊर्ज़ा प्रदान की है।

राष्ट्रपति मैक्रों के फ़रवरी में भारत दौरे का स्मरण करते हुए, श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि द्विपक्षीय संबंधों को ''स्पेशल ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप'' तक ले जाना दोनों देशों के बीच बढ़ते आपसी विश्वास और सहयोग को दर्शाता है। फ्रांस की पार्लियामेंट में महिलाओं के 36 प्रतिशत से अधिक के सार्थक प्रतिनिधित्व की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत भी शासन में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए लगातार विधिक और संस्थागत प्रयास कर रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि ज़मीनी लेवल पर, खासकर पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत अच्छा रहा है।

श्री बिरला ने शिष्टमंडल को आगे बताया कि नवनिर्मित संसद भवन में पारित हुआ पहला विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम था, जो निर्वाचित विधायी निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान करता है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और सबको साथ लेकर चलने वाले शासन के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पेरिस में 2025 में और नयी दिल्ली में 2026 आयोजित एआई शिखर सम्मेलनों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों देश संसद की कार्यकुशलता, पारदर्शिता और पहुंच बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकियों का बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि एआई और डिजिटल उपकरणों के उपयोग के परिणामस्वरूप नागरिकों और संसद के बीच की दूरी कम हुई है । उन्होंने दोनों देशों की विधायिकाओं के बीच अधिक सहयोग और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का सुझाव दिया ।

# धर्मांतरण पर प्रभावी रोक के लिए राष्ट्रव्यापी कानून जरूरी : विहिप

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने पढ़े-लिखे मुस्लिम युवक-युवतियों के माध्यम से टीसीएस जैसी अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक फैले धर्मांतरण एवं लव जिहाद की लगातार आती खबरों पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी रोक के लिए एक राष्ट्रव्यापी कठोर कानून की मांग की।

विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने बुधवार को एक बयान में कहा कि टीसीएस नासिक में षड्यंत्र के उजागर होने के बाद पूरी दुनिया अचंभित है। उच्च पद पर एक मुसलमान के बैठते ही किस प्रकार वह अधिक संख्या में अपने मुस्लिम सहयोगियों को भर्ती कर लेता है और उसके बाद बीसियों हिंदू लड़के-लड़कियों को अपने षड्यंत्र का शिकार बनाता है। यह अत्यंत गंभीर एवं आश्चर्यजनक है। उनको मुस्लिम तौर-तरीका सिखाना, नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करना, गौ मांस खिलाना और जबरन धर्मांतरण करना घोर आपत्तिजनक है।

उन्होंने कहा कि विहिप बधाई देता है उन सात महिला पुलिसकर्मियों को जिन्होंने टीसीएस में ज्वाइन करके इस षड्यंत्र का पता लगाया और अधिक युवाओं को इस षड्यंत्र का शिकार होने से रोका। डॉ जैन ने कहा कि यह षड्यंत्र टीसीएस तक सीमित नहीं है अपितु, टेक महिंद्रा गोरेगांव और अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भी जिहादी षड्यंत्र का एक व्यापक जाल फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी तक जिम जिहाद, थूक जिहाद, सैलून जिहाद कोरियोग्राफर जिहाद आदि ही सामने आते थे और लगता था कम पढ़े-लिखे लोग ही इस षड्यंत्र में शामिल हैं, लेकिन अलफलाह, केजीएमयू विश्वविद्यालय और उसके बाद इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अंदर काम करने वाले लोगों की इस धर्मांतरण के षड्यंत्र में संलिप्तता बताती है कि जिहादी षड्यंत्र केवल कम पढ़े-लिखे लोगों के दिमाग की ही विकृति नहीं है अपितु, ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों के दिमाग में भी जिहादी कीड़ा उतना ही काम करता है और वे भी सभ्यता के सभी दायरे को तोड़कर जबरन धर्मांतरण करते हैं। डॉ जैन ने कहा कि व्यापारिक जगत का एक और षड्यंत्र सामने आया। मलेशिया स्थित एक कंपनी के मालिक संपूर्ण विश्व के व्यापारिक जगत में इस्लामी आधिपत्य स्थापित करना चाहते हैं। आज संपूर्ण विश्व इसे परेशान है और इससे मुक्ति का उपाय चाहता है। पत्रकार जगत में भी इस प्रकार के षड्यंत्र सामने आ रहे हैं। विहिप ने चेतावनी दी है कि अगर कोई इन विषयों को रोक लगाना चाहता है और जिहादियों से कोई संबंध नहीं रखना चाहता तो अब उसे इस्लामिक फोबिया से त्रस्त नहीं कहा जा सकता। संपूर्ण विश्व का सभ्य समाज इस जिहादी षड्यंत्र से बचने के लिए छटपटा रहा है और इसके लिए उपाय भी कर रहा है। देश में भी जिन राज्यों में सख्त कानून बने हैं और प्रभावी रूप से लागू हो रहे हैं, वहां इन षड्यंत्रों पर रोक लगी है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की मांग है कि देश के सभी राज्यों में अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्त कानून बने। सभी राजनीतिक दल अपने राजनीतिक दायरे से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हितों की चिंता करें। विहिप ने कहा कि टीसीएस षड्यंत्र की जांच एनआईए कर रही है। इससे स्पष्ट है कि अब यह एक राज्य का विषय नहीं है अपितु, एक राष्ट्रव्यापी षड्यंत्र बन चुका है। इसको रोकने के लिए केंद्र सरकार को भी आगे आकर सख्त कदम बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध धर्मांतरण विरोधी राष्ट्रव्यापी कानून बनाना चाहिए और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा देश के समक्ष उपस्थिति इस चुनौती का प्रभावी मुकाबला करना चाहिए।

## एनएचएआई ने फास्टैग डेटा सत्यापन के दिए सख्त निर्देश

**नयी दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल संग्रह प्रणाली को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए सभी फास्टैग जारीकर्ता बैंकों के लिए वाहन पंजीकरण संख्या (वीआरएन) सत्यापन को ज़रूरी किया है। अधिकारिक सूचना में बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि यह निर्णय उन बढ़ती शिकायतों के मद्देनज़र लिया गया है, जिनमें फास्टैग रीडर द्वारा दर्ज वाहन नंबर और वास्तविक नंबर प्लेट में असमानता पाई गई है। एनएचएआई के अनुसार, इस तरह की विसंगतियां न केवल प्रवर्तन तंत्र को कमजोर करती हैं, बल्कि राजस्व के नुकसान का कारण भी बन सकती हैं।यह मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत दंडनीय भी है। एनएचएआई के अनुसार ऐसी कई समस्याएं उन फास्टैग से जुड़ी हैं, जो वाहन डेटाबेस के साथ पूर्ण एकीकरण से पहले के हैं। उस समय सत्यापन प्रक्रिया अपेक्षाकृत कमजोर और अधिकतर मैन्युअल थी। एनएचएआई ने स्पष्ट किया कि आगामी मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग जैसी उन्नत तकनीकी व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फास्टैग और वाहन पंजीकरण संख्या का सटीक मिलान बेहद आवश्यक है। इस नई प्रणाली में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को इलेक्ट्रॉनिक नोटिस जारी करने सहित सभी प्रवर्तन कार्यवाहियां पूरी तरह सत्यापित डेटा पर आधारित होंगी। इसी क्रम में, सभी फास्टैग जारीकर्ता बैंकों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने द्वारा जारी किए गए फास्टैग का तत्काल सत्यापन करें और जिन फास्टैग में गलत या अमान्य वाहन पंजीकरण संख्या पाई जाए, उन्हें निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार ब्लैकलिस्ट करें। एनएचएआई ने कहा है कि वह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करने, फास्टैग के दुरुपयोग को रोकने और यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

## महिला आरक्षण सही, राजनीतिक लाभ की नीति का करेंगे विरोध : खरगे-राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि वह हमेशा महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करती रही है लेकिन सरकार इससे परिसीमन को जोड़कर राजनीतिक लाभ हासिल करने का प्रयास कर रही है जिसका पार्टी विरोध करती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर सरकार के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस इस कानून के पक्ष में है लेकिन सरकार इसको राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर इसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ रही है जिसका उनकी पार्टी विरोध करती है। श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया है। उनका कहना था कि उनकी पार्टी ने 2010 हो या 2023 में जब संविधान संशोधन सर्वसम्मति से पारित हुआ, इसका समर्थन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इस मुद्दे को राजनीतिक साधन के रूप में इस्तेमाल कर रही है। उनका कहना था कि सरकार को संशोधन लागू करना चाहिए, न कि इसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष परिसीमन के मुद्दे पर एकजुट है और सरकार द्वारा लाए गए प्रस्ताव का विरोध करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, बल्कि इसे अस्पष्ट जनगणना और भविष्य के परिसीमन से जोड़ने के प्रयास के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यपालिका ऐसे अधिकार अपने हाथ में लेने की कोशिश कर रही है, जो संस्थाओं और संसद के पास रहने चाहिए। श्री गांधी ने कहा कि महिला आरक्षण पहले ही संसद द्वारा पारित होकर संविधान का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का वर्तमान प्रस्ताव महिलाओं के आरक्षण से जुड़ा नहीं बल्कि यह परिसीमन और चुनावी क्षेत्र निर्धारण के जरिए सत्ता हासिल करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासी समुदायों के अधिकारों में कटौती नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि किसी के साथ भी किसी तरह ल का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने असम और जम्मू-कश्मीर का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि पहले भी परिसीमन प्रक्रिया में हेरफ़ेर और धोखे के प्रयास हुए हैं और इसी कारण विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुट है।

# पेज एक का शेष

## बाहरी हस्तक्षेप से...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार इस जनशक्ति को स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जोड़कर उसे मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स में परिवर्तित कर रही है, जिससे प्रदेश विकास की नई रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है। 'वी' यानी वेलोसिटी को डबल इंजन सरकार की डबल स्पीड का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे समेत बेहतर सड़क नेटवर्क और सुदृढ़ कनेक्टिविटी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए मजबूत आधार तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नौ वर्ष पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, खराब कनेक्टिविटी और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था, जहां सड़क और गड्ढे में अंतर करना तक मुश्किल होता था और निवेशक आने से हिचकते थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज प्रदेश ने एक नई दिशा प्राप्त की है, जहां बेहतर कानून-व्यवस्था और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने विकास की मजबूत नींव रखी है। प्रदेश आज औद्योगिक प्रगति की नई दिशा देते हुए निवेश और उत्पादन के लिए एक आकर्षक केंद्र बन रहा है। प्रदेश में इस समय देश के कुल एक्सप्रेसवे का लगभग 55% हिस्सा मौजूद है। गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन इसी माह प्रधानमंत्री द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इसके बाद एक्सप्रेसवे में यूपी की हिस्सेदारी 60% तक पहुंच जाएगी। राज्य में जिला स्तर तक फोर-लेन व टू-लेन कनेक्टिविटी का जाल बिछाया जा चुका है। साथ ही एयर कनेक्टिविटी में भी ऐतिहासिक सुधार हुआ है,जहां पहले केवल दो एयरपोर्ट सक्रिय थे, वहीं आज 16 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसा विश्वस्तरीय प्रोजेक्ट भी तैयार है। ये एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख निवेश और विकास केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन से लेकर आज तक टाटा की बसों और अन्य भारी वाहनों के माध्यम से लोगों की यात्राओं व आवश्यकताओं की पूर्ति को हर भारतीय ने देखा और महसूस किया है। चाहे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सामान पहुंचाना हो या रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना, टाटा हमेशा भरोसे के साथ खड़ा रहा है। यही कारण है कि टाटा ग्रुप आज देश में अटूट विश्वास का प्रतीक बन चुका है। ्टाटा मतलब ट्रस्ट्ङ्क केवल एक धारणा नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों का अनुभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा और सुविधाओं के बल पर टाटा मोटर्स का लखनऊ प्लांट 34 वर्षों में निरंतर विकसित होकर नई सोच, निवेश और तकनीकी प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण बना है, जहां डीजल से सीएनजी और अब इलेक्ट्रिक व्हीकल व डिफेंस ट्रकों तक का विस्तार भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बदलाव को दर्शाता है। 10 लाखवीं बस, 200 किमी रेंज जैसी आधुनिक तकनीक पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा दे रही है। 5600 से अधिक कार्मिकों के साथ यह संयंत्र रोजगार और स्किल डेवलपमेंट का प्रमुख केंद्र बनकर 'लक्ष्य' प्रोग्राम के तहत युवाओं को अवसर प्रदान कर रहा है। रतन टाटा की परिकल्पना से स्थापित यह प्लांट आज लगभग 6000 परिवारों की आजीविका का आधार बन चुका है और लाखों लोगों को रोजगार से जोड़ चुका है। फ्लैग ऑफ के बाद मुख्यमंत्री ने बुधवार को लांच की गई टाटा मोटर्स की बस में सवारी भी की। उन्होंने पूरे प्लांट का अवलोकन किया और प्रोडक्शन में उपयोग में लाई जा रही विभिन्न तकनीकों को जाना। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, एमडी एवं सीईओ गिरीश वाघ, वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस टाटा मोटर्स विशाल बादशाह उपस्थित रहे।

## श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन...

खुद जायजा ले रहे हैं। अन्य अफसर फ्लैग मार्च कर निगरानी कर रहे हैं। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह और जिलाधिकारी मेधा रूपम ने श्रमिकों एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिया है। औद्योगिक इकाइयां व शैक्षणिक संस्थान खुलने से पहले पुलिस प्रशासन ने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में छह हजार से ज्यादा जवानों को तैनात किया है। इसके अलावा सहारनपुर, आगरा, मुजफ्फरनगर, मथुरा, बुलंदशहर, सिकंदराबाद समेत दस अन्य जिलों के पुलिस बल को स्टैंडबाय रखने के लिए जिलों के पुलिस कप्तानों को फोर्स तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, कुछ दिन पहले नोएडा के विभिन्न कंपनियों के श्रमिकों और कामगारों ने वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया था,लेकिन पिछले दो दिन से आंदोलनकारी उग्र हो गए और औद्योगिक सेक्टरों में की कंपनियों और फैक्टरियों में जमकर उपद्रव किया। इस दौरान करीब 500 औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों ने तोड़फोड़ की और सड़क पर खड़े तमाम वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कार सर्विस सेंटर के बाहर खड़े वाहनों को आग लगा दी थी। इसके बाद औद्योगिक संगठनों ने शासन प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए इकाइयों का संचालन पूरी तरह बंद कर दिया था। श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन और इकाइयों के बंद होने के बाद शासन और प्रशासन स्तर पर स्थिति को नियंत्रित कर सामान्य करने की कवायद शुरू हुई थी। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने श्रमिकों से अपील की कि नोएडा की औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिक अपने काम पर लौट आएं। उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाई और शैक्षणिक संस्थान खुलने के दौरान यदि किसी तत्व ने उपद्रव या हिंसा करने प्रयास किया तो अर्द्धसैनिक बल एवं पुलिस ऐसे तत्वों को तत्काल चिह्नित कर सख्ती से निपटेगी। उन्होंने बताया कि सुबह से ही संवेदनशील क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस जगह-जगह फ्लैग मार्च कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ जगहों पर असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया, जिनके साथ सख्ती से निपटा गया। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्दोषों के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करेगी और दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।

## सीबीएसई ने घोषित किए...

मई से शुरू होने वाला है। छात्र अब आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी मार्कशीट और प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

## ईरान के साथ युद्ध...

नहीं करने जा रहे हैं। श्री वेंस ने हालांकि यह भी जोड़ा कि ईरानी वार्ताकार समझौता करने के इच्छुक दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम जहाँ हैं, उसे लेकर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूँ। श्री ट्रंप ने सुझाव दिया कि सप्ताहांत की चर्चाओं के विफल होने और घेराबंदी लागू होने के बाद, अगले 48 घंटों के भीतर पाकिस्तान में अगले दौर की बातचीत हो सकती है, जो बढ़ते दबाव के बीच एक नए कूटनीतिक प्रयास का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु उर्ज़ा एजेंसी के प्रमुख राफ़ेल ग्रॉसी ने भी जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी के लिए 'बेहद विस्तृत' सत्यापन तंत्र शामिल होना चाहिए। बातचीत के अगले चरण में यह प्रमुख मुद्दा हो सकता है। इस बीच, पूरे क्षेत्र में तनाव और कूटनीति का असर दिख रहा है। इजरायल और लेबनान ने 14 अप्रैल को दशकों में पहली बार अपनी पहली सीधी बातचीत की, जिसमें दोनों पक्ष जुड़ाव जारी रखने पर सहमत हुए। हालांकि इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में युद्धविराम के लिए प्रतिबद्धता नहीं जताई, जो ईरान-अमेरिका गतिरोध से जुड़ा एक और संवेदनशील मुद्दा है।

## इज़रायल-लेबनान...

वे हकदार हैं। यह बैठक दशकों में दोनों देशों के बीच पहली उच्च-स्तरीय बातचीत थी। अमेरिका में इज़रायल के राजदूत येचिएल लेइटर और उनकी लेबनानी समकक्ष नादा हमादेह मोवाद ने उन चर्चाओं में हिस्सा लिया। इज़रायली अधिकारियों के अनुसार यह एक संभावित दीर्घकालिक समाधान की दिशा में एक प्रारंभिक कदम है। इज़रायली अधिकारियों ने दावा किया कि लेबनान सरकार हिज़्बुल्लाह के प्रभाव से बाहर निकलने के लिए तैयार है और दोनों पक्षों ने दीर्घकालिक शांति और स्पष्ट सीमा निर्धारण पर चर्चा की। राजदूत मोवाद ने लेबनान की संप्रभुता, शत्रुता की समाप्ति, विस्थापित निवासियों की वापसी, और संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय संकट से निपटने के लिए ठोस उपायों के महत्व पर ज़ोर दिया। इस बीच हिज़्बुल्ला ने वार्ता को खारिज करते हुए उत्तरी इज़रायल पर रॉकेट हमले किए, जिससे तनाव बना हुआ है। बैठक के दौरान लेबनान की ओर से संप्रभुता, युद्धविराम, विस्थापित लोगों की वापसी और मानवीय संकट के समाधान पर जोर दिया गया। अमेरिका, इज़रायल और लेबनान ने संयुक्त बयान में इस वार्ता को प्रारंभिक चरण बताया और आगे भी बातचीत जारी रखने की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि इज़रायल और लेबनान 1948 से औपचारिक रूप से युद्ध की स्थिति में हैं और हालिया संघर्ष के बाद यह वार्ता नयी पहल के रूप में देखी जा रही है।

## सम्राट चौधरी...

जनता दल (यूनाइटेड) नेता और मंत्री पद की शपथ लेने वाले विजय कुमार चौधरी ने कहा, 'मैं नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट करता हूं। यह उन्हीं के विश्वास का नतीजा है कि मुझे ये जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि भविष्य में श्री कुमार के रास्ते, उनकी नीतियां, उनके तरीके, उनके कार्यक्रम और उनकी कार्यशैली मार्गदर्शक बनेगी। जद यू के श्री चौधरी ने कहा कि अब तक नीतीश कुमार का जो मॉडल था उसमें भाजपा भी थी, इसलिए तुलना जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार के मॉडल में नीतीश कुमार भी हैं, भाजपा और अन्य तीन दल भी हैं।। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जैसा कोई दूसरा नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सोच और उनके काम करने का तरीका अद्भुत है। उन्होंने कहा कि उंनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है और उसी आधार पर प्रदेश आगे बढ़ रहा हैं। नवनियुक्त मंत्री ने कहा की यही बात प्रदेश के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी कहा है कि नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए जो रास्ता, नीतियां तथा कार्यक्रम बनाए हैं, भविष्य में उसी को आगे बढ़ाया जाएगा। श्री मोदी ने अपने बधाई और शुभकामना संदेश में कहा, ''बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सम्राट चौधरी जी को बहुत-बहुत बधाई और ढेरों शुभकामनाएं! उनकी ऊर्ज़ा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके (श्री चौधरी के) कुशल नेतृत्व में जनता-जनार्दन की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए बिहार चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।''

## परिवर्तन की शुरुआत...

की सामूहिक प्रतिबद्धता ''विकसित कर्नाटक और विकसित भारत'' के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इससे पहले दिन में, उन्होंने मांड्या जिले के ऐतिहासिक आदिचुंचनगिरी मठ परिसर में 'श्री गुरु भैरवैक्य मंदिर' का उद्घाटन किया, जो दिवंगत संत श्री बालगांगाधरनाथ स्वामीजी को समर्पित एक नया आध्यात्मिक स्थल है। आदिचुंचनगिरी की धुंध भरी पहाड़ियों के बीच स्थित यह 'गद्दीगे' स्मारक उस विरासत के प्रति श्रद्धांजलि है, जो दशकों से मठ की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के कार्यों के माध्यम से आगे बढ़ाई जा रही है। शैव मत की सदियों पुरानी नाथ परंपरा के तहत निर्मित इस मंदिर को उस गुरु-शिष्य परंपरा के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है जो इस संस्थान की आध्यात्मिक शृंखला को परिभाषित करती है। जैसे ही पहाड़ी परिसर में मंत्रोच्चार गूंजे, बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां एकत्र हुए, जिससे यह उद्घाटन भक्ति, विरासत और जन-भागीदारी के संगम में बदल गया।

# युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत है और युवाओं को ्रनेशन फर्स्टङ्क की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की निर्णायक भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री धामी यहां गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित 'राष्ट्र निर्माण उत्सव' कार्यक्रम में तीन नए रेडियो चैनलों के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि उन्हें जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर बनना होगा। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में युवाओं को फ्यूचर रेडी बनाना आवश्यक है और राज्य सरकार डिमांड बेस्ड स्किल ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दे रही है।

मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और युवाशक्ति को राज्य की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि सरकार स्टार्टअप, कौशल विकास और स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से युवाओं को सशक्त बना रही है। मुख्यमंत्री ने रेडियो की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी बदलावों के बावजूद इसकी विश्वसनीयता और आत्मीयता आज भी बनी हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए रेडियो को पुनः लोकप्रिय बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में राकेश बेदी, मेजर प्राजुक्ता देसाई सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मनी लॉनड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को समन 16 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉनड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को बतौर आरोपित समन जारी किया है। स्पेशल जज सुशांत चंगोट्रा ने रॉबर्ड वाड्रा समेत 11 आरोपितों को 16 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। कोर्ट ने रॉबर्ड वाड्रा के अलावा सत्यानंद याजी, केवल सिंह विर्क, मेसर्स स्काई लाईट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स स्काई लाईट रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स स्काई लाईट रियल अर्थ इस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स आर्टेक्स, मेसर्स नॉर्थ इंडिया आईटी पार्क्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स लंबोदर आर्ड एंटरप्राइजेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स एसजीवाई प्रोपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को समन जारी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 4 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि उसके खिलाफ मनी लॉनड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। रॉबर्ट वाड्रा की ओर से पेश वकील ने कहा था कि ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट को संज्ञान नहीं लेना चाहिए। कोर्ट ने दो अगस्त, 2025 को वाड्रा समेत सभी आरोपितों को समन जारी किया था। 17 जुलाई 2025 को ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ हरियाणा के शिकोहपुर भूमि से जुड़े मनी लॉनड्रिंग के मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें वाड्रा और 10 अन्य लोगों के नाम हैं। उनकी कंपनी मेसर्स स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड का नाम भी शामिल है। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा और उनकी कंपनी की 37.64 करोड़ की 43 संपत्तियों को मनी लॉनड्रिंग के मामले में जब्त किया है।

इस मामले की शुरुआत 2008 में हुई थी। गुरुग्राम के शिकोहपुर में जमीन का सौदा हुआ था। स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी ने साढ़े तीन एकड़ जमीन मात्र साढ़े सात करोड़ रुपये में खरीदी थी। वाड्रा इस कंपनी में डायरेक्टर थे। यह जमीन ओंकारेश्वर प्रोपर्टीज से खरीदी गई थी। इस जमीन का मालिकाना हक सिर्फ 24 घंटे में ही वाड्रा की कंपनी के नाम पर हो गया। स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी ने 2012 में वही जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दी। इससे कंपनी को बहुत ज्यादा मुनाफा हुआ। इस मामले में 2018 में एक एफआईआर दर्ज की गई थी।

## उपराज्यपाल ने एनडीएमसी अध्यक्ष संग प्रगति कार्यों की समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा के साथ एक बैठक की। इस समीक्षा बैठक में राजधानी के प्रमुख कार्यों, नागरिक-केंद्रित सेवाओं में सुधार और वैश्विक मानकों को अपनाने की प्रगति पर चर्चा की गई।

उपराज्यपाल ने एनडीएमसी को एक ऐसी संस्था बताया जो राजधानी के मूल प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है और उसे बेहतर सेवाएं देने का निर्देश दिया।

शहरी स्थानीय निकाय के रूप में जिसे राजधानी के मुख्य भाग का प्रबंधन सौंपा गया है, एनडीएमसी उन सेवाओं को प्रदान करने की जिम्मेदारी लेता है जो न केवल कुशल और नागरिक-केंद्रित हैं बल्कि वैश्विक मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं के मॉडल के रूप में भी अनुकरणीय हैं।

इस बैठक में केंद्रित कार्रवाई के लिए कई प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया। कुशल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की खोज करना, खान मार्केट और कनॉट प्लेस जैसे उच्च पैदल यात्री क्षेत्रों में पैदल यात्री-अनुकूल समाधान विकसित करना, एनडीएमसी निवासियों के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए बिजली दरों को तर्कसंगत बनाने के उपायों की जांच करना और सहयोगात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में वाणिज्य मंडलों, नागरिक समाज और स्वैच्छिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना

उपराज्यपाल ने बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि प्रभावी कचरा प्रबंधन, समय पर सड़क की मरम्मत, धूल शमन और नागरिकों और मीडिया द्वारा उठाए गए मुद्दों के त्वरित समाधान को निरंतर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

उपराज्यपाल ने एनडीएमसी को सलाह दी कि वह रचनात्मक तरीके से फीडबैक के प्रति खुला और उत्तरदायी रहे और जमीनी हकीकत और सेवा वितरण अपेक्षाओं के बीच अंतर को पाटें, जो नागरिक-केंद्रित शासन प्राप्त करने के लिए एक आवश्यक शर्त है।

## स्कूल फीस वृद्धि के खिलाफ महिला कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री आवास का घेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में बुधवार को महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती स्कूल फीस और शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के विरोध में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के यमुना कालोनी स्थित आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान ज्योति रौतेला ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल मनमाने ढंग से फीस बढ़ाकर अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई स्कूल अभिभावकों को तय दुकानों से ही किताबें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिससे कमीशनखोरी को बढ़ावा मिल रहा है।



महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार से फीस नियंत्रण और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की। घेराव के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प भी हुई। ज्योति रौतेला ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो महिला कंग्रेस प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने अभिभावकों से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील भी की।

प्रदर्शन में आशा मनोरमा शर्मा, उर्मिला दढ़ियाल, अंशुल त्यागी, अनीता सकलानी, प्रिया थापा, पायल बहल, देवेंद्र कौर, भावना शर्मा, रश्मि देवरानी, मधु उनियाल, राधिका शर्मा सहित वरिष्ठ कंग्रेस नेता ललित भद्री, वीरेंद्र पंवार, गौरव रावत, प्रियांशु गौड़, शशांक जोशी, सिद्धार्थ जोशी,सोनू तिवारी, माही जेटली, आर्यन सेमवाल,अभिमन्यु नेगी, हेमंत पठारी, समीर, कुमार, सूरज, कुलदीप समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## राज्यपाल के समक्ष 'विधि सहयोगी' एप का प्रस्तुतीकरण, आमजन को मिलेगी सरल कानूनी सहायता

देहरादून । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष बुधवार को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने 'विधि सहयोगी' मोबाइल एप का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया गया कि 'विधि सहयोगी' एक एआई सक्षम मोबाइल एप है, जो आम लोगों को सरल भाषा में कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और विधिक सहायता तक पहुंच आसान बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। एप के माध्यम से उपयोगकर्ता कानूनी विषयों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, अध्ययन सामग्री हासिल कर सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ताओं से संपर्क भी कर सकेंगे। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि भविष्य में इसमें ऑनलाइन परामर्श, केस ट्रैकिंग, दस्तावेज प्रबंधन और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। कुलपति ने बताया कि इस पर कार्य प्रगति पर है।

### रोहिणी की झुग्गियां में आग लगने से तीन की मौत

नई दिल्ली । रोहिणी के बुध विहार में मंगलवार देर रात झुग्गियां में आग लगने से पति-पत्नी और उनकी दो साल की बच्ची की मौत हो गई। दमकल की छह गाड़ियों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के मुताबिक, रोहिणी के बुध विहार इलाके में मंगलवार देर रात 1.25 मिनट पर एक कबाड़ का सामान रखे प्लॉट में बनी झुग्गियां में आग लगने की सूचना दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग को मिली। घटना स्थल पर छह दमकल गाड़ियां भेजी गईं। इस हादसे में पति-पत्नी और उनकी दो साल की बच्ची की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान मुसीबुर (25), मुरार (23) और मोइमोना (2) के रूप में हुई है। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है।

### महा जुटान- में राजस्व अधिकारियों का शक्ति प्रदर्शन अब यह सिर्फ मांग नहीं, अधिकारों की निर्णायक लड़ाई

सुपौल । डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर पटना के गाय घाट में आयोजित ्रमहा जुटानऽ3ङ्क कार्यक्रम में बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों ने एकजुटता और संघर्ष का बड़ा संदेश दिया। बिहार राजस्व सेवा महासंघ ्रबिरसाङ्क एवं ्रबिरसा यूनाइटेडङ्क के संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यभर से 600 से अधिक अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## आईपीयू 25 अप्रैल से आयोजित करेगी अपनी सीईटी परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु अपनी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) 25 अप्रैल से 23 मई तक आयोजित करने जा रही है। आईपीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एसएल भंडारकर के अनुसार, इस अवधि के दौरान प्रत्येक शनिवार और रविवार को सीईटी ओएमआर शीट पर दो पालियों (सुबह और शाम) में आयोजित की जाएंगी। सुबह की पाली 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और शाम की पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। डॉ. भंडारकर ने बताया कि 78 कार्यक्रमों



के लिए कुल 50,531 आवेदक इन सीईटी में शामिल होने जा रहे हैं। पीएचडी को छोड़कर 9 और 10 मई की सीईटी दिल्ली एनसीआर स्थित केंद्रों के अलावा चार बाहरी शहरों- चंडीगढ़, जयपुर, लखनऊ, कोलकाता में भी आयोजित की जाएंगी। डॉ. भंडारकर ने जानकारी दी कि संबंधित सीईटी के आयोजन से लगभग पांच-छह दिन पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है। सीईटी से संबंधित तिथि, सत्र, केंद्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पैरा-मेडिकल कार्यक्रमों के दो सीईटी कोड 119 और 124 के लिए एक ही परीक्षा पत्र होगा। उन्होंने कहा कि सीईटी से संबंधित किसी भी सहायता के लिए आवेदक हेल्पलाइन नंबर- 25302263 और 25302278 पर संपर्क कर सकते हैं और cet@ipu.ac.in और coe2@ipu.ac.in पर मेल भी कर सकते हैं। डॉ. भंडारकर ने सीईटी के सभी आवेदकों से अनुरोध किया कि इस संबंध में आगे के विवरण और अपडेट के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की दोनों वेबसाइट पर देखते रहें।

### आपदा से पीड़ित परिवार के व्यक्ति को 24 घन्टे के अंदर मिलेगा अनुदान राशिः डीएम

सुपौल । डीएम सावन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय एसओपी के अनुरूप सभी संबंधित विभागों— अग्निशमन, पीएचईडी, स्वास्थ्य, पशुपालन, विद्युत विभाग ,नगर निकाय आदि को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष रूप से नगर निकाय क्षेत्रों में कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आमजन में जागरूकता बढ़ाने हेतु होर्डिंग ,बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें तथा विभिन्न स्थानों पर प्याऊ (पेयजल) की समुचित व्यवस्था करें। अग्निशामक को निर्देश दिया गया कि ब्लॉक स्तर पर कोई ऐसा जगह चिन्हित कर लें कि वहां से किसी भी जगह अगर घटना घटित होती है, तो जल्द से जल्द पहुंचा जा सके। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकार को निर्देश दिया गया कि अग्निकांड या किसी भी आपदा से पीड़ित परिवार को को 24 घंटे के भीतर अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पीएचईडी के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी चापकलों की जांच कर लें कि कहीं भी पानी की कमी महसूस नहीं हो ।

### भाजपा महिला मोर्चा रक्सौल ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का किया आयोजन

पूर्वी चंपारण । जिले के सुगौली में महिला मोर्चा संगठन जिला रक्सौल द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिला अध्यक्ष प्रीति खंडेलवाल के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ कौशल्या केसरी,सुगौली की उपमुख्य पार्षद सरिता शर्मा,डॉ प्रियंका,संगीता चित्रांश एवं प्रीति खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस दौरान वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद कहा।जिलाध्यक्ष प्रीति खंडेलवाल ने कहा की यह आधी आबादी को उनका हक़ और सम्मान दिलाने के लिए ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया की भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बीते 10 तारीख से 15 तारीख तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमे हस्ताक्षर अभियान,मानव शृंखला,साइकिल रैली,जगह जगह सम्मेलन,पदयात्रा सहित अन्य कार्यक्रम शामिल है।वहीं संगीता चित्रांश ने कहा की जबसे नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र में आयी तबसे लगातार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक प्रयास किए गए।वही उप मुख्य पार्षद सरिता शर्मा ने कहा की जब महिलाएँ सशक्त होंगी तब मजबूत समाज का निर्माण होगा।उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की प्रशंसा करते हुए मोदी सरकार को धन्यवाद कहा।
कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ता काफ़ी ख़ुश एवं उत्साहित नज़र आईं।इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री एवं प्रभारी रक्सौल संगीता चित्रांश,जिलाध्यक्ष प्रीति खंडेलवाल,करुणा अग्रवाल,संगीता मिश्रा,निक्की मिश्रा,सुप्रिया पोद्दार,विशेष पोद्दार,अनुराधा शर्मा सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका,जीविका दीदी सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सांसद अशोक मित्तल के ठिकानों पर ईडी के छापे की आआपा ने की निंदा

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेताओं ने पंजाब से पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी की बुधवार को निंदा की। आआपा के नेताओं ने बताया कि ईडी ने यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फ़ेमा) के उल्लंघन के मामले में की। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसे आगामी विधानसभा चुनावों से प्रेरित बताया। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसे सरकार की चुनावी रणनीति का हिस्सा बताया। आआपा के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि जहां भी चुनाव होते हैं, सरकार अपनी एजेंसियों का इस्तेमाल करती है। उनका एकमात्र विकल्प चुनाव जीतने के लिए ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग का दुरुपयोग करना है। यह फॉर्मूला पंजाब में काम नहीं करेगा। अशोक मित्तल पर अचानक और बड़ा हमला उसी खेल का एक उदाहरण है, हर कोई मजबूती से एक साथ खड़ा है।

## जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो लोग गंभीर रूप से घायल, चार आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। जिले के किशनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुलापट्टी पंचायत के वार्ड नंबर-02 स्थित तुलापट्टी गांव में मंगलवार को जमीन विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अन्त प्रकाश यादव अपने खेत में कुदाल से आड़ी बना रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के कुछ लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। इस घटना में अन्त प्रकाश यादव और माहेश्वरी यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किशनपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जय प्रकाश यादव और मोनू कुमार यादव ने पहले से साजिश के तहत 10-15 लोगों को बुलाकर जान मारने की नीयत से हमला कराया।

घटना की सूचना मिलते ही किशनपुर थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अन्य आरोपी दीवार फंादकर पास के मक्का खेत में फरार हो गए।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान घटनास्थल से चार मोटरसाइकिल, एक डिजायर कार और एक पिस्टल बरामद कर जब्त कर लिया है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रण में है।

किशनपुर थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार ने बुधवार दोपहर बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### देश में खुलेंगे 50 स्विफ्ट स्कूलों, शिक्षा विभाग के साथ एमओयू

देहरादून । विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में 50 'स्विफ्ट स्कूल' स्थापित किये जायेंगे। इसके लिये शिक्षा विभाग एवं कॉन्वजीनियस फाउण्डेशन के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन हुआ है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063